दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा बुधवार 09 जनवरी 2025 ● वर्ष : 03 अंक : 495




## संक्षिप्त खबरें ।

## गृहमंत्री अमित शाह को 'मुसलमान' बना दिया, ईंट का जवाब पत्थर से दिया!



**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले पोस्टर वार जारी है. एक तरफ जहां भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने केजरीवाल का पोस्टर जारी कर उन्हें चुनावी हिंदू बताया था, वहीं अब आम आदमी पार्टी ने भी एक पोस्टर जारी कर गृह मंत्री अमित शाह को चुनावी मुसलमान बताया है. आम आदमी पार्टी ने जो पोस्टर जारी किया है, उसमें गृह मंत्री अमित शाह की टोपी पहने हुए तस्वीर लगाई गई है और लिखा है– चुनावी मुसलमान.

**गृह मंत्री का नाम लिखा है!:** आम आदमी पार्टी ने फिल्म की तरह इस पोस्टर को रिलीज करते हुए निर्माता और निर्देशक के नाम के साथ गृह मंत्री का नाम लिखा है. और इस इलेक्शन मुस्लिम की रिलीज डेट चुनाव से पहले बताई गई है. वहीं इस पोस्टर में लिखा है कि ₹क्या आपने कभी सोचा है कि चुनाव आते ही बीजेपी को मुसलमानों की इतनी याद क्यों आती है? इस पोस्ट की आखिरी लाइन में रोहिंग्या, बांग्लादेशी, मौलवी, मौलाना, इमाम और वक्फ बोर्ड को फीचर करते हुए लिखा गया है. गौरतलब है कि इससे पहले बीजेपी ने भी केजरीवाल का पोस्टर जारी कर उन्हें चुनावी हिंदू बताया था।

# तिब्बत में कहर बरप रहा भूकंप! फिर महसूस किए गए भूकंप के झटके, अब तक 53 लोगों की हो चुकी है मौत

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नई दिल्ली।** तिब्बत में एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.5 मापी गई है। इससे पहले चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के शिगाजे शहर में मंगलवार को ही 6.8 तीव्रता का भूकंप आया था जिससे कम से कम 53 लोगों की मौत हो गई और 62 अन्य घायल हुए हैं। क्षेत्रीय आपदा राहत मुख्यालय के अनुसार, मंगलवार सुबह नौ बजकर पांच मिनट (चीन के समयानुसार) पर तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के शिगाजे शहर के डिंगरी काउंटी में भूकंप के झटके महसूस किए गए।

**टिंगरी काउंटी के शिजांग में था भूकंप का केंद्र:** सरकारी सामाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' की खबर के अनुसार, 6.8 तीव्रता के भूकंप के कारण 53 लोगों की मौत हो गई और 62 अन्य घायल हो गए। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण (यूएसजीएस) और भारतीय राष्ट्रीय भूकंप केंद्र ने भूकंप की तीव्रता 7.1 बताई और कहा कि इसका केंद्र चीन के टिंगरी काउंटी के शिजांग में था, जो उत्तर–पूर्व नेपाल के खुम्बू हिमालय पर्वतमाला में लोबुत्से से 90 किलोमीटर उत्तर–पूर्व में स्थित है। हालांकि, चीन ने भूकंप की तीव्रता 6.8 दर्ज की। 'शिन्हुआ' के अनुसार, चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई पर आया।

### नेपाल में नुकसान की खबर नहीं

नेपाल पुलिस के प्रवक्ता का कहना है कि अब तक उन्हें किसी बड़े नुकसान या मानवीय क्षति के बारे में कोई सूचना नहीं मिली है। नेपाल पुलिस के प्रवक्ता बिश्वो अधिकारी ने बताया कि भूकंप का केंद्र तिब्बत में होने के कारण उत्तरी नेपाल में रहने वाले लोगों ने अधिक तीव्र झटके महसूस किए। वहीं चीन में भी भूकंप की तीव्रता 7.8 दर्ज की गई। चीनी रिपोर्ट के अनुसार भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई पर आया ।

**नेपाल में भी डोली धरती:** इस बीच, नेपाल के काठमांडू में भी00 आए शक्तिशाली भूकंप के कारण लोग अपने अपने घरों से बाहर निकल आए। भूकंप का असर काभ्रेपलान्चोक, सिंधुपालंचोक, धाडिंग और सोलुखुंबु जिलों में भी महसूस किया गया। काठमांडू में भूकंप से घबराए लोग अपने अपने घरों से बाहर निकल आए। लोगों ने कुछ समय तक सड़कों के किनारे लगे पेड़ों और बिजली के तारों को हिलते हुए देखा। यूएसजीएस रिपोर्ट के अनुसार, सुबह सात बजे के आसपास एक घंटे के भीतर कम से कम छह बार चार से पांच तीव्रता वाले भूकंप के झटके दर्ज किए गए।

## बिहार में इस साल आया था सबसे भयानक भूकंप, महज एक झटके में मर गए थे 10 हजार लोग




**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** बिहार के कई जिलों में आज (मंगलवार, 7 जनवरी) सुबह–सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए. लोग सोकर जगे भी नहीं थे कि बिहार के कई जिलों की धरती हिलने लगी. जानकारी के मुताबिक, राजधानी पटना से लेकर मुजफ्फरपुर तक कई जिलों में धरती हिल गई. सुबह–सुबह झटके लगने से लोग अचानक नींद से जग गए. कई जगहों पर तो लोग डर के मारे अपने घरों के बाहर भी आए. फिलहाल किसी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है. भूकंप का केंद्र नेपाल का गोकर्णेश्वर रहा और तीव्रता 6.38 की बताई जा रही है. सुबह–सुबह आए भूकंप ने 91 साल पुरानी घटना

दरअसल, 91 साल पहले 15 जनवरी 1934 की दोपहर को आए भूकंप से हुए विध्वंस को आज की नई पीढ़ी ने भले ही नहीं देखा, लेकिन उसकी कहानी आज भी जीवित है. इस भूकंप को याद करके लोग आज भी सिहर जाते हैं. इस भूकंप ने करीब 10,000 लोगों को मौत की नींद सुला दिया था. 1934 में आए भूकंप ने मुंगेर और मुज्जफरपुर में सबसे ज्यादा तबाही मचाई थी. कहते हैं कि लोग मकर संक्रांति के अगले दिन कंपकंपा देने वाली ठंड में धूप का आनंद ले रहे थे, तभी अचानक से धरती कांपने लगी. इस भूकंप में अकेले मुंगेर जिले में करीब 438 लोगों की जान चली गई थी।

भूकंप इतनी भयानक थी कि कई जगहों पर जमीन भी फट गई. केंद्र माउंट एवरेस्ट के दक्षिण में लगभग 9.5 किमी पूर्वी नेपाल में स्थित था. मुजफ्फरपुर में भूकंप के कारण धूल मिट्टी से लोगों की सांस फूलने लगी थी. हर तरफ मलबा ही देखने को मिलता था. इस भूकंप का असर आज भी मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, दरभंगा में देखा जा सकता है. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार आज भी पुरानी इमारतें तिरछी हैं. बुजुर्ग आज भी इस भूकंप के किस्से सुनाते वक्त भावुक हो जाते हैं।

## पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने बीपीएससी मुद्दे पर राज्यपाल से की मुलाकात, 12 जनवरी को 'बिहार बंद' की घोषणा

**लोक तंत्र की आवाज़**



**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग प्रिलिम्स परीक्षा रद्द करने की मांग का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है. पूरे प्रदेश में परीक्षा को रद्द करके फिर से परीक्षा कराने की याचिका को लेकर आज यानी मंगलवार (7 जनवरी) सुनवाई होने वाली है. चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली 3 जजों की बेंच इस मामले की सुनवाई करेगी. याचिकाकर्ता ने परीक्षा में कथित गड़बड़ी की जांच सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जज की निगरानी में सीबीआई से करवाने की भी मांग की है।

उधर जमानत मिलने के बाद प्रशांत किशोर सरकार के प्रति और ज्यादा आक्रामक हो गए हैं. उन्होंने सरकार को उखाड़ फेंकने का प्रण लिया है. वहीं पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव भी बीपीएससी अभ्यर्थियों के साथ खड़े हैं. उन्होंने इस मामले में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मुलाकात की है।

पप्पू यादव ने कहा कि राज्यपाल ने उन्हें भरोसा दिया है कि बीपीएससी के मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी. साथ ही पूरे मामले में उन्होंने राज्यपाल को वस्तुस्थिति से अगवत कराया. छात्रों की चिंताओं और परीक्षा की अनियमितता के बारे में बताया. राज्यपाल ने मामले में उचित कार्रवाई करने का भरोसा दिया है।

सांसद पप्पू यादव ने इढरउ अभ्यर्थियों के समर्थन में 12 जनवरी को बिहार बंद बुलाया है. उन्होंने बिहार के सभी दलों से अभ्यर्थियों का साथ देने की अपील की. साथ ही प्रशांत किशोर पर भी जमकर निशाना साधा. उन्होंने पीके पर अभ्यर्थियों का आंदोलन समाप्त करने का आरोप लगाया।

### बिहार के छात्र परेशान हैं: पप्पू

पप्पू यादव ने एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि अगर बीपीएससी अभ्यर्थियों के समर्थन में 12 जनवरी को बिहार बंद का नेतृत्व तेजस्वी यादव करते हैं तो वे उन्हें साथ चलने को तैयार हैं. उन्होंने कहा कि बिहार की छात्र परेशान हैं. बीपीएससी में धांधलियों की शिकायत पहले भी आई है. कई मामलों में पोलिस ने कार्रवाई की है. अब 70 वीं बीपीएससी का पूरा मामला अनियमितता से भरा है. इसके लिए वे तेजस्वी यादव से अपील कर रहे हैं कि वे इसका नेतृत्व करें।

## महाकुंभ की जमीन को मौलाना ने बताया 'वक्फ' की संपत्ति, अब साध्वी ऋतम्भरा ने दिया मुहतोड़ जवाब

**लोक तंत्र की आवाज़**




**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ 2025 की तैयारियां शुरू हो गई हैं। देश के कोने–कोने से साधु संतों का जमावड़ा प्रयागराज पहुंच रहा है। हालांकि, इस बीच ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रज़्वी बरेलवी के बयान से विवाद खड़ा हो गया है। मौलाना ने दावा किया है कि जिस भूमि पर महाकुंभ 2025 की तैयारी की जा रही है वह वक्फ की भूमि है। अब मौलाना के इस बयान पर परम शक्ति पीठ और वात्सल्यग्राम की संस्थापक साध्वी ऋतंभरा ने जवाब दिया है। आइए जानते हैं कि उन्होंने इस मुद्दे पर क्या कहा है।

**मौलाना ने क्या दावा किया?:** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रज़्वी बरेलवी ने दावा करते हुए कहा– ₹जहां कुंभ मेले की तैयारी की जा रही है वह 54 बीघा जमीन वक्फ की है। मुसलमानों ने बड़ा दिल दिखाया और कोई आपत्ति नहीं जताई लेकिन दूसरी ओर, अखाड़ा परिषद और अन्य बाबा मुसलमानों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा रहे हैं। यह संकीर्ण मानसिकता छोड़नी होगी, मुसलमानों की तरह बड़ा दिल दिखाना होगा।

**क्या बोलीं साध्वी ऋतंभरा?:** मौलाना शहाबुद्दीन रज़्वी बरेलवी के बयान पर जवाब देते हुए साध्वी ऋतंभरा ने रविवार को कहा– ₹जिन्होंने देश को धर्म के आधार पर बांटा, वे वक्फ की साजिश से भारत की जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। इस साजिश को रोका जाना चाहिए। महाकुंभ को लेकर राजनीति नहीं की जानी चाहिए, यह धर्म और पुण्य पाने की जगह है।₹ ऋतंभरा ने आगे कहा– ₹वक्फ बोर्ड की सभी संपत्तियों को सरकार को हस्तांतरित किया जाना चाहिए। हर किसी को महाकुंभ में शामिल होना चाहिए। 12 कुंभों के बाद ऐसा 'महापूर्ण' कुंभ आता है। वक्फ की सभी संपत्तियां सरकार की हो जानी चाहिए।

**कब से शुरू है महाकुंभ 2025?:** दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक समागम महाकुंभ उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में साल 13 जनवरी से लेकर 26 फरवरी 2025 तक आयोजित होने जा रहा है। आपको बता दें कि महाकुंभ दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक मेलों में से एक है और हिंदू धर्म के लिए काफी पवित्र माना जाता है।

## खलीफा' एर्दोगन का ख्वाब पूरा नहीं होने देगा इजरायल

**लोक तंत्र की आवाज़**

**तेल अवीव।** इजरायल पिछले एक साल से हमास के साथ युद्ध लड़ रहा है. इसके अलावा वह हिजबुल्लाह, यमन के हूती विद्रोही, और ईरान के खिलाफ भी हमले कर चुका है. अब इजरायल नाटो के सदस्य तुर्की के साथ युद्ध को लेकर तैयारी करने जा रहा है. नागेल कमेटी ने रक्षा बजट और सुरक्षा रणनीति से जुड़ी रिपोर्ट में इजरायल को तुर्की के साथ सीधी टक्कर के लिए तैयार रहने को कहा है. इजरायली सरकार ने इस समिति का गठन किया था. कमेटी ने कहा है कि तुर्की की महत्वाकांक्षा है कि खत्म हो चुके ओटोमन साम्राज्य की ताकत को फिर बहाल किया जाए. तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन की मुस्लिम दुनिया का खलीफा बनने की चाहत इजरायल के साथ तनाव बढ़ा सकती है, जो संभवतः संघर्ष में बदल सकता है।

यरूशलम पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक कहा गया कि सीरिया में मौजूद विद्रोहियों के गुट तुर्की के साथ मिल सकते हैं, जिससे इजरायल की सुरक्षा के लिए एक नया और बड़ा खतरा पैदा हो सकता है. यह गुट क्षेत्रीय अस्थिरता को बढ़ाते हुए तुर्की के प्रॉक्सी के रूप में काम कर सकते हैं. कमेटी का मानना है कि ऐसे में सीरिया इजरायल के लिए ईरान से भी बड़ा खतरा बन जाएगा. कमेटी का मूल्यांकन मिडिल ईस्ट में तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन की बढ़ती मुखर नीतियों के बीच आया है, जिसे इजरायल के खिलाफ माना जाता है।

नागेल कमेटी ने सोमवार को इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू, रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज और वित्त मंत्री बेजालेल स्मोट्रिच को अपनी सिफारिशें पेश की. कमेटी ने सिर्फ खतरों पर ही जोर नहीं दिया बल्कि उनका मुकाबला करने के लिए व्यापक रणनीति का खाका दिया. समिति ने रक्षा बजट को अगले पांच वर्षों में हर साल 15 अरब शेकेल (4.13 अरब डॉलर) तक बढ़ाने का सुझाव दिया है, ताकि इजरायली सेना (IDF) को तुर्की और अन्य क्षेत्रीय खतरों का सामना करने के लिए तैयार किया जा सके।

### तुर्की के साथ बड़े युद्ध की तैयारी



### इजरायल कमेटी की ये है सिफारिशें

कमेटी ने लंबी दूरी की स्ट्राइक क्षमता मजबूत करने के लिए अतिरिक्त I–15 लड़ाकू विमान, हवा में ईंधन भरने वाले एयरक्राफ्ट, ड्रोन और सैटेलाइट की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया गया है। कमेटी के मुताबिक इजरायल को डेविड्स स्लिंग, एरो सिस्टम्स और नए आयरन बीम लेजर–आधारित रक्षा प्रणाली की क्षमता को बढ़ाना चाहिए। कमेटी ने जॉर्डन घाटी के साथ एक मजबूत सुरक्षा बैरियर बनाने की सिफारिश की है, जो इजरायल की रक्षा रणनीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव होगा. हालांकि इससे जॉर्डन के साथ कूटनीतिक समस्याएं आ सकती हैं।

## कांग्रेस बोली-मुख्यमंत्री को मौलाना नाम से दिक्कत, बीजेपी ने बताया गुलामी का प्रतीक

### नाम बदलने पर सियासत

**लोक तंत्र की आवाज़**



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में तीन गांवों के नाम बदलने पर सियासत शुरू हो गई है। मामले को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर हमला बोला है तो वहीं दूसरी तरफ बीजेपी ने भी कांग्रेस पर पलटवार किया है। सीएम मोहन द्वारा गावों के नाम बदलने के बाद कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने कहा मुख्यमंत्री को सोच समझ कर बोलना चाहिए।

मौलाना से तकलीफ है सीएम को अंबेडकर से भी तकलीफ है सीएम को, मौलाना से इसलिए तकलीफ है क्योंकि आजादी की लड़ाई मौलानाओं ने लड़ी और इनके संगठन के लोगों ने आजादी की लड़ाई में कोई भूमिका नहीं निभाई, इसलिए इन्हें मौलानाओं से तकलीफ है। आरएसएस पर नकेल कसने का काम मौलानाओं ने किया, अंबेडकर ने किया है इसलिए भी इन्हें मौलानाओं से तकलीफ है। मौलाना के नाम पर दिक्कत है तो फिर इनका विजन समझा जा सकता है इनका विजन क्या होगा।

**कुछ भी अच्छा होता है तो कांग्रेस को तकलीफ होती है– अग्रवाल:** इसपर भाजपा की ओर से भी पलटवार किया गया है। बीजेपी प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कहा कि, सरकार जन भावना के अनुरूप ही फैसला लेती है। जो नाम गुलामियों के प्रतीक है, उन्हें बदला ही जाना चाहिए। कुछ भी अच्छा होता है तो कांग्रेस को जरूर तकलीफ होती है।

## ट्रंप ने लगाए गंभीर आरोप, बोले 'सत्ता हस्तांतरण को मुश्किल बनाने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं बाइडेन'

**लोक तंत्र की आवाज़**



**वाशिंगटन।** अमेरिका के नव–निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आरोप लगाया है कि जो बाइडेन सत्ता हस्तांतरण को मुश्किल बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने अंतिम सप्ताहों में जलवायु और अन्य आधिकारिक मसलों पर बाइडेन के हालिया कार्यकारी आदेशों का हवाला दिया है। ट्रंप, 20 जनवरी को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे और अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' में बाइडेन की जगह लेंगे।

**ट्रंप ने क्या कहा?:** ट्रंप ने खुद के सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर पोस्ट कर कहा, ''बाइडेन सत्ता हस्तांतरण को मुश्किल बनाने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं। इसके लिए इस तरह के फैसले लिए जा रहे हैं जो पहले कभी नहीं देखे गए। 'ग्रीन न्यू स्कैम', धन की बर्बादी के फैसले और हास्यास्पद कार्यकारी आदेश इसके उदाहरण हैं।''

ट्रंप ने कहा, ''डरो मत, ये सभी आदेश जल्द ही समाप्त हो जाएंगे, और हम सामान्य समझ तथा ताकत वाला देश बन जाएंगे।'' कांग्रेस (अमेरिकी संसद) द्वारा ट्रंप की जीत की पुष्टि किए जाने से कुछ पहले और बाइडेन के अमेरिका के अधिकांश तटरेखा पर तेल तथा प्राकृतिक गैस के लिए खुदाई पर प्रतिबंध लगाने के आदेश के बाद उनका यह बयान आया है। (भाषा) जल्द ही समाप्त हो जाएंगे, और हम सामान्य समझ तथा ताकत वाला देश बन जाएंगे।'' कांग्रेस (अमेरिकी संसद) द्वारा ट्रंप की जीत की पुष्टि किए जाने से कुछ पहले और बाइडेन के अमेरिका के अधिकांश तटरेखा पर तेल तथा प्राकृतिक गैस के लिए खुदाई पर प्रतिबंध लगाने के आदेश के बाद उनका यह बयान आया है।

## अब विदेश में बैठे अपराधियों की खैर नही, गृह मंत्री शाह ने लॉन्च किया 'भारतपोल', जानें कैसे करेगा काम

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नई दिल्ली।** विदेश में छिपे वांटेड अपराधियों को दबोचने के लिए भारत सरकार 'भारतपोल' लेकर आई है। केंद्रीय ग्रह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को सुबह 10.30 बजे भारत मंडपम में भारतपोल का उद्घघाटन कर दिया है। बता दें कि दुनियाभर में प्रसिद्ध इंटरपोल की तर्ज पर सीबीआई ने भारतपोल नाम से एक कॉमन पोर्टल तैयार किया है। इस पोर्टल में सभी केंद्रीय जांच एजेंसियां जैसे सीबीआई, ईडी, एनआईए और सभी राज्यों की पुलिस शामिल होंगी। आइए जानते हैं कि भारतपोल क्या काम करेगा।

**क्या होगा भारतपोल का फायदा?:** भारतपोल पोर्टल की मदद से किसी भी तरह की आतंकवादी वारदात, संगीन क्राइम, नार्को, साइबरक्राइम में वांटेड अपराधी तक पहुचना और आसान हो जाएगा। भारतपोल के माध्यम से सभी केंद्रीय एजेंसियां और विभिन्न राज्यों की पुलिस आपस मे डायरेक्ट कनेक्ट होगी और उनके बीच में अच्छा कोर्डिनेशन हो पाएगा। आम तौर पर वांटेड अपराधी किसी भी तरह का अपराध मसलन आतंकवादी गतिविधि, साइबर क्राइम, बैंक फ्रॉड जैसे क्राइम करके देश छोड़कर विदेश भाग जाते है और विदेश से बैठकर भारत में क्राइम करवाते हैं। इसके ताजा उदाहरण गैंगवार हैं। बड़े–बड़े गैंगस्टर जैसे गोल्डी बराड़, रोहित गोदारा कभी कनाडा तो कभी अमेरिका से भारत मे गैंगवार करवाते हैं। खालिस्तानी भी भारत मे क्राइम करवाते हैं। अभी तक अगर किसी भी एजेंसी को किसी वांटेड अपराधी को वापस लाना होता है तो प्रत्यपर्ण के लिए वो एजेंसी सीबीआई को मेल या चिट्ठी के जरिए संपर्क करती है ऐसे में खबर लीक होने का खतरा बना रहता है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि आज का दिन ऐतिहासिक है। सीबीआई द्वारा विकसित भारतपोल पोर्टल को लॉन्च किया गया है। गृह मंत्री ने कहा है कि भारतपोल सभी के लिए सुरक्षित भारत बनाने के मोदी सरकार के दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए हमारी जांच एजेंसियों की वैश्विक पहुंच को बढ़ाकर उन्हें नई धार देगा।

## संक्षिप्त खबरें ।

### सिरदला: प्रखंड में चौथे दिन ठंड से ठिठुर रहे लोग, अलाव की व्यवस्था नहीं



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला**
सिरदला प्रखंड में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे ने लोगों को जीवन कठिन बना दिया है। ठंड से बचने के लिए लोग इधर–उधर से कचरा बटोर कर अलाव जलाकर सहारा ले रहे हैं। लेकिन चार दिनों से लगातार बढ़ रही कड़ाके की ठंड ने लोगों को बेहाल कर दिया है। लगातार तापमान में गिरावट आ रही है। घने कोहरे के कारण वाहनों की रफ्तार पर लगाम लग गई है। ठंड के कारण लोग अपने घरों में डूबते हुए हैं। ठंड के कारण स्कूलों में उपस्थित कम हो रही है। और बाजारों में रौनक गायब है। पालतू मवेशियों को ठंड से बचने के लिए लोग उपाय कर रहे हैं। घने कोहरे के बीच पूरा दिन गुजर जा रहा है। सूरज के दर्शन के लिए लोग तरस रहे हैं। फिलहाल अभी तक सिरदला प्रखंड में अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है।सिरदला प्रखंड के लोग भारत कुमार, विशाल कुमार, रणधीर कुमार, संदीप कुमार, अंकित रंजन, देवनाथ ठाकुर, लालो चौधरी, ओकील महतो। दिनेश प्रसाद, कुंज बिहारी चौधरी सहित दर्जनों लोगों ने प्रशासन से चौक चौराहों पर अलाव जलाने की मांग की है।

### नगर प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष सहित दर्जनों लोगों ने सुचिता रंजनी प्रमुख से मिलकर दिया बधाई



**गया।** नगर प्रखंड प्रमुख पद पर पुन:सुचिता रंजनी को निर्विरोध निर्वाचित होने पर सुचिता रंजनी को नगर प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष उदय पासवान सहित प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों लोगों ने मिलकर एवं बुके देकर बधाई दिया है।पंचायत के विभिन्न समस्याओं के बारे में अवगत कराया है।प्रमुख सुचिता रंजनी ने मुखिया संघ अध्यक्ष सह चुरी पंचायत मुखिया उदय पासवान को प्राथमिकता के साथ विकास कार्यों को कराने का आश्वाशन दिया है। एवं प्रखंड स्तर पर सभी विभागों को जनहित में सुचारू रूप से कार्य करने का भरोसा दिलाया है। बधाई देने बालों में अरुण यादव, विकास कुमार,युगल यादव,सुबोध यादव,अशोक यादव पंचायत समिति सदस्य सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### नवादा : 24 घंटे के अंदर 49 फरार अपरधियों की हुई गिरफ्तारी: एसपी



**धर्म जीत सिन्हा की रिपोर्ट**
**नवादा।** ुलिस अधीक्षक, नवादा अभिनव धीमान ने बताया कि 06 जनवरी 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, मद्य निषेध में 02 एवं अन्य गिरफ्तारी 47 कुल 49 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 50 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या 22 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या 06 है। वाहन जॉच के क्रम में कुल 568 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 75 हजार 500 रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत तसला 01, चुलाई मशीन 01, भट्‌टी विनष्ट 02, महुआ घोल विनष्ट 1800 एवं अपहृता 01 बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

# नवादा के कादिरगंज, आंती और पौरा पंचायत के हजारों बुजुर्गों के बीच मॉडर्न समूह के द्वारा बांटा गया कंबल

लोक तंत्र की आवाज

**सुनील कुमार**
**नवादा ।** लक्ष्य एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट नवादा के द्वारा संचालित त्रिवेणी कॉलेज आफ एडुकेशन एवं मॉडर्न कॉलेज आफ एडुकेशन के तत्वाधान में मॉडर्न समूह के अध्यक्ष, समाजसेवी , शिक्षाविद् डॉ. अनुज सिंह ने लगभग 2000 जरूरतमंद, आर्थिक रूप से कमजोर,असहाय वृद्ध जनों एवं महिलाओं के बीच कादरगंज के निकट घोसतावां सूर्य मंदिर के परिसर में कंबल वितरण का कार्य किया गया। यह संस्था विद्यार्थियों को डी. एल.एड ,बी.एड.,एम.एड., प्रशिक्षण के साथ समाज सेवा का भी कार्य करती है। इस समय हांड़ कंपा देने वाली सर्दी का भीषण प्रकोप अपने चरम पर है।इस कारण ठिठुरते गरीब बुजुर्गों और बेसहारा महिलाओं को अपनी जान बचाना मुश्किल हो गया है। ऐसी परिस्थिति में भीषण ठंड से उनकी सुरक्षा करने की पवित्र भावना से प्रेरित मॉडर्न समूह के अध्यक्ष, समाजसेवी, शिक्षाविद डॉ. अनुज सिंह ने नवादा जिले के कादिरगंज के पास घोसतामा सूर्य मंदिर के प्रांगण में पौरा ,कादिरगंज,लोहरपुरा,आंती पंचायत के साथ-साथ रोह प्रखंड के विभिन्न गांवों के ग्रामीणों के बीच कंबल वितरण का कार्य कर ठंड से बचने का आधार प्रदान किया।इस अवसर पर



मॉडर्न समूह के निदेशक ने कहा कि धन का सबसे बड़ा सदुपयोग सुपात्र को दान देना है। इस भीषण ठंड में यदि हमारे प्रयास से किसी गरीब की जीवनरक्षा होती है, तो यह हमारे लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है। हमें यथाशक्ति जरूरतमंद की सहायता अवश्य करनी चाहिए। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि ठंड के मौसम में गरीबों, वृद्धजनों व दिव्यांगों विधवाओं को कंबल वितरित कर काफी सुकून मिलता है। सर्द भरी ठंड में गरीबों व असहायों को रात में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। गरीबों व असहायों को कम्बल देकर ठंड में राहत देने का काम किया गया है। इसके लिए एक जनवरी से अलग-अलग स्थानों पर जाकर कंबल देने का कार्य किया गया है। इस गलन भरी ठंड में गरीबों व असहायों की सेवा करने के लिए सभी को आगे आना चाहिए।मॉडर्न ग्रुप के द्वारा लगातार जरूरतमंदों के बीच पहुंच कर ठंड से बचाव के लिए पिछले 15 वर्षों से लगातार निःस्वार्थ भाव से कंबल वितरण का कार्य किया जा रहा । मंगलवार के दिन पौरा, घोसतामा, हरला, मंगुरा,खपुराही, कादिरगंज ,आंती, सोनूबीघा, लोहरपुरा, अषाढ़ी, पटवा सराय सहित रोह प्रखंड केदर्जनों गांव के लाभार्थियों के बच कंबल वितरण का कार्य किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान कादिरगंज पंचायत के सरपंच भरत प्रसाद गुप्ता एवं पूर्व पंचायत समिति सदस्य रंजीत प्रसाद, आंती पंचायत के मुखिया जितेंद्र कुमार एवं पंचायत समिति सदस्य विजय नोनिया, लोहरपुरा पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्य डॉ रविंद्र प्रसाद, विपिन कुमार, दिलीप कुमार अरुण कुमार,सोनू कुमार,अनिरुद्ध कुमार, ईश कुमार, पचिढा पंचायत के पूर्व मुखिया महेश कुमार ,संजय कुमार, मनोज कुमार उपस्थित रहे।इस कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में सहयोग हेतु उपस्थित कादिरगंज पंचायत के सरपंच भरत प्रसाद गुप्ता ने मॉडर्न ग्रुप के इस कार्य को अत्यंत सराहनीय एवं परोपकार का अद्भुत कार्य बताते हुए इसे समाज के सक्षम एवं संपन्न वर्ग के लिए अनुकरणीय बताया।भयंकर ठंड में कंबल प्राप्त करके सभी लाभार्थियों ने पूरे मॉडर्न परिवार को आशीर्वाद देकर अपनी प्रसन्नता जाहिर की।

## ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने किया एक से बढ़कर एक मॉडल तैयार



लोक तंत्र की आवाज

**सुनील कुमार**
**नवादा ।** जिले के हिसुआ अंदर बाजार स्थित ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के छात्र -छात्राओं ने एक से बढ़कर एक मॉडल तैयार के स्मार्ट सिटी और गांव को स्वच्छ रखने का दिया संदेश। इस प्रदर्शनी में स्कूल के 100 से अधिक छात्र -छात्राओं ने भाग लिया. जिसमें कक्षा 06 से 10 के विद्यार्थी आशिया प्रवीण ,सोनम कुमारी ,रिया भारती ,रिया गुप्ता ,साक्षी कुमारी ,आयुषी राज ,माही राज ,ज्योति कुमारी ,लक्की कुमारी , नाजिस परवेज ,रितिक प्रजापति ,गुड्डू कुमार ,सामर्थ कुमार आदि ने अपने -अपने मॉडल्स प्रदर्शित करते हुए अपनी प्रतिभा को साबित कर सभी को प्रभावित किया। विद्यार्थियों के कई मॉडल आकर्षण का केन्द्र बने रहे।

**विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने स्मार्ट गांव बनाने का दिया संदेश :** विद्यालय के निदेशक प्रो॰ सुदेश लाल ने बताया कि बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने और उनका विज्ञान के प्रति आकर्षण बढ़ाने के लिए ऐसा कार्यक्रम जरूरी है। उनको वैज्ञानिक गतिविधियों में प्रतिभाग कराया जाए। छात्र-छात्राओं ने आवर्तसारिणी के गुण, मॉडर्न सिटी ,पॉल्यूशन ,इलेक्ट्रिसिटी जेनरेटर ,वोल्केनो ,विद्युत चुम्बकीय प्रेरण, कार्बन के अपररूप, खाद्य श्रृंखला, बोहर मॉडल, ऊर्जा संरक्षण, रोबोट जेसीबी आदि विभिन्न प्रकार के मॉडल प्रदर्शित किए। ज्ञान गंगा स्कूल में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में एक और जहां कक्षा नवमी और दशवीं के बच्चों ने साइंस डेवलपमेंट पर मॉडल प्रस्तुत किया, वहीं छोटे छोटे बच्चों ने स्मार्ट गांव का मॉडल बनाया, जो काफी आकर्षण का केंद्र रहा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुधीर कुमार ने कहा सरकार स्मार्ट सिटी के अलावा स्मार्ट गांव बनाने की बात करती है। बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शनी के जरिए गांव को स्मार्ट बनाने का संदेश दिया।विज्ञान प्रदर्शनी बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने का काम करता है। उनका विज्ञान के प्रति आकर्षण बढ़ाने के लिए ऐसा कार्यक्रम जरूरी है। उनको वैज्ञानिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए जागरूक करें। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक जितेंद्र कुमार ,अशोक कुमार ,डॉली कुमारी ,वंदना कुमारी ,चिंटू कुमार ,राहुल कुमार मुकेश कुमार श्रीवास्तव ,श्रवण प्रसाद आदि उल्लेखनीय भूमिका निभायी।

## कड़ाके का ठंड में अलाव बना सहारा, हिसुआ में शीतलहर का प्रकोप जारी

लोक तंत्र की आवाज

**हिसुआ(नवादा)।** भीषण सर्दी में गरीब से लेकर हर तबके की लोगों के लिए अलाव सहरा बन रहा है। भीषण ठंड और कपकपाती सर्दी में हर व्यक्ति परेशान है। गरीब बस्तियों से लेकर शहर तक लोगों का अलाव सहारा बन रहा है। गांव में जहां लोग पत्ते, उपले, लकडिय़ां आदि जलाकर ठंड से निजात पाने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं शहर बाजार में कूट, कागज, टायर, लकड़ी आदि जलाकर ठंड से बचने की कोशिश कर रहे हैं। गुरुवार की भी शीतलहर का प्रकोप बना रहा, अधिकांश लोग अपने घरों में ही दुबके रहे। बहुत ही जरुरी कामकाज के लिए लोग निकले, उन्हें अगर कहीं आग जलती दिखायी दी तो कुछ छण के लिए वहां हाथ सेंकते दिखायी दिये। वहीं गरीब बस्तियों में सबसे ज्यादा परेशानी मजदूर तबके लोगों को है। उन्हें घर में दो वक्त का चूल्हा जलाने के लिए मजदूरी करने निकलना पड़ता है। उनके लिए ठंड सितम बन रही है। गरीब बस्तियों में महिला, पुरुष, बच्चे अलाव जलाकर ठंड से निजात पाने की कोशिश रहे हैं। सडक़ चलते राहगीर हो या वाहन पर चढने के लिए सडक़ पर खड़े यात्री सभी अलाव जलते देख वहां पहुंचकर ठंड से निजात पा रहे हैं। हिसुआ नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत प्रोफेसर कॉलोनी में कूड़ा-कचरा व आसपास की पन्नी बीनकर आग जलाकर भीषण सर्दी से बचाव कर रहे है, नगर परिषद की ओर से कोई व्यवस्था नहीं की गई है। जबकि पास में ही सरकारी अस्पताल है। उसके बावजूद भी वहां अलाव जलाने के लिए प्रशासन की ओर से कोई व्यवस्था नहीं है। हाड़ कपाऊ सर्दी के चलते लकड़ी व कोयले के दाम भी बढ़ गये है।

## गया : गुरु गोविंद सिंह के अद्वितीय साहस, बलिदान एवं समाज के प्रति उनके योगदान को याद किया गया

लोकतंत्र की आवाज़

**गया।** गुरु गोविंद सिंह, सिख धर्म के दसवें गुरु, न केवल एक धार्मिक नेता थे, बल्कि एक वीर योद्धा, महान कवि और समाज सुधारक भी थे। उनकी जयंती पर राष्ट्री मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने उनके अद्वितीय साहस, बलिदान और समाज के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी की वीरता आज भी प्रेरणा का स्रोत है। आज उनके जयंती पर गया गुरुद्वारा मे जाकर माथा टेककर नमन किया आज उनके जयंती पर नमन करते हुए कहागुरु गोविंद सिंह का जन्म 22 दिसंबर 1666 को पटना साहिब में हुआ था। उन्होंने बचपन से ही धर्म और न्याय के लिए लड़ने का साहस दिखाया है। 1699 में, बैसाखी के दिन उन्होंने खालसा पंथ की



स्थापना की, जो मानवता की सेवा और न्याय के लिए लड़ने का प्रतीक बना। उन्होंने पांच प्यारों को दीक्षा देकर यह संदेश दिया कि हर इंसान समान है और सभी को अन्याय के खिलाफ खड़ा होना चाहिए।उनकी वीरता का सबसे बड़ा उदाहरण उनके द्वारा मुगलों के अत्याचार के खिलाफ लड़ी गई लड़ाई है। चमकौर की लड़ाई में गुरु गोविंद सिंह ने अपने 40 सैनिकों के साथ मुगलों की विशाल सेना का सामना किया है। यह लड़ाई न केवल उनकी रणनीतिक क्षमता का प्रतीक है।बल्कि यह उनके साहस और बलिदान का उदाहरण भी है। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा गुरु गोविंद सिंह ने अपने चार पुत्रों का बलिदान धर्म और न्याय के लिए दिया है। उनके बड़े पुत्रों अजीत सिंह और जुझार सिंह ने चमकौर की लड़ाई में वीरगति प्राप्त की, जबकि छोटे पुत्रों जोरावर सिंह और फतेह सिंह को सरहिंद में जिंदा दीवार में चुनवा दिया गया है। उनके इस बलिदान ने धर्म और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए दुनिया को प्रेरित किया है। गुरु गोविंद सिंह जी का जीवन हमें सिखाता है कि जीवन में धर्म और मानवता की रक्षा के लिए कोई भी बलिदान छोटा नहीं होता। उनके द्वारा रचित ₹चंडी दी वार₹ और ₹जफरनामा₹ उनके साहित्यिक योगदान के अद्वितीय उदाहरण हैं, जो प्रेरणा और साहस का संदेश देते हैं।गुरु गोविंद सिंह जी ने न केवल सिख धर्म को एक नई दिशा दी, बल्कि समाज में समानता, भाईचारे और मानवाधिकारों के महत्व को स्थापित किया है। उनकी जयंती पर हम सभी को उनके आदर्शों का पालन करते हुए समाज के कल्याण के लिए कार्य करने का संकल्प लेना चाहिए।आज उनके जयंती पर नमन करने वालों में राणा रंजीत सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर,वार्ड पार्षद16 उपेंद्र कुमार सिंह,दीपक पांडेय, सुनील बंबइया,मंटू कुमार, बबलू गुप्ता,महेश यादव।

## कोहरा व ठंड से जन-जीवन अस्त-व्यस्त, हाड़ कंपाने वाली ठंड में स्कूल के बच्चों व कोचिंग जाने वाले विद्यार्थियों को भारी परेशानी

लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज प्रखंड क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से अधिक समय से हाड़ कपकपा देने वाली ठंड पड़ रही है,जिस कारण सुबह से शाम तक लोग घरों में दुबके रह रहे है।वहीं दूसरी तरफ स्कूल और कोचिंग सेंटर खुला रहने के कारण कोहरे तथा भीषण ठंड के बीच बच्चो को अपने शिक्षण संस्थान पहुंचना पड़ रहा है। बता दें कि लगभग 5-6 दिनों से क्षेत्र में भीषण ठंड पड़ रही है।सुबह और शाम होते ही घना कोहर छा जा रहा है। शनिवार से मंगलवार की सुबह से शाम तक भीषण कोहरा छाया रहा। हालांकि,दोपहर बाद कुछ देर के लिए भगवान भास्कर का दर्शन होने से लोगों को राहत मिलती।घने कोहरे और ठंडी



हवा के कारण आम लोगों का जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो रहा है। कोहरा के साथ तेज ओस के कारण लोगों को तेज ठंड भी महशुस हो रही है। घने कोहरे के कारण लोगों का जीवन एवं वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई है।सुबह अपनी ड्यूटी पर जाने वाले लोगों की परेशानी बढ़ गई है। लोग चाहकर भी सुबह-सवेरे अपने जरूरी काम के लिए नहीं निकल पाते है।अहले सुबह लोगों की जरूरत के सामग्री यथा दूध और सब्जी लाने और बेचने वाले जो गांव देहातों से शहर को जाते हैं,उन्हें कोहरे के कारण परेशानी हो रही है।वैसे कामगार मजदूरों जिन्हें काम की तलाश में शहर जाना होता है,वैसे मजदूरों को कुछ ज्यादा ही इस कुहासे और ठंड से परेशानी हो रही है। कोहरे के कारण लोगों को वाहनों या पैदल चलने में भी परेशानियों का सामना करना पढ़ रहा है।इस स्थिति में बच्चों को पढ़ाई छूट जाने के कारण सुबह में उठकर स्कूल व कोचिंग संस्थान पहुंचना पड़ रहा है,जो बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों के लिए परेशानी का सबब बन गया है।कोहरे की वजह से लोग घरों में दुबके रह रहे हैं।वहीं धूप निकलने के बाद ठंड से सिकुड़ते बस्त्र विहीन गरीबों व आम लोगों को थोड़ी राहत मिल रही है।वहीं मंगलवार को सुबह से लेकर शाम तक घने कोहरे कुहासे के बीच दिन भर लोगों को ठंड कपकपाती रही।और मंगलवार को कोल्ड डे घोषित किया गया।

## पीएम आवास योजना को ले प्रेस प्रतिनिधियों के साथ प्रेस वार्ता

लोक तंत्र की आवाज

**धर्म जीत सिन्हा की रिपोर्ट**
**नवादा।** जिला पदाधिकारी, रवि प्रकाश द्वारा आज समाहरणालय सभाकक्ष में प्रेस वार्ता के दौरान बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास योजना का लाभ वर्ष 2016 से देय है। वर्तमान मे वित्तीय वर्ष 2018 में आवास प्लस सुची के आधार पर निर्मित प्रतीक्षा सुची के आलोक में आवास का लाभ दिया जा रहा है। विगत कुछ वर्षों में नये परिवारों का निर्माण हुआ है जो योग्य है तथा कुछ पूर्व के योग्य लाभुको का नाम भी प्रतीक्षा सुची से छुटे हुए हैं। अतः वैसे नये योग्य परिवारों तथा छुटे हुए योग्य लाभूको को प्रतिक्षा सुची में जोड़ने हेतु सर्वेक्षण दिनांक 10.01.2025 से प्रारम्भ की जायेगी तथा आवास एप्प पर सर्वेक्षण हेतु 31.03.2025 तक समय सीमा निर्धारित की गई है। आवास सर्वेक्षण ग्रामीण आवास सहायक के द्वारा किया जायेगा तथा वैसे पंचायत जहाँ ग्रामीण




आवास सहायक प्रभार में हैं वहीं पंचायत रोजगार सेवक तथा पंचायत सचिव के द्वारा की जायेगी, जिसका सर्वेक्षणकर्ता के रूप मे निबंधन एवं ईसेवाईसी किया गया है। लाभार्थियों के सर्वेक्षण के दौरान ईकेवाईसी करवाई जायेगी तथा गड़बडी पाये जाने पर सर्वेक्षणकर्ता व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार माने जायेगे। सर्वेक्षण हेतु वैसे परिवार जो आश्रय विहिन परिवार है, बेसहारा एवं भीख माँगकर जीवन यापन करने वाले परिवार, हाथ से मैला ढोने वाले आदिम जनजाति समुह तथा वैधानिक रूप से मुक्त कराये गये बंधुआ मजदुर स्वतः अंतरवेशन के पात्र होगें। सर्वेक्षण हेतु कुल 11-अपात्रता का मापदंढ रखा गया है. जिसकी विवरणी निम्नवत् है:- पक्का मकान हो, मोटरयुक्त तीन पहिया/चौपहिया वाहन हो, मशीनी की तीन पहिया/चौपहिया कृषि उपकरण, 50 हजार रूपये अथवा अधिक ऋण सीमा वाले, वे परिवार जिनका कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी हो, सरकार के पास पंजीकृत गैर कृषि उधम वाले परिवार, वे परिवार जिनका कोई सदस्य 15 हजार रूपये से अधिक प्रति माह कमा रहा हो, आयकर देने वाले परिवार, व्यवसय कर देने वाला परिवार, वे परिवार जिनके पास 2.5 एकड या इनसे अधिक सिंचित भुमि हो, 05-एकड़ से अधिक असिंचित भुमि हो। उपरोक्त प्रायोजित सर्वेक्षण के आलोक में दिनांक 07.01.2025 को ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सभी सर्वेयर यथा आवास कर्मी, पंचायत रोजगार सेवक, पंचायत सचिव तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया है। नवादा जिला के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा कुल 182-सर्वेयर के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया है। नवनिर्मित योग्य परिवारों एवं छुटे हुये योग्य लाभुकों का सर्वेक्षण 10.01.2025 से नवादा जिला में प्रारम्भ करते हुए निर्धारित समय सीमा मे पूर्ण किया जायेगा। उक्त प्रेस वार्ता में उप विकास आयुक्त नवादा श्रीमती प्रियंका रानी, निदेशक डीआरडीए धीरज कुमार सिन्हा, प्रभारी जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी अमरनाथ कुमार, सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधिगण आदि उपस्थित थे।

## जुडियो का एजेंसी दिलाने के नाम पर ठगी कर रहे बदमाशों को एमपी पुलिस ने 23 लाख नगदी के साथ तीन साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** पेट्रोल पम्प,गैस एजेंसी,ब्रांडेड कंपनी का एजेंसी तथा सस्ते दर पर लोन के अलावा वाहन अन्य समानों को दिलाने का झांसा देकर लोगों को ठगने वाले गिरोह का इन दिनों जिले के कई थाना क्षेत्र हब बन चुका है।प्रतिदिन जिले के विभिन्न एटीएम से लाखों का बारा-न्यारा कर गिरोह के सदस्य आमलोगों को अपना शिकार बना रहे हैं।सोमवार की रात्रि मध्य प्रदेश पुलिस ने वारिसलीगंज थाना पुलिस के सहयोग से 38 लाख 67 हजार 710 रूपये ठगी के तीन आरोपियों को 23 लाख 31 हजार 410 रूपये के साथ गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई।गिरफ्तार साइबर ठगों में वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के झौर गांव निवासी मिथिलेश कुमार का 33 वर्षीय पुत्र सचिन रंजन व 23 वर्षीय पुत्र अमिस कुमार तथा शिवनंदन प्रसाद का 23 वर्षीय पुत्र नीतीन कुमार शामिल है। मध्य प्रदेश अन्तर्गत मंदसौर जिले के कोतवाली थाना पुलिस ने बताया कि मंदसौर पुलिस लाइन स्थित महु नीमच रोड मुहल्ला निवासी योगेश जी गुप्ता का पुत्र सूरज गुप्ता द्वारा ठगी मामले को लेकर प्राथमिकी संख्या-589/24 दर्ज कराया गया था।उन्होंने बताया कि गिरफ्तार ठगो के द्वारा उक्त ब्यक्ति से जुडियो का एजेंसी दिलाने के नाम पर 38 लाख 67 हजार 710 रूपये ठग लिया गया था।उन्होंने कहा उक्त साइबर ठग पीड़ित से कभी कागजात बनाने तो कभी अन्य मद के लिए रूपये का डिमांड करते रहा और पीड़ित ने उसके जाल में फस कर रूपये देते रहा,लेकिन उन्हें ऐजेंसी का कागजात नहीं मिला।तब उसने थाना में लिखित शिकायत दर्ज करा न्याय की गुहार लगाई।प्राथमिकी दर्ज



कर वैज्ञानिक अनुसंधान तथा मोबाइल लोकेशन के आधार पर वारिसलीगंज थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रूपेश कुमार सिन्हा के नेतृत्व में गठित विशेष छापेमारी टीम ने उक्त तीनों जालसाजों के घर से गिरफ्तार कर लिया गया।ज्ञात हो कि खासकर जिले के वारिसलीगंज,पकरीबारावां, काशीचक तथा शाहपुर थाना के दर्जनों गांव स्थित बाग-बगीचा तथा खेत-खलिहान में फोन लेकर ठगी करने के लिए गिरोह के सदस्यों का जमावड़ा लगा रहता है।वहीं साथ रहे ठगी का शिकार हुए सूरज ने बताया कि जुडियो का एजेंसी लेने के पहले ऑन लाइन के माध्यम से कोका कोला तथा ओपो मोबाइल का एजेंसी लिए थे,जब जुडियो का ऑफर मिला तब पहले के काम पर विश्ववास कर मै ऑनलाइन अप्लाय कर ठगी का शिकार हो गए।उन्होंने कहा कि अब भविष्य में ऑनलाइन काम नहीं करूंगा,कारण बिहार के लोगों ने मुझे सचेत करने का काम किया है।किस प्रकार से लोगों को ठगने का काम करते है गिरोह के सदस्य ठग गिरोह के सदस्य पहले लोगों के मोबाइल पर इनाम पाने,पेट्रोल पम्प,गैस तथा ब्रांडेड कंपनी का एजेंसी के अलावा महिला को प्रेग्नेंट करने सहित सस्ते दर पर लोन दिलाने की सूचना देता है।इसके बाद अपना बैंक खाता का नंबर भी उन्हें देता है,जिस पर एजेंसी वगैरह का रजिस्ट्रेशन तथा अन्य कागजात बनाने के नाम पर हजारों रूपये दिये गये खाता नंबर पर भेजने की बात कहता है। कम राशि में लग्जरी वाहन,पेट्रोल पम्प,कम सूद पर लोन दिलाने तथा गैस एजेंसी सहित अन्य सामान पाने की लालच में ठगे गये लोग उनके खाता पर बिना समय गंवाये मांगी गयी राशि भेज देते है।

## वारिसलीगंज : निजी अस्पताल के प्रबंधक व स्वास्थ्यकर्मी की सड़क दुर्घटना में मौत

लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** पटना से वारिसलीगंज अपने अस्पताल लौट रहे दो स्वास्थ्य कर्मियों की मौत रविवार की देर रात्रि सड़क हादसे में हो गई।सूचना बाद सोमवार को दिनोंभर अस्पताल में सन्नाटा पसरा रहा।अस्पताल के रिसेप्शन काउंटर पर रहे कर्मी कुंदन कुमार ने बताया कि सारण जिला अन्तर्गत छपरा के दिघवारा निवासी ट्रेनी चिकित्सक 32 वर्षीय डॉ अभिषेक कुमार के द्वारा वारिसलीगंज खरांठ पथ पर स्थित चंडीपुर महादलित टोला के पास एक माह पूर्व हिम्स नामक अस्पताल खोला गया था।बताया गया कि अस्पताल के कार्य से पिछले 31 दिसम्बर को डॉ अभिषेक दिल्ली गए थे,जो रविवार की देर शाम फ्लाइट से पटना लौटे थे।पटना पहुंचने के बाद में



रात्रि को ही नर्सिंग सहयोगी पूर्वी चंपारण निवासी मो नियाज के साथ अपनी कार को खुद ड्राइव करते हुए वारिसलीगंज लौट रहे थे।चूंकि, सोमवार को कोहरे के कारण धुंध काफी घना था।फलतः विजविलिटी 10 मीटर से भी कम थी।दोनों खुशी मुद्रा में लौट रहे थे,इस बीच फोरलेन पर बख्तियारपुर के चम्पापुर के पास सड़क किनारे खड़ी किसी वाहन में पीछे से कार ने जोरदार टक्कर मार दी,जिससे दोनों स्वास्थ्य कर्मी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।एक साथ अस्पताल के दो कर्मियों की मौत की सूचना बाद अस्पताल को बंद कर दिया गया।अस्पताल कर्मियों में शोक व्याप्त हो रहा है।बताया गया कि डॉ अभिषेक अभी मेडिकल की पढ़ाई कर रहे थे।अस्पताल कर्मियों ने बताया कि दोनों स्वास्थ्यकर्मी स्वभाव से काफी नेक दिल इंसान थे।दोनों स्वास्थ्य कर्मी की शादी अभी नही हुई थी।बता दें कि अस्पताल के उक्त भवन निर्माण के समय दिसम्बर 2023 में किराएदार बन कर पहुंचे तीन युवकों द्वारा चंडीपुर गांव के गौतम नामक एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी,तब से मकान खाली पड़ा था और अब उस भवन में अस्पताल खुलने के एक महीने में ही अस्पताल प्रबंधक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बिजनौर: किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू ने रैली निकाल कर सौंपा ज्ञापन



रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह
**स्योहारा।** किसानों से जुड़ी विभिन्न मांगों के समाधान को लेकर भाकियू ब्लाक अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह टिकैत के नेतृत्व में भाकियू ने पहले तो थाना चौराहे से लेकर स्टेशन आदि के रास्तों से होते हुए रैली निकालते हुए गन्ने की होली जलाई उसके बाद ब्लाक में आकर नायब तहसीलदार को एक ज्ञापन डीएम के नाम सौंपा गया जिसकी जानकारी देते हुए गजेन्द्र सिंह टिकैत ने बताया कि ज्ञापन में मांग की गई है कि शुगर मिल द्वारा पेसमेंट खाद पर जो 10 रु की बढ़ोतरी की गई है उसको वापस लिया जाए, विद्युत विभाग द्वारा किसानों आदि के बिलों की वसूली के नाम पर जो मीटर जब्त किए जा रहे हैं वो बंद किए जाएं. इसके अलावा आवारा पशुओं का इंतजाम कर गुलदारो से भी किसानों की रक्षा के उपाय किए जाएं। और इन सब समस्याओं का यदि 19 जनवरी तक समाधान न हुआ तो 20 जनवरी से आंदोलन शुरु किया जाएगा जिसका जिम्मेदार केवल प्रशासन ही होगा। इस मौके पर अमित चौधरी, कुशल कुमार सेनी, विमल आदि किसान मौजूद रहे।

### दरारवादी पार्टी है भाजपा', अखिलेश बोले- सत्ता में आए तो संभल में हुई घटना की कराएंगे जांच



सतीश
**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में संभल गए अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ प्रेस वार्ता में सपा प्रमुख ने कहा कि वहां लोगों पर दबाव बनाया जा रहा है। निर्दोषों को झूठे मुकदमों में फंसाया जा रहा है। यह पूरी घटना सरकार ने अधिकारियों के माध्यम से कराई है। हमारी मांग है कि ऐसे दोषी अधिकारियों पर कानूनी कार्रवाई की जाए।भाजपा के दो पलड़े हैं, एक पीडीए के खिलाफ अन्याय और दूसरा भ्रष्टाचार। कभी किसी का पलड़ा भारी तो कभी किसी का। इसी असंतुलन को छिपाने के लिए संभल जैसी घटना हुई है।पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में संभल गए अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ प्रेस वार्ता में सपा प्रमुख ने कहा कि वहां लोगों पर दबाव बनाया जा रहा है। निर्दोषों को झूठे मुकदमों में फंसाया जा रहा है। यह पूरी घटना सरकार ने अधिकारियों के माध्यम से कराई है। हमारी मांग है कि ऐसे दोषी अधिकारियों पर कानूनी कार्रवाई की जाए। सत्ता में आने पर इसकी पुनः जांच कराकर कार्रवाई करेंगे।

### महाकुंभ में साइबर अपराधियों से निपटने के लिए खास प्रबंध, साइबर पेट्रोलिंग में आईआईटी विशेषज्ञ की टीम



महाकुंभ के दौरान साइबर अपराधियों से निपटने के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस ने विशेष प्रबंध किए हैं। आईआईटी कानपुर के विशेषज्ञों की टीम केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर साइबर पेट्रोलिंग में मदद करेगी और पुलिस अपने डाटा की सुरक्षा के लिए विशेषज्ञों की मदद लेगी। पुलिस श्रद्धालुओं को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न ऑडियो-वीडियो और सोशल मीडिया प्लेटफार्म का उपयोग करेगी।विशेषज्ञों की मदद से पुलिस अपने इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के हार्डवेयर की सुरक्षा भी करेगी। महाकुंभ के दौरान साइबर अपराधियों से निपटने के लिए खास प्रबंध किए गए हैं। डीजीपी प्रशांत कुमार ने महाकुंभ में साइबर क्राइम मुख्यालय की टीम को तैनात किए जाने का निर्देश दिया है, जो प्रयागराज पुलिस, केंद्रीय एजेंसियों व विशेषज्ञों के बीच समन्वय को बढ़ाने के साथ ही साइबर पेट्रोलिंग को और प्रभावी बनाएगी।

# जीव का सबसे बड़ा बन्धन विषया सक्ति महामण्डलेश्वर स्वामी भास्करानन्द

लोकतंत्र की आवाज़



घनश्याम तिवारी
**बलिया।** श्री वनखण्डीनाथ ( श्री नागेश्वर नाथ महादेव ) मठ डूहा बिहरा, बलिया में पूर्व मौनव्रती पूज्य स्वामी ईश्वरदास ब्रह्मचारी महाराज द्वारा आयोजित अद्वैत शिवशक्ति राजसूय महायज्ञ के सत्संग भवन में व्यासपीठ से महा मण्डलेश्वर आचार्य स्वामी भास्करानन्द जी महाराज ने कहा कि बच्चों को दुलार प्यार शिक्षा स्वास्थ्य जरखी है किन्तु उसके लिए उत्तम संस्कार देना सबसे जरूरी है। माता-पिता बनना कोई बड़ी बात नहीं, कुत्ते बिल्ली पशु पक्षी भी माता-पिता बनते हैं किन्तु मनुष्य की सन्तान में मनुष्यता का बीजारोपण होना नित्यन्त आवश्यक है। ऐसा न होने पर बच्चों में अनेक दुर्गुण आ जाते हैं, जैसा कि ब्राह्मण-पुत्र गुणनिधि निरंकुश और सुसंस्कार विहीन होने से चोर-डकैत बन गया तथा पिता द्वारा घर से वहिष्कृत हुआ। धन तो बहुत कमाया किन्तु बच्चे। पर ध्यान नहीं दिया फलतः पुत्र पण्डितजी कुकर्मी हो गया। एक दिन । पिता ने पुत्र से एक-एक सामान का ब्यौरा मांगा, गंगा, घड़ी की बात भी पूछी क्योंकि पाँच हजार वर्ष पूर्व हमारे भारतीय विज्ञान ने घड़ी बनायी थी। जब कोई उत्तर न मिला तो पण्डित ने पुत्र और पल्ली को घर से निकाल दिया, दिन भर के भूखे प्यास माँ-बेटे ने एक मन्दिर में शरण ली, रात को मन्दिर परिसर में लोगों के सो जाने पर गुणनिधि ने वहाँ भी चोरी की, पकड़े जाने पर, उसकी इतनी पिटाई हुई कि उसका प्राणान्त हो गया। एक ओर से यमदूत और दूसरी ओर से शिवदूत आये। महाशिवरात्रि को भूखा रहने से गुणनिधि को शिवदूतों ने शिवलोक पहुँचा दिया। हालाँकि यह सुयोग शिवकृपा से मिला। कहा कि पूर्वजन्म का संस्कार व्यक्ति को खींचता है। स्वामी ईश्वरदास ब्रह्मचारी जी महाराज बचपन से सन्त हैं। पूर्वजन्म के संस्कार ने उन्हें इस ऊँचाई पर पहुँचाया। आपको अपने गुरु का संकल्प पूरा करना है। शिवाराधन से कुबेर ने अपना पद प्राप्त किया। महात्मा बुद्ध राज परिवारले रहे किन्तु सर्वस्व त्याग कर तप द्वारा बुद्धत्व प्राप्त किये। निरन्तर दीपदान से अन्तः चक्षु का उन्मीलन होता है। शिव परमात्मा का चिन्तन करते-करते साधक भी शिवत्व प्राप्त कर लेता है। आप केवल भौतिकवादी मत बनो, अपनी अन्तश्चेतना को जागृत भी करो । संसार में रहते हुए अनासक्त रहो क्योंकि



आसक्ति जीव का सबसे बड़ा बन्धन है। परमार्थ के साथ-साथ सेवा भी करो। तन-मन देना स्तुत्य है किन्तु क्षमता के अनुसार धन भी अर्पण करो, वही धन पवित्र है जो शुभ कार्यों में लगे। शब्द', स्पर्श, रूप, रस, गन्ध ये ही पञ्च विषय, इन्द्रियों के माध्यम से जीव को प्रभावित करते हैं, यदि इन पर नियन्त्रण न हुआ तो दुर्गति से बचना असम्भव हो जाता है। मनुष्य तन वैभव विलास के लिए नहीं मिला है। आत्म-स्वरूप में प्रतिष्ठित होना हीदे मनुष्य-तन की सार्थकता है, एतदर्थ

## बिजनौर शिक्षा जन जागरण रैली को प्रधानाचार्य शाहिद अली जौहर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह
**नगीना।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एम एम इंटर कॉलेज द्वारा स्वच्छता और शिक्षा जन जागरण रैली को प्रधानाचार्य शाहिद अली जौहर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया रैली नगीना के मुख्य मार्ग होते हुए कस्बा कोटरा पहुंची। कस्बा कोटरा के पंचायत घर में हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी मांगेराम चौहान ने ग्राम कोटरा में चलने वाले सात दिवसीय शिविर का फिता काटकर व सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रचलित कर उद्घाटन किया। कार्यक्रम में एन एस एस के सेवक एवं सेविकाओ ने मुख्य अतिथि का एसडीएम मंगाराम चौहान का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इसके उपरांत चार छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए उप जिलाधिकारी मांगेराम चौहान ने ग्रामीणों से अपने घरों के आसपास में बस्ती में साफ सफाई रखें ताकि संक्रामक रोगों से बचा जा सके उन्होंने ग्रामीणों से अपने-अपने बच्चों को शिक्षा की ओर अग्रसर करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर ने स्वच्छता एवं एन एस एस से संबंधित नियमों को विस्तार से बताया कि कैसे जनता में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लायी जा सकती है । अपने ग्राम व शहर को स्वच्छ रखकर कैसे हम बीमारियों को दूर भगा सकते हैं। इसके बाद स्वयं सेवकों एवं सेविकाओं ने ग्राम कस्बा कोटरा में रैली निकालकर ग्रामवासियों को जागरूक किया। ग्राम प्रधान अफताब अंसारी और ग्राम निवासी आजाद अली ने भी बच्चों के साथ मिलकर लोगो को जागरूक किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यापक शहजाद अहमद , मृदुल चंद्रा एवं अध्यापिकाएँ श्रीमती नूर जहाँ और श्रीमती शबीहा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में बहुत मेहनत की । अंत में कार्यक्रम अधिकारी रामकुमार गौतम ने ग्राम वासियों का धन्यवाद किया।

## एचएमपीवी वाइरश को लेकर यूपी सरकार अलर्ट, सीएम योगी ने बुलाई बैठक

लोक तंत्र की आवाज



रत्ना
**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में कहा कि ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) हो या मौसमी बीमारियां इनसे बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट रहे। राजधानी लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदत्यिनाथ ने कहा कि ठंड के मौसम में आमजन की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुख्ता इंतजाम रखें। भीषण ठंड व शीतलहर के कारण सर्दी, खांसी, श्वांस से जुड़े मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी संभावित है। सभी सरकारी अस्पतालों में मरीजों को अच्छी चिकित्सा सुविधा मिलनी चाहिए। जांच हो या दवाओं की उपलब्धता, सब कुछ चाक-चौबंद हो। आम आदमी को परेशान न होना पड़े।मुख्यमंत्री आवास में आयोजित बैठक में योगी ने कहा कि ठंड के मौसम में आमजन की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुख्ता इंतजाम रखें। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में शीतलहर चल रही है। यह समय बुजुर्गों, बच्चों और गंभीर रोग से ग्रस्त लोगों की सुरक्षा के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरतने वाला है। महाकुंभ में तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी सेक्टरों में इलाज के पुख्ता इंतजाम हों। एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध रहे।

## बलिया : शहीद जितेंद्र यादव का पार्थिव शरीर पहुँचा गाँव। पूरे सैनिक सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

लोकतंत्र की आवाज़



घनश्याम तिवारी
**बलिया।** विगत शनिवार को जम्मू कश्मीर के बांदीपोरा में पहाड़ी से सेना का ट्रक गहरी खाई में गिर जाने से शहीद हुए बलिया जिले के पकड़ी थाना क्षेत्र के पूर ग्राम पंचायत के जगदरा गाँव निवासी जितेंद्र यादव शहीद हो गए थे। चार दिन बाद सेना के अधिकारियों एवं जवानों ने मंगलवार को शहीद जितेंद्र यादव का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव जगदरा लेकर पहुँचे।शहीद जवान के पार्थिव शरीर के पहुँचने की खबर से आसपास गाँवो के हजारों लोग शहीद जवान के घर पर जमा हो गए। वाराणसी से शहीद जवान को लेकर सेना की गाड़ी ज्योंहि नगरा कस्बे पहुंची।नगरा से ही सैकड़ो मोटरसाइकिल सवार युवाओं द्वारा 'भारत माता की जय ₹ जब तक सूरज चाँद रहेगा, जितेंद्र यादव का नाम रहेगा।₹ जितेंद्र यादव अमर रहे ₹ के गगन भेदी नारे लगाते हुए सेना की गाड़ी के आगे पीछे जुलूस की शक्ल में घर तक पहुँचे।शहीद का शव घर पहुंचते ही वहाँ उपस्थित सबकी आँखे नम हो गई।वही परिवार की महिलाएं एवं पुरुष दहाड़े मारकर रोने लगे। पत्नी प्रियंका और माता तारा देवी तो बिल्कुल बदहवास हो गई थी। पार्थिव शरीर पहुँचने पर साथ आये सेना के जवानों एवं अधिकारियों ने पूरे सैनिक सम्मान के साथ गॉर्ड ऑफ ऑनर देते हुए अंतिम सलामी दी और पुष्प चक्र अर्पित किए।वही सेना के जवानों द्वारा मातम धुन बजाकर शहीद जवान के प्रति शोक प्रकट किया।जिले से पहुँची पुलिस गारद ने भी गॉर्ड ऑफ ऑनर देते हुए शहीद को अंतिम सलामी दी।जिले से अपर जिलाधिकारी देवेंद्र सिंह, तहसीलदार प्रवीण कुमार सिंह, नायब तहसीलदार सीपी यादव , क्षेत्राधिकारी सिकन्दरपुर आशीष कुमार मिश्रा एवं प्रभारी निरीक्षक पकड़ी आरपी सिंह ने भी शहीद के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित किया। तदोपरांत क्षेत्रीय विधायक मो जियाउद्दीन रिजवी ,पूर्व विधायक भाजपा नेता भगवान पाठक, अच्छेलाल यादव ब्लॉक प्रमुख राघवेंद्र यदुवंशी, रामजी यादव ,अनन्त मिश्र , शिवजी त्यागी, देवनारायण यादव ने भी शहीद जवान के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित किया।वही।भूतपूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र यादव एवं जिले के तमाम भूतपूर्व सैनिकों ने शहीद जवान को पुष्प चक्र अर्पित करते हुए अंतिम सलामी दी। शहीद जवान जितेंद्र यादव का अंतिम संस्कार गाँव के ही श्मशान भूमि पर पूरे सैनिक सम्मान के साथ किया गया मुखाग्नि छोटा भाई राणा प्रताप यादव ने दी शहीद जवान जितेंद्र यादव के शोक में जगदरा गाँव के चट्टी चौराहे की सभी छोटी बड़ी दुकानें बंद रही।वही क्षेत्र के प्रायः हर गाँवो में शहीद हुए जितेंद्र यादव के ही चर्चे होते रहे।

## बिजनौर अफजलगढ़ शुगर मिल ने गरीबों को बाटे 400 कंबल, सीओ बोले- गरीबों की मदद करना ही सबसे बड़ा पुण्य का काम है

लोकतंत्र की आवाज



रिपोर्ट मुकेश सिंह
**बिजनौर।** अफजलगढ़ कड़ाके की ठंड को देखते हुए द्वारिकेश चीनी मिल बहादरपुर की ओर से सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी और शुगर मिल के अध्यासी एसपी सिंह ने गरीबों को ठंड से बचाने के लिये 400 कम्बलों का वितरण किया है। शनिवार को द्वारिकेश चीनी मिल बहादरपुर परिसर में कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान द्वारिकेश चीनी मिल बहादरपुर क्षेत्र के जरूरतमंदो को 400 कम्बल मुहैया कराये गये। कंबल वितरण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सीओ अफजलगढ़ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने द्वारिकेश चीनी मिल बहादरपुर अफजलगढ़ की सराहना करते हुए कहा कि इस पुण्य कार्य में सभी सामाजिक संगठनों ठनों को आगे आकर पहल करनी चाहिए। गरीबों की मदद करना ही सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। सभी को सर्दी के मौसम में अपने आसपास मौजूद गरीब पड़ोसियों का ध्यान रखना चाहिए। वहीं कार्यक्रम में चीनी मिल के अध्यासी एसपी सिंह ने कहा, द्वारिकेश चीनी मिल बहादरपुर अफजलगढ़ हमेशा विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में समाज सेवा के लिए तत्पर रहता है। उनके द्वारा भी समय-समय पर जरूरतमंदों की मदद की जाती है। समाज के सक्षम वर्ग के लोगों को भी जरूरत मंदों की मदद के लिए आगे आने का आह्वान किया। इस मौके पर शुगर मिल के यूनिट हेड सलिल स्वरूप आर्य के आलावा शुगर मिल के सर्व पंकज सिसौदिया, कुमेर सिंह शेखावत, डॉ वीर सिंह तथा कुन्दन कुमार आदि उपस्थित रहे।

## बलिया : समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक आयोजित

लोकतंत्र की आवाज़



घनश्याम तिवारी
**बलिया।** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक पार्टी के जिला कार्यालय पर मंगलवार को संपन्न हुई जिसमे आगामी राजनीतिक गतिविधियों पर विचार हुआ साथ ही मतदाता सूची पर भी व्यापक चर्चा हुई। पार्टी की मासिक बैठक को संबोधित करते हुए बलिया लोकसभा सदस्य सनातन पाण्डेय ने कहा कि हमारे सभी बूथ अध्यक्ष और सेक्टर अध्यक्ष गण अपने अपने निर्धारित स्थान पर मतदाता सूची को हर समय दुरुस्त करने मे ु'ङ्क के संपर्क में रहे। भाजपा को लोकतंत्र कमजोर करने और जनता का वोट लूटने में महारथ है।धार्मिक उन्माद फैला कर समाज को बांटने वाली बीजेपी की सोच से देश कमजोर हो रहा है। बीजेपी से सिर्फ समाजवादी पार्टी ही लड़ रही हैं और इन उन्मादी ताकतों को समाजवादी ही रोक सकते हैं। पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविन्द चौधरी ने कहा कि बीजेपी सरकार जनता के आंखों में धूल झोंक रही है सरकारी खजाने से विज्ञापन छपवा कर अपनी पीठ थप थापा रहे हैं। विकास और रोजगार को दरकिनार कर बीजेपी समाज को खण्डित करने और धार्मिक वैमनस्यता फैला कर सत्ता पर काबिज रहना चाहती है। समाजवादी पी.डी.ए एकता अन्याई बीजेपी को सत्ता से दूर करेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर जनपद में पी.डी.ए. संदेश गोष्ठी बूथ स्तर पर आयोजित कर समाजवादी लोग समाज को जागृत करेंगे। विधायक जयप्रकाश अंचल ने कहा कि स्त्रीसमाज सपा मुखिया के नेतृत्व में जागरूक हो रहा है। जिससे सत्ताधारी लोग भयभीत हैं। सुशील कुमार पाण्डेय₹कान्हजी₹ चंद्रशेखर सिंह, रामजी गुप्ता, राजन कन्नौजिया, शशिकांत चतुर्वेदी, संतोष राम, कामेश्वर सिंह, मदन राय, भगवान वर्मा,शेयबबुल इस्लाम,रोहित चौबे,जलालुद्दीन जे. डी., प्रवीण सिंह, राजेंद्र यादव, जमाल आलम, प्रभुनाथ यादव, देवी दत्त यादव, बलजीत कुशवाहा, जमाल आलम,प्रमोद यादव, मुन्नी लाल यादव, बच्चा लाल फौजी, विश्वनाथ यादव, रविंद्र यादव, अजय यादव, जय प्रकाश यादव मुन्ना, गुरुज लाल राजभर,राम नाथ पटेल, राजेश यादव, बबलू अंसारी, अरुण यादव, अजीत यवाव, सर्वजीत यादव, ओमप्रकाश यादव आदि उपस्थित रहे।

## बिजनौर नगीना बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारियों ने शपथ दिलाई

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट रोहित कुमार
नगीना बार एसोसिएशन नगीना की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह मे उपस्थित न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारीगण व अधिवक्ताओं ने वादकारियो के हित को सर्वोपरि रखते हुए बार एवं बेंच के संबंधो को मधुर रखने पर बल दिया। बार भवन नगीना में नव निर्वाचित कार्यकारिणी 2025 के शपथ ग्रहण समारोह मे सर्वप्रथम निवर्तमान महासचिव फरीद अहमद खघन एडवोकेट ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की ओर निवर्तमान अध्यक्ष दीपक कुमार बिश्नोई एडवोकेट ने अपने कार्यकाल के दौरान की उपलब्धियों का जिक्र किया और अपनी कार्यकारिणी द्वारा सदस्यों को न्यू मेजर एक्ट व लीगल डायरी के निशुल्क वितरण के एतिहासिक कदम को सफलतापूर्वक पूरा करने में सहयोग के लिये सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर निवर्तमान अध्यक्ष दीपक कुमार बिश्नोई ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक कुमार त्यागी को शपथ दिलाई और अशोक कुमार त्यागी ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी उपाध्यक्ष इनामुलहक अंसारी, महासचिव नईम अहमद, संयुक्त सचिव प्रशासन नवे दउरहमान संयुक्त सचिव पुस्तकालय नरेश कुमार सैनी, कोषाध्यक्ष शरत थापन, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य तीरथ सिंह पाल, मनोज कुमार अग्रवाल, शहजाद आलम, कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य जसीम उस्मान, रूबीना खातून,



आदित्य कुमार को शपथ दिलाई। तत्पश्चात बिजनौर बार के अध्यक्ष यशपाल सिंह वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव कुमार बबली, मौ.आरिफ खघन, जमालुउद्दीन हैदर, राकेश अग्रवाल, निशात अहमद, मोह० शादमान वसीम वारसी एडवोकेट अर्शी एडवोकेट, मशारिब अफजल ऐडवोकेट, संजीव चौधरी, जहीर अहमद खघन, चंद्रपाल सैनी, राहुल काकरान, दीपक सक्सेना, अरशद जावेद, आदि सहित न्यायिक अधिकारीगण अपर जिला जज अनुपम सिंह, अउखट अक्षयदीप, सिविल जज विपुल यादव, अपर सिविल जज प्रथम अनु अहलावत, अपर सिविल जज असगर अली, रउट नगीना मांगेराम चौहान एवं नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक कुमार त्यागी ने संबोधित किया। समारोह की अध्यक्षता शपथ ग्रहण से पूर्व निवर्तमान अध्यक्ष दीपक कुमार बिश्नोई व शपथ ग्रहण के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक कुमार त्यागी ने किया व संचालन महासचिव नईम अहमद ने किया।

## उत्तराखंड भारी मात्रा में अवैध स्मैक के साथ 01 महिला नशा तस्कर गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज़

रिपोर्ट राजेंद्र चौहान
आगामी नगर निकाय निर्वाचन 2025 के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा सभी अधीनस्थों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में मादक पदार्थों के कारोबार में लिप्त अभियुक्तों को चिन्हित करते हुए उनके विरूद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देश निर्गत किये गये हैं। उक्त आदेशों के अनुपालन में दून पुलिस द्वारा लगातार सघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान दिनांक 06-01-2025 को मुखबिर की सूचना पर एक महिला अभियुक्ता पूजा पत्नी सन्दर लाल निवासी राजीव नगर चमनपुरी,



थाना पटेलनगर, उम्र-35 वर्ष को अभियुक्ता के घर राजीव नगर चमनपुरी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्ता के कब्जे से कुल 81.33 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई, जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 25 लाख रू0 है। महिला अभियुक्ता के विरुद्ध थाना पटेलनगर पर मु0अ0सं0: 13/2025 धाराः 08/21/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्ता के पति को भी कुछ समय पूर्व पुलिस द्वारा मादक पदार्थो की तस्करी में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

## संक्षिप्त खबरें ।

### जलकुंभी के तने पर आधारित शिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन




लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख

साहेबगंज। नीति आयोग के आकांक्षी जिला मद से जलकुंभी के तने पर आधारित शिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम महिलाओं, विशेषकर आदिवासियों को प्रशिक्षित करने के लिए आयोजित किया जा रहा है, जो उधवा झील पक्षी अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदनशील क्षेत्र के गांवों में रहते हैं। यह झारखंड का सबसे बड़ा और एकमात्र पक्षी अभयारण्य है और प्रस्तावित रामसर स्थल है। जलकुंभी को अधिसूचित अभयारण्य के आस-पास के क्षेत्रों से एकत्र किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य अभयारण्य पर ग्रामीणों की आजीविका हेतु निर्भरता को कम करना है, ताकि वन्यजीवों, विशेषकर प्रवासी पक्षियों की मानव गतिविधियों से कम से कम परेशानी हो। साथ ही, जलकुंभी एक आक्रामक प्रजाति है, इसलिए इस तरह के कौशल प्रशिक्षण से कारीगरों को तैयार करने में मदद मिलेगी, जो इस अपशिष्ट का उपयोग हस्तशिल्प निर्माण करने के लिए करेंगे। साहेबगंज जिला प्रशासन द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु यह प्रयास किया जा रहा है।

### शीतलहरी से आमजन परेशान



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। पूरा पीरपैंती प्रखंड में इस समय कड़ाके की ठंड का प्रकोप चरम पर है। तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की जा रही है, और हाल ही में न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। इस ठंड का मुख्य कारण हिमालय क्षेत्र में जारी बर्फबारी है, जो बिहार में पछुआ हवाओं के जरिए पहुंच रही है।जिले में पिछले कुछ दिनों से दिन और रात दोनों में ही ठंडी हवाएं चल रही हैं।मंगलवार का दिन इस सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा, जहां तापमान 7,5 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। अधिकतम तापमान भी 18 डिग्री पर रुक गया। ठंड से बचने के लिए लोग गर्म कपड़ों और आग का सहारा ले रहे है। वहीं पीरपैंती नगर पंचायत की ओर से अनेक जगहों पर अलाव की व्यवस्था की गई। अस्पताल मोड , शेरमारी हाई स्कूल , शेरमारी चौक,पंजाब नेशनल बैंक, रेलवे स्टेशन के बाहर दो नंबर प्लेटफार्म ,सुंदरपुर, सुंदरपुर चौक टमटम स्टैंड सहित अनेक जगहों पर नगर पंचायत ने आग़ की व्यवस्था की है।

### धूमधाम से मना यूको बैंक का स्थापना दिवस




लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। प्रखंड के सभी यूको बैंक में स्थापना दिवस मनाया गया।प्यालापुर में बैंक का 83 वाँ स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर यूको बैंक प्यालापुर में शाखा प्रबंधक भीम कुमार, सहायक शाखा प्रबंधक जयदेव शर्मा आदि ने केक काटा , उपस्थित सभी ग्राहकों का मुंह मीठा कराया,तथा बधाई दी।जबकि मैनेजर भीम कुमार ने उपस्थित ग्राहकों को बैंक से मिलने वाली सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी।कई नई स्कीम भी बताए तथा लाभ लेने कहा।उन्होंने ग्राहकों को पूर्ण आश्वस्त किया कि यूको बैंक हमेशा की तरह आपकी सेवा करती रहेगी।उन्होंने ग्राहकों को सम्मानित भी किया।जबकि इस अवसर पर ग्राहक त्रिलोकी ठाकुर, गौतम सिंहा,अंकित राज आनंद,विजय ठाकुर, मौसम कुमारी आदि ने भी अपने अपने विचार रखे तथा यूको बैंक के ग्राहक सुविधाओं की तारीफ की।जबकि स्थापना दिवस बाराहाट, शेरमारी,पीरपैंती, फौजदारी में भी मनाया गया।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत सभी कार्यालय कर्मियों को सड़क सुरक्षा का शपथ दिलाया गया

लोकतंत्र की आवाज

मामलोत सेख

**साहेबगंज।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माहझ 2025 के सातवें दिन के तहत जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में साहिबगंज ज़िले के सभी सरकारी कार्यालयों में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत सभी कार्यालय कर्मियों को सड़क सुरक्षा का शपथ दिलाया गया।

साहिबगंज जिले के सभी सरकारी कार्यालयों (समाहरणालय परिसर, जिला परिवहन कार्यालय, पुलिस मुख्यालय, प्रखंड कार्यालय, जन सूचना कार्यालय, विकास भवन, नगर परिषद एवं अन्य कार्यालय) में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत सभी कार्यालय के कर्मियों को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाया गया एवं पंपलेट, बुकलेट, हैंडबिल के माध्यम से सड़क सुरक्षा की जानकारी दी गई।




आज के इस कार्यक्रम (सड़क सुरक्षा हर कार्यालय में) का उद्देश्य यह है कि सभी कार्यालय के कर्मि सड़क सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता एवं जागरूक रहे सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करते हुए हेलमेट सीटबेल्ट का प्रयोग करेंगे एवं सड़क पर हो रहे सड़क दुर्घटनाओं को कम करने तथा सड़क दुर्घटना में हो रहे मृत्यु दर में कमी लाने में सहयोग किया जाएगा एवं नेक नागरिक बन कर सड़क में घटित दुर्घटनाओं में घायल व्यक्ति की मदद करके नेक नागरिक का पालन करेंगे।

साथ ही सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ के माध्यम से पूरे जिले में ऑडियो क्लिप एवं पम्पलेट, बुकलेट, हैंडबिल वितरण कर आम जनमानस को जागरूक किया गया। सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ जिले भर में घूम-घूम कर यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य कराया जा रहा है। जिससे लोगों में यातायात नियमों

- सभी कार्यालय के कर्मी सड़क सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता एवं जागरूक रहे सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करते हुए हेलमेट सीटबेल्ट का प्रयोग करें

के प्रति जानकारी का अभाव न रहे एवं सभी वाहन चालक अपने वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें।

जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी द्वार सभी से अपील किये कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का आवश्यक रूप से पालन करें। सभी चालक मोटरसाइकिल चलते समय हेलमेट आवश्य पहने साथ ही चार पहिया या उससे अधिक के वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का इस्तेमाल करने, बिना ड्राइविंग लाइसेंस का वाहन का परिचालन ना करें समेत अन्य सभी यातायात नियमों का पालन करने का अनुरोध किया गया।

मौके पर डीएसपी विजय कुशवाहा,एमभीआई विमल किशोर सिंह, प्रशिक्षुक एमभीआई अभिषेक मुंडा, जिला सड़क सुरक्षा कोषांग के जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, रोड इंजीनियर एनालिस्ट अनुज पराशर एवं आईटी सहायक राजहंस मौजूद रहे।

# जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद से संचालित योजनाओं की मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित



लोकतंत्र की आवाज

मामलोत सेख

**साहेबगंज।** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद, आकांक्षी मद, अनाबद्ध निधी, नीति आयोग से संचालित योजनाओं की मासिक समीक्षात्मक बैठक आहूत की गयी। बैठक में डीएमएफटी अन्तर्गत स्वीकृत योजनाओं क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा की गई।

समीक्षा के क्रम में कार्यकारिणी एजेंसी, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल द्वारा निर्मित मध्य विद्यालय पुलिस लाईन बोरियो में छः अतिरिक्त वर्ग कक्ष निर्माण, मध्य विद्यालय बरमसिया बरहेट में छः अतिरिक्त वर्ग कक्ष निर्माण का कार्य एकरानामा की प्रक्रिया में है। वहीं सदर अस्पताल परिसर में पेपर ब्लॉक का निर्माण, का कार्य पूर्ण कर ली गई है।कार्यकारिणी एजेंसी एन०आर०ई०पी०, के कायों के विषय में जानकारी ली एवं सभी संचालित कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।वहीं ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता से जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद से चल रहे निर्माण कार्य की जानकारी लेते हुए तय समय सीमा के अंदर सभी कार्य पूर्ण करने को कहा गया।

मौके पर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुमार, जिला मत्स्य पदाधिकारी वीरेन्द्र कुमार विन्हा, जिला भुमि संरक्षण पदाधिकारी राहुल गुप्ता, नगर परिषद प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह, परियोजना पदाधिकारी जिला ग्रामीण विकास विश्वम्बर पटेल, कार्यपालक अभियंता देवीलाल हांसदा,कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल रामा कान्त एवं सभी जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद के फैलो उपस्थित थे।

## युवा राष्ट्रीय जनता दल पूसा प्रखंड कमेटी की बैठक आयोजित



लोकतंत्र की आबाज
रामजी कुमार

**पूसा/समस्तिपुर।** युवा राजद प्रखण्ड अध्यक्ष पंकज कुमार कि अध्यक्षता में युवा राष्ट्रीय जनता दल पूसा के सभी प्रखण्ड पदाधिकारीगण, पंचायत अध्यक्षगण व पंचायत प्रधान महासचिव एवं क्रांतिकारी युवा साथियों का युवा राजद प्रखण्ड उपाध्यक्ष लाडला प्रसाद यादव के आवासीय परिसर, ठहरा में बैठक की गई। जिसमें 2025 विधानसभा चुनाव में राजद की सरकार बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। जिसमें पूसा प्रखंड के दीपक कुमार प्रखंड उपाध्यक्ष और पंचायत अध्यक्ष पंचायत प्रधान महासचिव और युवा प्रधान महासचिव विवेक कुमार, कोषाध्यक्ष अरुण कुमार, उपाध्यक्ष अजय कुमार, दीपक कुमार, रमाशंकर, गौरव कुमार आदि शामिल रहे।

## 2 रूपये किलो भी नहीं बिक रहा फूलगोभी, अगला फसल लगाने की चिंता खाये जा रहा किसानों को : सुरेंद्र प्रसाद सिंह

लोकतंत्र की आबाज

**समस्तिपूर।** 2 रूपये किलो में भी फूलगोभी का खरीददार नहीं है। मोतीपुर सब्जी मंडी में फलत किसान फूलगोभी लगा खेत जोतवा रहे हैं। ऐसा नहीं है कि फूलगोभी की ही कीमत नहीं है बल्कि सभी हरि सब्जियां भी काफी सस्ती है।जी हां, मोतीपुर सब्जी मंडी में 2 रूपये किलो भी फूलगोभी का खरीददार नहीं है। यदि किसान फूलगोभी मंडी में लेकर आता है, एक रूपये किलो बिक भी जाता है तो फूलगोभी कटाई, ढुलाई, भाड़ा एवं एक रूपए किलो गद्दी खर्च घर से किसानों को देना पड़ता है।

फलतः किसान या तो खेत में फूलगोभी खेत में ही छोड़ दें रहे हैं जहां गोभी खराब हो रहा है या फिर कुछ किसान अगली फसल लगाने को



फूलगोभी लगा खेत ही जोतवा रहे हैं। आधारपुर पंचायत के योगियामठ के किसान पवन साह ने अपना गोभी लगा खेत जोतवा दिया वहीं योगियामठ के किसान नन्नी साह के खेत में गोभी खराब हो रहा है। इसी तरह प्रखंड के शादीपुर, मनपूरा, कोठिया, फतेहपुर, बाघी, मोतीपुर आदि पंचायत-गांवों में फूलगोभी का यही हाल है वे या तो खराब होने को खेत में छोड़ दिया गया है या फिर फूलगोभी लगा खेत जोतवा रहे हैं। ऐसा नहीं है कि फूलगोभी का ही यह हाल है बल्कि बंधा गोभी 2-3 रूपये किलो, बैगन 3-4 रूपये किलो, टमाटर 10 रूपए किलो, मूली 3-4 रूपये किलो, धनिया पत्ता 20-30 रूपये किलो आदि सब्जी भी कम कीमत पर बिक रही है। इस बाबत पूछे जाने पर किसान नेता ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह ने कहा कि सब्जी इतना सस्ता भी नहीं होना चाहिए कि किसान खेती करना छोड़ दे या फिर अपना जान दे दे।

उन्होंने सब्जी मंडी के पास सब्जी रखने वाला कोल्डस्टोरेज, मिक्स आचार बनाने समेत कृषि उत्पाद आधारित उद्योग-धंधे, कल-कारखाने लगाने की मांग की है। भाकपा माले प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कृषि अधिकारी से फसल बर्बाद का सर्वे कर किसानों को नये फलस लगाने के लिए निः शुल्क बीज, खाद, बिजली, पानी किसानों को देने, कृषि लोन माफ करने की मांग की है।

## डीएमएफटी मद से संचालित योजनाओं की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई

लोकतन्त्र की आवाज

**साहिबगंज।** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद, आकांक्षी मद, अनाबद्ध निधी, नीति आयोग से संचालित योजनाओं की मासिक समीक्षात्मक बैठक आहूत की गयी। बैठक में डीएमएफटी अन्तर्गत स्वीकृत योजनाओं क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में कार्यकारिणी एजेंसी, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल द्वारा निर्मित मध्य विद्यालय पुलिस लाईन बोरियो में छः अतिरिक्त वर्ग कक्ष निर्माण, मध्य विद्यालय बरमसिया बरहेट में छः अतिरिक्त वर्ग कक्ष निर्माण का कार्य एकरारनामा की प्रक्रिया में है।

वहीं सदर अस्पताल परिसर में पेभर ब्लॉक का निर्माण का कार्य पूर्ण कर ली गई है। कार्यकारिणी एजेंसी एन०आर०ई०पी० के कायों के विषय में



जानकारी ली एवं सभी संचालित कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

वहीं ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता से जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद से चल रहे निर्माण कार्य की जानकारी लेते हुए तय समय सीमा के अंदर सभी कार्य पूर्ण करने को कहा गया। मौके पर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुमार, जिला मत्स्य पदाधिकारी वीरेन्द्र कुमार विन्हा, जिला भुमि संरक्षण पदाधिकारी राहुल गुप्ता, नगर परिषद प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह, परियोजना पदाधिकारी जिला ग्रामीण विकास विश्वम्बर पटेल, कार्यपालक अभियंता देवीलाल हांसदा,कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल रामा कान्त एवं सभी जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद के फैलो उपस्थित थे।

## एबीवीपी के अधिवेशन में साहिबगंज से विभिन्न पदाधिकारी चयनित

लोकतन्त्र की आवाज

**साहिबगंज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी), झारखंड प्रदेश का भव्य रजत जयंती 25वां अधिवेशन सफलतापूर्वक 3,4,5 जनवरी के.के कॉलेज, धनबाद में संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक अधिवेशन में साहिबगंज जिला से प्रदेश स्तर पर संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों की घोषणा की गई।

इस अधिवेशन में सुनिधि को झारखंड प्रदेश की प्रदेश सह मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया। साथ ही,आकांक्षा को प्रदेश सह कला मंच प्रमुख के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई। इसी दौरान इंद्रजीत साह को झारखंड प्रदेश के प्रदेश सोशल मीडिया सह संयोजक के रूप में नियुक्त किया गया। इसके साथ ही, चंदन गुप्ता ,कविंद्र



पासवान, कंचन कुमारी, अंकित कुमार को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया। यह रजत जयंती अधिवेशन झारखंड प्रदेश के संगठन को मजबूत करने और विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी कार्य करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया । मालूम हो कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड प्रदेश में शिक्षा, संस्कार, और समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## अनिश्चितकालीन घेरा डालो-डेरा डालो आंदोलन की सफलता को लेकर भाकपा-माले ने की बैठक

लोकतंत्र की आबाज

**पूसा/समस्तिपुर।** भाकपा-माले के कार्यकर्ताओं की बैठक प्रखंड के बथुआ एवं मोरसंड में संपन्न हुई। बथुआ में बैठक की अध्यक्षता शाखा सचिव मीना देवी एवं मोरसंड में रविन्द्र सिंह ने की। पर्यवेक्षण भाकपा-माले प्रखंड सचिव अमित कुमार ने किया।

बैठक में मुख्य रूप से गरीबों को 72 हजार रूपये से कम का आय प्रमाण पत्र बनाने, आवास योजना में सबका नाम जोड़ने समेत अन्य विभिन्न मांगो को लेकर पूसा प्रखंड मुख्यालय पर 8 जनवरी से प्रस्तावित अनिश्चितकालीन घेरा डालो-डेरा डालो आंदोलन को सफल बनाने आदि पर चर्चा की गई। बैठक से भाकपा-माले प्रखंड सचिव




अमित कुमार ने पूसा प्रखंड के सार्वजनिक स्थानों एवं चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था एवं गरीबों के बीच गर्म वस्त्र का वितरण अविलंब करने की मांग पूसा प्रखंड प्रशासन से की है। उन्होंने कहा कि इन दिनों हाड़ कंपाने वाली ठंड से आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। प्रतिदिन सैकड़ों लोग अपने विभिन्न कार्यो से प्रखंड मुख्यालय एवं चौक, बाजार जाते हैं। अलाव की व्यवस्था रहने से उन्हें ठंड से थोड़ी राहत जरूर मिलेगी। अंचलाधिकारी को यथाशीघ्र अलाव की व्यवस्था करनी चाहिए। बैठक में प्रखंड कमिटी सदस्य अखिलेश सिंह समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सावित्रीबाई फुले एवं फातिमा शेख का संयुक्त जयंती समारोह मनाया गया

लोकतंत्र की आबाज

**ताजपुर/समस्तीपुर।** अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला ऐसोसिएशन (ऐपवा) द्वारा घोषित 3 से 9 जनवरी तक राज्यव्यापी सावित्रीबाई फुले एवं फातिमा शेख जयंती सप्ताह के तहत मंगलवार को ताजपुर नगर परिषद क्षेत्र के बहादुरनगर वार्ड संख्या 1 में सावित्रीबाई फुले एवं फातिमा शेख का संयुक्त जयंती मनाई गई। महिला कार्यकर्ताओं ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि सभा को संबोधित करते हुए ऐपवा जिला अध्यक्ष बंदना सिंह ने कहा कि सावित्रीबाई फुले एवं फातिमा शेख प्रथम महिला शिक्षिका थीं जिन्होंने महिलाओं को शिक्षित करने के साथ समाज में फैले कुरीतियों-अंधविश्वासों के खिलाफ महिलाओं




को जागरूक किया।

इन्होंने बाल-विवाह के खिलाफ महिलाओं को जागरूक किया। विधवा विवाह पर रोक के खिलाफ मुखर रहीं। आगे ऐपवा नेत्री ने कहा कि आज देश में हिंदू-मुस्लिम के बीच नफरत का बीज बोया जा रहा है। ऐसी स्थिति में हिंदू सावित्रीबाई फुले एवं मुस्लिम फातिमा शेख की मिशाल बनी बहनापा से प्रेरणा लेकर नफरत के खिलाफ एकता का माहौल बनाकर शिक्षा का निजीकरण के खिलाफ एवं समान शिक्षा प्रणाली लागू करने समेत महिलाओं पर बढ़ते प्रताड़ना, दमन, हिंसा, हत्या, ब्लातकार के खिलाफ संघर्ष तेज करना होगा। सभा की अध्यक्षता रजनी देवी ने की जबकि सभा को संबोधित रधिया देवी, नीलम देवी, खेग्रामस के प्रखंड सचिव प्रभात रंजन गुप्ता, भाकपा माले प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह आदि ने संबोधित किया। अंत में भाकपा माले द्वारा पटना के गांधी मैदान में 9 मार्च को होने वाला महाजुटान बड़ी भागीदारी दिलाकर सफल बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मोतिहारीः आदापुर पुलिस ने नेपाली कस्तूरी शराब किया बरामद



ब्यूरो चीफ शशिकांत
पूर्वी चम्पारणःएसपी के निर्देश पर आदापुर थाना अंतर्गत गुप्त सुचना के आधार पर छापेमारी की गई। इस दौरान मुर्तिया सैनिक रोड से 240 बोतल नेपाली कस्तूरी शराब प्रत्येक 300 एमएल कुल 80 लीटर ( नेपाली शराब )को एवं विशुनपुरवा से 1 लीटर चुलायी शराब और दो अंग्रेजी शराब एक 300 एमएल एवं एक 375 एम एल के साथ संतोष मुखिया वल्द किशुन मुखिया साकिन हरकटवा और जयनाथ कुमार पे0 सत्येंद्र प्रसाद साकिन भेड़िहारी एवं शराब सेवन के आरोप में छविलाल राम पे0 रघुनाथ राम, धुपेन राम पे0 शिवलाल राम दोनों साकिन माघी बरवा को गिरफ्तार कर अग्रिम कारवाई की जा रही है।

### गौनाहा में भी महसूस किए गए भूकंप के झटके




गौनाहा / प्रखंड में सुबह करीब 6:30 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप आने से बेड, पंखे सहित अन्य सामान हिलने लगे, जिससे लोगों को महसूस हुआ कि भूकंप आ गया है। महिला, पुरुष सहित बच्चे घर से बाहर निकाल कर चिल्लाने लगे कि जल्दी घर से बाहर निकल जाइए भूकंप आ गया है। कड़ाके की ठंड के बावजूद भी लोग बिछावन छोड़कर घर से बाहर निकल गए। वैसे तो जान माल की क्षति होने की कोई सूचना नहीं है। नेपाल में 7.1 तीव्रता की भूकंप आई थी, जिससे लोगों को डर है कि गौनाहा प्रखंड नेपाल से सटे हुए हैं, इसलिए यहां भी ज्यादा तीव्रता की भूकंप आ सकती है। सभी अपने सगे संबंधियों से मोबाइल पर संपर्क करने लगे की आपके यहां भी क्या भूकंप आया था। बीडीओ शिवजन्म राम ने बताया कि प्रखंड में भूकंप की सूचना मिली है, परंतु जान माल की क्षति होने की कोई सूचना अभी तक नहीं मिली है।

### 10 जनवरी को होगी देवाढ सहोदरा मेले की बंदोबस्ती



गौनाहा / प्रखंड थरूहट के ऐतिहासिक देवाढ सहोदरा मेला की बंदोबस्ती 10 जनवरी को अपर समाहर्ता बेतिया के माध्यम से उनके कार्यालय मे 11 बजे पूर्वाहन में की जाएगी। उक्त मेले के डाक हेतु 32 लाख 20 हजार सुरक्षित राशि है। इस आशय की जानकारी देते हुए सीओ विवेक कुमार सिंह ने कहा कि जिला पदाधिकारी बेतिया के निर्देशानुसार देवाढ सहोदरा मेले की बंदोबस्ती की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति सुरक्षित राशि का 10 प्रतिशत जमा कर डाक में भाग ले सकते हैं। सैरात की बंदोबस्ती उच्चतम डाक बोलने वाले व्यक्ति के नाम पर की जाएगी। बंदोबस्ती की राशि का भुगतान एक मुश्त डाक समाप्ति के पश्चात शाम 5 बजे तक कर देनी होगी। देवाढ मेले की बंदोबस्ती वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए की जा रही है। अगर किसी कारणवश मेले की डाक 10 जनवरी को नहीं होती है तो पुनः 17 जनवरी और 24 जनवरी को अपर समाहर्ता के कार्यालय में की जाएगी।

# बगहा : एसएसबी 65 वाहिनी द्वारा दो दिवसीय शहीद विवेक कुमार वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

लोकतंत्र की आवाज

**वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ 65 वाहिनी स.सी.बल बेतिया के प्रांगण में किया गया**



ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा
**बगहा** । 65वी वाहिनीं सशस्त्र सीमा बल बगहा द्वारा वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट कोजा राम लोमरोड़ के मार्गदर्शन में नागरिक कल्याणकारी कार्यक्रम के अंतर्गत शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के विकास के प्रति जागरूकता हेतु सीमावर्ती क्षेत्र के युवाओं, स्थानीय पुलिस प्रशासन, ए.पी.एफ. नेपाल और सशस्त्र सीमा बल की 21 वीं तथा 65 वीं वाहिनी के बल कार्मिकों के मध्य दो दिवसीय शहीद विवेक कुमार वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ 65 वाहिनी स.सी.बल बेतिया के प्रांगण में किया गया।शहीद विवेक कुमार का जन्म 12 अक्टूबर 1987 को बिहार के बक्सर जिले के सिमरीधान गाँव में हुआ था।ये 41 बटालियन सशस्त्र सीमा बल में 2007 से सेवारत थे जो नक्सल विरोधी गतिविधियों क रोकने के लिए छतीसगढ़ में तैनात थी । छतीसगढ़ में ड्यूटी के दौरान नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हो गये और सदा के लिए इतिहास के पन्नो में अमर हो गए।इस वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारम्भ एस.सुब्रमण्यम उप–महानिरीक्षक क्षेत्रक मुख्यालय बेतिया एवं उपस्थित अन्य अतिथियों द्वारा शहीद विवेक कुमार को पुष्पांजलि अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।दिनांक 07/10/2025 को खेले गए बेस्ट ऑफ़ थ्री के पहले मुकाबले में गर्दी दोन ने बगहा पुलिस को हराया, दुसरे मुकाबले में ए.पी.एफ. नेपाल ने 21 वाहिनी स.सी.बल बगहा को तीसरे मुकाबले में 65 वाहिनी स.सी.बल बेतिया ने मटेरिया को तथा अंतिम चौथे मुकाबले में हरनाताड़ ने परसौनी को हराया।इस प्रतियोगिता के विजेता टीमों के मध्य सेमी फाइनल तथा फाइनल मुकाबला दिनांकः 08/01/2025 को 65 वाहिनी स.सी.बल बेतिया के प्रांगण में खेला जाएगा।इस आयोजन के दौरान एस.सुब्रमण्यम उप–महानिरीक्षक क्षेत्रक मुख्यालय बेतिया, तपेश्वर संबित राउत कमान्डेंट 21 वाहिनी स.सी.बल बगहा कोजा राम लोमरोड़ कार्यवाहक कमांडेंट 65 वाहिनी स.सी.बल बेतिया, शम्भू कोटवाल डी.एस.पी. ए.पी.एफ. नेपाल, अभिषेक सुहाने उप–कमांडेंट, कुमार देवेन्द्र, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बगहा, रवि कुमार, सनफ्लावर चिल्ड्रेन्स एकैडमी पटखौली तथा महर्षि वाल्मीकि कॉलेज बगहा के शिक्षक तथा विद्यार्थी, ग्राम गर्दी दोन, परसौनी, हरनाताड और मटेरिया के युवा, प्रतिभागी खिलाड़ी एवं बड़ी संख्या में बल कार्मिक उपस्थित थे।

## खतरनाक स्टैंड कर रहे बाइक राइडर को पुलिस ने किया गिरफ्तार




लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा
**बगहा** । नगर थाना की पुलिस ने खतरनाक स्टैंड कर रहे बाइक राइडर को गिरफ्तार किया। बाइक भी पुलिस ने जब्त किया। इस बारे में जानकारी देते हुए नगर थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि बाइक राइडर को हिरासत में लिया गया था। उसे बांड भरवाते हुए छोड़ गया है। उसे चेतावनी भी दी गई है कि आगे से ऐसी हरकत ना करें। बाइक राइडर नगर थाना के चकनी गांव निवासी 25 वर्षीय शमशेर अली बताया गया है। बता दे की आए दिन युवा वर्ग में बाइक राइडिंग का भूत सवार है। लगातार इससे दुर्घटना हो रही है लोगों की जान भी जा रही है। हाल ही में रेल बनने दो युवकों की जान भी चली गई है। बावजूद युवा वर्ग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं।

## बैंक के अच्छे खाताधारियों को शाखा प्रबंधक ने किया सम्मानित। पुराने ऋण जमा करें खाताधारी –मनोज कुमार काजी।



लोकतंत्र की आवाज

**गौनाहा** । प्रखंड भारतीय स्टेट बैंक गौनाहा द्वारा मंगलवार को बैंक परिसर में आयोजित समारोह में नियमित खाता धारी व अच्छे जमाकर्ताओं को डायरी व कैलेंडर देकर सम्मानित किया गया। भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक मनोज कुमार काजी ने बताया कि खाता के सही संचालन हेतु बैद्यनाथ प्रसाद यादव, भारत गैस एजेंसी के प्रॉपरइटर अशोक कुमार, शाहिद प्रवेज, रितेश दिसवा, फिरोज खां, शैलेंद्र यादव सहित दर्जनों लोगों को डायरी व कैलेंडर देकर सम्मानित किया गया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए शाखा प्रबंधक ने कहा कि जिनके जिम्मे में केसीसी या अन्य बकाया ऋण है वे यथाशीघ्र अपना पुराना बकाया ऋण जमा करें। इस मौके पर हेड कैशियर आशीष कुमार, अकाउंटेंट उत्तम कुमार, अभिषेक कुमार व साधु राउत आदि उपस्थित थे।

## मोतिहारीः बीपीएससी शिक्षक की शर्मनाक करतूत, 9वीं की छात्रा को लेकर हुआ फरार, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शिक्षक को किया गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज



ब्यूरो चीफ शशिकांत
**मोतिहारी** । पूर्वी चंपारण जिले में एक शिक्षक ने गुरु–शिष्या पवित्र रिश्ते को शर्मसार कर दिया। दो बच्चों के पिता बीपीएससी शिक्षक स्कूल में पढ़ने वाली 9वीं कक्षा की छात्रा को लेकर फरार हो गया हालांकि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी शिक्षक को अरेस्ट कर लिया है। छात्र को भगाने में सहयोग करने वाला एक शिक्षक भी पुलिस की रडार पर है। दरअसल, गिरफ्तार शिक्षक अरेराज प्रखंड के उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय रामश्रीया में पदस्थापित है। पुलिस ने नाबालिक छात्रा के मेडिकल जांच और 164 की बयान में जुटी है। वही पुलिस के रडार पर गुरुजी व छात्रा को भगाने में सहयोग करने वाले विद्यालय के एक शिक्षक भी पुलिस के रडार पर है। छात्रा के साथ फरार गुरुजी शादीशुदा और दो बच्चे के बाप बताया जा रहा है। प्राप्त सुचना के अनुसार, शिक्षक पटना के बाढ़ के रहने वाले शंभू प्रसाद के पुत्र विजय कुमार बताया जा रहा है। जो अपने पत्नी और दो बच्चों के साथ ही स्कूल के पास ही किराए पर एक कमरा लेकर रहता था। इस संबंध में मलाही थानाध्यक्ष ने बताया कि नाबालिग के परिजनों से दो दिन पूर्व में आवेदन प्राप्त हुई थी, जिसके आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों को आज गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शिक्षक के ऊपर पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं, शिक्षक को भगाने में सहयोग करने वाला दूसरे शिक्षक के विरुद्ध साक्ष्य जुटाया जा रहा है।

## कुबेर हत्याकांड में पुलिस ने शूटर समेत तीन बदमाशों को किया गिरफ्तार हत्याकांड में पहले ही कुबेर के दो सगे भाइयों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल

लोकतंत्र की आवाज



ब्यूरो चीफ शशिकांत
**मोतिहारी** । पुलिस ने बीआरपी कुबेर पांडेय हत्याकांड में शामिल शूटर समेत तीन अपराधियों को हथियार और गोली के साथ गिरफ्तार किया है। पिछले दिनों अपराधियों ने बीआरपी कुबेर पांडेय की हत्या स्कूल से आने के दौरान गोली मार के कर दी थी जिसके बाद बाद कोहराम मचा था। पूर्वी चंपारण पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने घटना के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले के उद्भेदन के लिए अरेराज डीएसपी रंजन कुमार के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया था। पुलिस ने कुबेर पांडेय के बड़े भाई लोकेश पांडेय को घटना के कुछ ही घंटे बाद गिरफ्तार कर लिया था। वहीं शूटर बाबर आजम को पहाड़पुर इलाके से कारतूस और बंदूक के साथ गिरफ्तार किया है। शूटर को मोटरसाइकिल और हथियार उपलब्ध कराने वाले दो अन्य युवको को भी पुलिस ने दबोच लिया है। अरेराज एसडीपीओ रंजन कुमार ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि कुबेर पांडे हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है मुखय शूटर बाबर आजम को कारतूस और बंदूक के साथ– साथ मोटरसाइकिल उपलब्ध कराने वाले युवकों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। बाबर आजम के खिलाफ पांच मामले पहले से ही विभिन्न थानों में दर्ज हैं।

## अंतरराष्ट्रीय वैदिक ज्योतिष आचार्य डॉ बाल्मीकि प्रसाद को मध्यप्रदेश के उज्जैन में प्रदान की गई, हिन्द गौरव सम्मान

लोकतंत्र की आवाज




ब्यूरो चीफ शशिकांत, मोतिहारी
देश के सुप्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय वैदिक ज्योतिष एवम् आध्यात्मिक गुरु, पूर्वी चम्पारण जिले के केसरिया प्रखंड अंतर्गत नयागांव निवासी आचार्य डॉ बाल्मीकि प्रसाद को बाबा महाकाल की पावन नगरी उज्जैन में ₹हिन्द गौरव सम्मान ₹ प्रदान कर सम्मानित किया गया। दिनांक चार एवं पांच जनवरी 2025 को मध्यप्रदेश के उज्जैन में मां शारदा ज्योतिषधाम अनुसंधानम इंदौर के तत्वधान में संस्थापक पंडित दिनेश गुरु जी के द्वारा 34वां दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय वैदिक ज्योतिष एवं वास्तु महासम्मेलन आयोजित किया जिसमें देश के सुप्रसिद्ध ज्योतिषी वास्तुविद अंकज्योतिष टैरो रीडर एवं आयुर्वेद के लगभग पांच सौ विद्वतजनों ने भाग लिया था, इस अंतरराष्ट्रीय महासम्मेलन को उज्जैन के थ्री स्टार होटल श्री राजाराम पैलेस मेंआयोजित किया गया था, जो काफी भव्य एवं सफल रहा। इस मौके पर आचार्य डॉ बाल्मीकि प्रसाद ने इस विशिष्ट एवं गौरवपूर्ण सम्मान को प्राप्त करने के उपरांत आयोजक संस्थापक पंडित दिनेश गुरु जी एवं संस्थान के सभी पदाधिकारियों सहित देश एवं जिले के सभी आत्मीय जनों को नमन वंदन एवं आभार प्रकट किया।

## रोटी बैंक बेतिया करती हैं असहाय, बेसहारा लोगों के बीच प्रतिदिन भोजन वितरण ट्रस्ट की पूरी टीम डीआईजी हर किशोर राय से की मुलाकात

लोकतंत्र की आवाज



क्षितिज राज
**बेतिया** ।07–01– 2025 रोटी बैंक बेतिया ट्रस्ट, एक धर्मार्थ ट्रस्ट जो निर्धन लोगों को भोजन उपलब्ध कराने के लिए समर्पित है, ने हाल ही में पुलिस उप महानिरीक्षक ( डीआईजी ) हर किशोर राय की मेजबानी की।बैठक के दौरान, रोटी बैंक बेतिया ट्रस्ट के प्रतिनिधियों ने ट्रस्ट द्वारा की गई विभिन्न सामाजिक पहलों को प्रस्तुत किया, जिसमें जरूरतमंद लोगों को भोजन उपलब्ध कराने की उनकी दैनिक प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला गया।डीआईजी श्री हर किशोर राय ने रोटी बैंक बेतिया ट्रस्ट के निस्वार्थ प्रयासों के लिए अपनी गहरी प्रशंसा व्यक्त की और उनके मिशन के लिए अपने अटूट समर्थन का वचन दिया। उन्होंने संगठन में आजीवन सदस्यता स्वीकार करके अपनी प्रतिबद्धता को और भी प्रदर्शित किया।रोटी बैंक बेतिया के संस्थापक संजू गिरी ने कहा, ₹हमें श्री हर किशोर राय सर से इस तरह का प्रोत्साहन मिलने पर बहुत गर्व है।₹ ₹उनका समर्थन अमूल्य होगा क्योंकि हम अपनी पहुँच का विस्तार करने और अपने समुदाय के एक बड़े हिस्से की सेवा करने का प्रयास कर रहे हैं।मौके पर संरक्षक संतोष सिंह एवं मनदीप राय, सेवादार अंकित कुमार सोनू जायसवाल विनीत कुमार कुश कश्यप अंशु कश्यप संदीप जयसवाल मिथिलेश शर्मा।

## सांगठनिक जिला बगहा के नए जिला अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किए गए अचिंत्य कुमार लाला

लोकतंत्र की आज



ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा
**बिहार** । प्रदेश में भाजपा संगठन के कार्यो को संगठन पर्व के रूप में कर रही है तथा सभी जिलों में संगठन के काम जोर सोर से चल रहा है, और सभी जिलों में कार्यकर्ताओं को नए दायित्व मिल रहे है। सभी जिला में नए जिलाध्यक्षों को चुनाव भी हो रहा है।इसी क्रम में सांगठनिक जिला बगहा के नए जिलाध्यक्ष के रुप में श्री अचिन्त्य कुमार लल्ला उर्फ रामेश्वर प्रसाद को नियुक्त किया गया। नए जिलाध्यक्ष के घोषणा एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन बगहा भाजपा जिला कार्यालय में किया गया।नए जिलाध्यक्ष के नाम के घोषणा के लिए जिला अधिकारी रामसूरत राय ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष के रूप में अचिन्त्य कुमार लल्ला उर्फ रामेश्वर प्रसाद के नाम का अधिकारिक घोषणा किये साथ हीं प्रदेश से क्षेत्रिय प्रभारी विकाश सिंह भी मौजूद रहे। निवर्तमान जिलाध्यक्ष भूपेन्द्रनाथ तिवारी ने नए जिलाध्यक्ष को बढ़ाई एवं शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए उनके सफल कार्यकाल एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना किये। स्थानीय विधायक राम सिंह ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किये, उन्होंने नए जिलाध्यक्ष को शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि हमे पूर्ण विश्वास है कि नए जिलाध्यक्ष के कार्यकाल में भाजपा जिला का सगठन नए ऊर्जा के साथ नई मज़बूती और उचाईयों को प्राप्त करेगा। कार्यक्रम में रामनगर की विधायिका पद्मश्री भागीरथी देवी, पूर्व मंत्री राजेश सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष मधुकर राय, रविन्द्र श्रीवस्तव, सतीश वर्मा, जिला उपाध्यक्ष रितु जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष हृदयानंद दुबे, नंदकिशोर राम, वीरेंद्र तिवारी, चंद्रभूषण सिंह, अजया राय, सुजीत चौरसिया, सोमेश पांडेय, मनोज सिंह, संजय पाण्डे, प्रमोद काजू, नागेन्द्र सहनी, राजन गुप्ता, विजय साहू, प्रमोद राम, धनंजय यादव, ओमनिधि वत्स, गोविंद जायसवाल, दीपू जायसवाल सहित जिला के सभी पदाधिकारी, सभी मंडल अध्यक्ष, मंडल के सभी पदाधिकारी एवं अन्य कार्यकता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बस–ऑटो की टक्कर में आधे दर्जन घायल



बेनीपुर। बेनीपुर–बिरौल मुख्य मार्ग पर मंगलवार की सुबह घने कुहासे के कारण नारबांध के निकट बस एवं ऑटो के टक्कर में ऑटो में सवार आधा दर्जन लोगों घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने टेम्पो पर सवार सभी घायलों को घटनास्थल से ईलाज के लिए डीएमसीएच भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीआर 0 7पी 6296 नम्बर की तेज रफ्तार में दरभंगा की ओर जा रही बस ने सामने से दरभंगा से बेनीपुर की तरफ आ रही ऑटो को नारबांध के निकट ठोकर मार दी। स्थानीय लोगों के अनुसार घने कोहरा होने के वाबजूद दोनों वाहनो का तेज रफ्तार में होने के कारन यह दुर्घटना हुई है। जिसमें टेम्पो में सवार सभी व्यक्ति घायल हो गए। वहीं बस चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बहेड़ा थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर बस एवं ऑटो को जप्त कर लिया है।

### रात में घर में आग लगाने का आरोप



बेनीपुर। नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड–28 निवासी लक्ष्मी नारायण झा ने बहेड़ा थाना में आवेदन देकर गांव के ही रामकुमार ठाकुर पर सुप्तावस्था में घर में आग लगा देने का आरोप लगाया है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि सोमवार की रात हम लोग जिस घर में सोये हुए थे। उसी घर में राम कुमार अपने कुछ सहयोगी से आग लगा दिया। इसी दौरान लगभग 12 बजे आग की ताप से नींद खुली, तो जिस घर में हम लोग सोए हुए थे, वह घर जल रहा था। जैसे–तैसे घर से बाहर निकले, तो देखा की रामकुमार ठाकुर एवं 10 की संख्या में अन्य लोग भाग रहे हैं। इससे ऐसा प्रतीत हुआ कि यही लोग मेरे घर में आग लगाकर भाग गए। क्योंकि उनसे मुझे पूर्व से ही जमीनी विवाद चल रहा है। इसलिए मेरे जान–माल को क्षति पहुंचने के लिए उन लोगों ने यह षड्यंत्र रचा है। घर में रखे समान जलकर राख हो गए। इस संबंध में पूछने पर थाना अध्यक्ष चंद्रकांत गौरी ने कहा कि आवेदन मिला है। मामले की जांच कर कारवाई की जाएगी।

### 195.66 लीटर विदेशी शराब के साथ क्षतिग्रस्त स्कार्पियो एसएच–75 से जप्त



कमतौल। स्थानीय थाना पुलिस के गस्ती दल ने मंगलवार की अहले सुबह मब्बी–कमतौल पथ (एसएच–75) में माधोपट्टी चौक के समीप पथ किनारे लावारिश अवस्था में पड़े क्षतिग्रस्त स्कार्पियो को जप्त किया है। वाहन के आसपास शराब की बहुत सारी टूटी बोतले बिखरी पड़ी थी। वाहन में कोई आदमी नहीं था। वाहन की तालाशी लेने पर ऑफिसर च्वाइस 750 एमएल पैक में 48 बोतल, ऑफिसर च्वाइस 180 एमएल पैक में 515 बोतल एवं ब्लू स्ट्रोक 180 एमएल पैक में 372 बोतल बरामद कर जप्त किया। कयास लगाया जाता है कि शराब लदा स्कार्पियो वाहन बीते रात सड़क दुर्घटना में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण चालक ने वाहन को छोड़ भाग खड़े होने में ही भलाई समझी है। इस संदर्भ में पुलिस निरीक्षक सह कमतौल थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि जप्त विदेशी शराब की कुल मात्रा 195.66 लीटर है। वाहन को भी जप्त कर थाना ले आया गया है। शराब की अवैध तस्करी करने के आरोप में वाहन के अज्ञात चालक एवं स्वामी के विरुद्ध कमतौल थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। अनुसंधान अ.नि. रामाशंकर पांडेय कर रहे है।

# प्रशांत किशोर का स्वास्थ्य लाभ हेतु विशेष पूजा अर्चना विष्णुपद मंदिर में किए हैं– रामाधार सिंह

### तबीयत में खराब होने के बाद राजधानी के पटना स्थित मेदांता अस्पताल में भर्ती हुए है

लोकतंत्र की आवाज़



**गया ।** पटना में आमरण अनशन के दौरान जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर के ऊपर पुलिस द्वारा अभद्र व्यवहार के कारण उनकी तबीयत में खराब होने के बाद राजधानी के पटना स्थित मेदांता अस्पताल में भर्ती हुए है। गयाजी के ज्ञान और मोक्ष की भूमि मोक्ष में विश्व प्रसिद्ध विष्णुपद मंदिर में जन सुराज पार्टी के नेता कार्यकर्ताओं ने प्रशांत किशोर का शीघ्र स्वास्थ्य लाभ हेतु विशेष पूजा हवन जन सुराज के प्रदेश संगठन के नेता रामाधार सिंह के नेतृत्व में किया गया है। इस संबंध में जन सुराज के प्रदेश संगठन के नेता रामाधार सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में सबको आजादी है अपनी बातों को बोलने का रखने का और आंदोलन करने का। प्रशांत किशोर का स्वास्थ्य लाभ हेतु विशेष पूजा अर्चना विष्णुपद मंदिर में किए हैं। गयाजी मोक्ष और ज्ञान की धरती गया में हम लोग मौजूद हैं और आपके चैनल के माध्यम से अपने लोगों तक यह मैसेज पहुंचाना चाहता हूं कि जहां भी हैं हमारे आदरणीय प्रशांत किशोर की शुभकामना और उनके स्वास्थ्य के कामना कर सकते हैं। अभी हम लोग कुछ देर पहले मां के दरबार में गए हुए थे दर्शन करने और हम लोग हवन किया है कि जल्दी प्रशांत किशोर ठीक हो जाए और फिर से बच्चों के जो उन्होंने आवाज उठाया है उसमें 7 दिन लंबा संघर्ष चला है उन्होंने बिना कुछ खाए पिए सात दिन तक बच्चों के संघर्ष के किया है। प्रशांत किशोर फिर से वह स्वस्थ होकर बच्चों के लिए न्याय लड़े है और आगे भी लड़ते रहेंगे। मैं जनसूराजी होने के नाते से बताना चाहता हूं कि वह पीछे हटने वाले में से नहीं है। थाना में उनसे लिखवाया जा रहा था कि इसके बाद आप आंदोलन न करें अगर बच्चों के भविष्य के लिए जान भी चली जाए तो रुकूंगा नहीं मैं एक ही शर्त पर अपना आंदोलन रोकेगा जब आप बीएससी बच्चों का एग्जाम करवा ले तब या अब हमारे बच्चों से बात करें तब जब वहां पर बच्चों सीएम हाउस मिलने के लिए गए हैं तब आप बच्चों पर लाठी चलाई गई बेरहमी से और तो और कड़ाके के ठंड में ठंडा पानी अभ्यर्थियों पर डाला गया है,अब आप कल्पना कीजिए कितना भयानक स्थिति हुआ होगा। प्रशांत जी बच्चों के साथ है क्योंकि बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं और प्रशांत किशोर ने कहा है कि अभी हमने गांधी मैदान से शुरूआत किया है और जब तक हमारे बच्चे के लिए सरकार न्याय नहीं करती है तब तक हम सब अनशन पर बैठे रहेंगे। यह तो अब शुरुआत है सरकार हमारे बच्चों के हित में निर्णय ले। प्रशांत किशोर ने पूछा है कि आप हमारे बच्चों के भविष्य के लिए चंद रूपयो में जो आपने सौदा किया है आप कल्पना कीजिए पटना ऐसी शहर में जो बच्चे अपने कई साल से इस कड़ी मेहनत कर तैयारी में जुटे रहते हैं अपनी जर जमीन जायदाद बेचकर और आप एग्जाम को रद्द कर देते हैं। ऐसे में परिवार पर और बच्चों पर क्या स्थिति से गुजरना पड़ता है।

### प्रदेश युवा उपाध्यक्ष डॉ बी डी शर्मा ने जन सुराज के सुत्रधार प्रशांत किशोर जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना



लोकतंत्र की आवाज़

**गया।** जन सुराज पार्टी के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ बीडी शर्मा ने जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर के बेहतर स्वास्थ्य लाभ एवं उनके दीर्घायु जीवन की कामना को लेकर मंगलवार को शहर के विभिन्न मंदिरों में दर्शन पूजन कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। उन्होंने शक्तिपीठ माता मंगला गौरी एवं अक्षयवट स्थित वृद्ध प्रपिता महेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव पर जलाभिषेक कर उनके स्वास्थ्य लाभ के लिए दुआ मांगी है। डॉ बीडी शर्मा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं बीपीएससी के अफसरों के सद्बुद्धि के लिए भी प्रार्थना किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा प्रशांत किशोर समेत उनके समर्थकों को सोची समझी साजिश के तहत निशाना बनाया गया है। सरकार में बैठे अफसर शाह बीपीएससी पीटी प्रश्न पत्र लीक के दोषी हैं इसके बावजूद भी उन्हें बचाया जा रहा है जो सरकार के तानाशाही रवैया को दर्शाता है। बीपीएससी अभ्यर्थियों को पुनर्परीक्षा आयोजित कर न्याय संगत मांग को पूरा किया जाए।

## एक अभियुक्त को भेजा जेल



लोकतंत्र की आबाज

**दिलीपकुमार ठाकुर**
**वारिसनगर/समस्तीपुर।** मथुरापुर थाना पुलिस के पुलिस पदाधिकारी एसआई राकेश कुमार द्वारा मथुरापुर थाना कांड संख्या 102/19 दिनांक एक मई 2019 धारा साधारण अपहरण के मामले मे अप्राथमिकी अभियुक्त मिथुन कुमार पेसर नरेंद्र सिंह साकिन तेघरा थाना बलवाहत जिला सहरसा को वहां के स्थानीय थाना पुलिस के सहयोग से गिरफ्त मे ले मथुरापुर थाना लाया गया एवं उचितमार्गरक्षण मे माननीय सदर न्यायालय मे उपस्थापन वास्ते भेजा की पुस्टि एसएचओ मुकेश कुमार ने की है।

## जगदीशपुर नपं पंचायत में कई अलग– अलग जगहों पर जल रहा है अलाव नपं के चेयरमैन संतोष कुमार यादव ने बताया कि अलाव जलाने की व्यवस्था ब्लॉक मोड़, झंझरिया पोखरा, अखौरी मुहल्ला, दुलौर गली, किला गेट चौराहा, सदर बाजार, कोतवाली, थाना रोड, मीट मार्केट, नयका टोला रैन बसेरा के समीप आदि जगहों पर की गई है

लोकतंत्र की आवाज़



**जगदीशपुर/भोजपुर ।** जगदीशपुर नगर पंचायत क्षेत्र में कड़ाके की ठंड को देखते हुए नपं द्वारा अलाव जलाने की व्यवस्था शुरू की गई है। पहले दिन 8 सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाए गए थे, लेकिन नगरवासियों के आग्रह और जरूरत को देखते हुए 20 अलग–अलग सार्वजनिक जगहों पर अलाव जलाए गए।नपं के चेयरमैन संतोष कुमार यादव ने बताया कि अलाव जलाने की व्यवस्था ब्लॉक मोड़, झंझरिया पोखरा, मंगरी चौक, डीएम रोड, ओझा बाजार, अखौरी मुहल्ला, दुलौर गली, किला गेटचौराहा, सदर बाजार, कोतवाली, थाना रोड, मीट मार्केट, नयका टोला रैन बसेरा के समीप आदि जगहों पर की गई है। इसके अलावा, अंचल प्रशासन की ओर से भी इसाढ़ी बाजार, तेंदुनी चौक, दलीपपुर महादलित टोला, दुल्हीनगंज बाजार और आयर गांव के चार अलग–अलग जगहों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है।

## आठ केंद्रों पर आयोजित होगी जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा

लोकतंत्र कि आवाज



**मुरारी झा**
**दरभंगा।** जिला दंडाधिकारी राजीव रौशन ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 18 जनवरी 2025 (शनिवार) को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 01: 30 बजे अपराह्न तक दरभंगा जिला के 08 परीक्षा केंद्रों यथा–बीकेडी बालक उच्च विद्यालय जिला स्कूल, लहेरियासराय, एमएल एकेडमी, लहेरियासराय, एमआरएम उच्च विद्यालय, लालबाग, सफी मुस्लिम उच्च विद्यालय, दरभंगा, आरएनएम राजकीय बालिका उच्च विद्यालय, लहेरियासराय, एमकेपी विद्यापति उच्च विद्यालय, लहेरियासराय, सर्वोदय उच्च विद्यालय गंगासागर, देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद बालिका उच्च विद्यालय, दरभंगा में आयोजित होगी। जिला में उक्त परीक्षा को स्वच्छ, शांतिपूर्ण, कदाचारमुक्त एवं सुचारूपूर्वक संचालित कराने हेतु नीरज कुमार दास, अपर समाहर्त्ता–सह अपर जिला दण्डाधिकारी, दरभंगा वरीय प्रभारी पदाधिकारी एवं कृष्णचन्द्र सदा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, दरभंगा को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। साथ ही उक्त परीक्षा को संचालित कराने हेतु अन्य सभी संबंधित आवश्यक कारवाई भी करेंगे। उक्त परीक्षा में परीक्षा केन्द्र पर शांति–व्यवस्था बनाये रखने हेतु परीक्षा तिथि दिनांक 18 जनवरी 2025 को अनुमंडल पदाधिकारी, सदर, दरभंगा अपने अनुमंडल अन्तर्गत सभी परीक्षा केन्द्रों के आस–पास 200 मीटर की परिधि में दं०प्र०सं० की धारा–144 के तहत निषेधाज्ञा लागू करेंगे।

## मिनीगाछ :सरहा नेपाल की टीम ने शील्ड पर जमाया कब्जा

लोक तंत्र की आवाज



**मनीगाछी।** ब्रहमपुर–सकरी स्थित केवल नारायण भारतीय फुटबॉल मैदान में शहीद प्रभात कुमार मेमोरियल फुटबॉल टुर्नामेंट के तहत हुए फाइनल मैच में मंगलवार को सिरहा, नेपाल एवं खगड़िया टीम के बीच हुए प्रतिस्पर्धात्मक रोमांचक मुकाबले में सिरहा, नेपाल की टीम ने एक गोल से जीतकर शील्ड अपने नाम करने में कामयाबी हासिल कर ली। सैकड़ों दर्शकों से भरे फुटबॉल मैदान में टॉस जीतकर खेल की शुरूआत करते हुए नेपाल की टीम ने खेल के मध्यांतर से पूर्व ही एक गोल कर खगड़िया की टीम को चुनौती दी। जिसकी भरपाई खगड़िया की टीम अपने अच्छे प्रदर्शन के बाद भी नहीं कर पाई। नेपाल की टीम के खिलाड़ियों में शामिल 4 नंबर के खिलाड़ी ने गोल कर अपनी बढ़त बनाए रखी और खिताब अपने नाम करने में सफल रही। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व मंत्री सह क्षेत्रीय विधायक ललित कुमार यादव ने विजेता नेपाल की टीम के कैप्टन सुरेन्द्र चौधरी को शील्ड के साथ ही बेस्ट 22 का अवार्ड एवं 51 हजार रुपये नगद पुरस्कार से सम्मानित किया। जबकि उप विजेता खगड़िया की टीम के कैप्टन मो अशद को राघोपुर उत्तरी की मुखिया पूनम देवी ने 21 हजार रुपये नगद देकर पुरस्कृत किया। मैन ऑफ द रनर का खिताब नेपाल के खिलाड़ी विष्णु दोनवार एवं बेस्ट गोलकी का खिताब खगड़िया के गोलकीपर को दिया गया। मैच में विधायक समीर महासेठ सहित अन्य प्रमुख लोग उपस्थित थे। भारतीय फुटबॉल क्लब की ओर आयोजित इस मैच के प्रमुख आयोजक रमणजी चौधरी, उद्घोषक संजू झा एवं स्थानीय चंदन झा की प्रमुख भूमिका थी।

## कौन बनेगा करोड़पति' में आदर्श ग्राम पंचायत दावां के मुखिया ने कार्यों को साझा किया

लोकतंत्र की आवाज



**जगदीशपुर/भोजपुर ।** सोमवार को सोनी चैनल के लोकप्रिय टीवी शो 'कौन बनेगा करोड़पति' में जगदीशपुर प्रखंड के आदर्श ग्राम पंचायत दावां की मुखिया सुषुमलता ने अपने पंचायत में किए गए कार्यों को साझा किया। उन्हें अपनी पंचायत में सैनिटरी पैड प्लांट स्थापित करने और संगिनी ब्रांड पैड बनाने के काम के लिए एक सफल मुखिया के रूप में आमंत्रित किया गया था।शो के दौरान, होस्ट कर रहे अमिताभ बच्चन ने सुषुमलता को ₹यशस्वी मुखिया₹ के रूप में पेश किया और उनसे अपने अनुभव साझा करने के लिए कहा। सुषुमलता ने बताया कि कैसे उन्होंने जीविका दीदियों के साथ मिलकर सेनेटरी पैड प्लांट स्थापित किया और कैसे उनकी पंचायत की महिलाएं इसके उत्पादन में शामिल हैं। अमिताभ बच्चन ने उनके काम की सराहना की और तालियां बजाकर उन्हें बधाई दी। सुषुमलता के रिश्तेदार, समर्थक और शुभचिंतक शो देखने के लिए उत्साहित थे और कई लोगों ने उनकी उपलब्धि पर उन्हें बधाई देने के लिए सोशल मीडिया पर वीडियो और तस्वीरें साझा कीं। सुषुम्लता ने कहा कि उन्हें गर्व है कि उनके पंचायत में यह सब हो पाया और यह सभी के सहयोग से संभव हुआ है।

## दरभंगा वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया

लोकतंत्र कि आवाज



**मुरारी झा**
**दरभंगा ।** वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा दिसंबर माह– 2024 की मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन पुलिस कार्यालय दरभंगा में किया गया। जिसमे नगर पुलिस अधीक्षक, दरभंगा/सहायक पुलिस अधीक्षक/सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी/ पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय/पु0 उपाधीक्षक–रक्षित/ पु0 उपाधीक्षक–यातायात/सभी अंचल पुलिस निरीक्षक/सभी थानाध्यक्ष /एवं सभी शाखा के प्रभारी शामिल हुए` वरीय पुलिस अधीक्षक, दरभंगा के द्वारा थानाबार पूर्व से लंबित कांड /दिसंबर माह में प्रतिवेदित कांड/दिसंबर माह में निष्पादित कांडों की शीर्षवार क्रमशः हत्या, डकैती, लुट, दहेज हत्या समीक्षा की गई लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन हेतु कतिपय निर्देश दिए गए खासकर प्रतिवेदित कांडो से 2.5 गुना से अधिक लंबित न रहे इस संबंध में दिशा निर्देश दिया गया` एवं रउ/रळ (60 दिनों के अंदर)/पॉस्को/सड़क दुर्घटना के कांडों को निर्धारित समय सीमा के अन्दर निष्पादित करने के निर्देश दिया गया` त्वरित गति से निष्पादन हेतु काण्ड में अभियुक्तों की गिरफ्तारी वारंट/इश्तेहार /कुर्की को लेकर एवं विशेष/अविशेष कांडो में पर्यवेक्षण टिप्पणी निर्गत करने हेतु भी आश्यक दिशा–निर्देश दिया गया प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को अनुसन्धान मीटिंग में वरीय पादाधिकारी/प८वेक्षी पदाधिकारी/थानाध्यक्ष द्वारा सभी अनुसंधानकर्ता से जख्म जांच रिपोर्ट, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, ारछ रिपोर्ट, वारंट, इश्तेहार,कुर्की के कारण लंबित कांडो का रिपोर्ट लेंगे` एवं राज्य से बाहर अभियुक्त की गिरफ्तारी के कारण लंबित कांडों का रिपोर्ट लेंगे एवं कांड निष्पादन में त्वरित गति से निष्पादन के दिशा में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया` सीसीए, गुंडा, डोसियर प्रस्ताव एवम् शराब कांडो में एक माह से पहले सभी शराब कांडो में जब्त शराब का शराब विनष्टिकरण राजसात प्रस्ताव सात दिनों के अंदर भेजने हेतु हिदायत किया गया। धारा –107 इठरर के तहत कांड में वांछित अभियुक्तों का चिन्हित कर प्रतिवेदन देने हेतु सभी थानाध्यक्षों को सूची देने के लिए निर्देशित किया गया। मुख्यमंत्री ी–ीिँ बोर्ड, जन शिकायत, जॉब रिलीटेड कैरेक्टर वेरिफिकेशन, पासपोर्ट वेरिफिकेशन, अभियोजन कोषांग के कार्यों के बारे में भी चर्चा की गई।आगामी सरस्वती पूजा 2025 को लेकर अभी से ही तैयारी करने संबंधित थाना अध्यक्ष को दिशा निर्देश दिया गया ।दिनांक 11.01.25 को माननीय मुख्यमंत्री के भ्रमण कार्यक्रम के अवसर पर विधि व्यवस्था एवं श्श्क्ढ सुरक्षा को लेकर समीक्षात्मक बैठक कर निर्देशित किया गया ।सभी थानाध्यक्षों को अपने–अपने थाना के अनुसंधानकर्ताओं को ई– साक्ष्य ऐप का रजिस्ट्रेशन करवाने एवं मोबाइल में डाउनलोड करने का दिशा निर्देश दिया गया। पुलिस थाने में आने वाले परिवादी के साथ पुलिस कर्मी संवेदनशीलता के साथ बात करे एवं उनकी समस्या सुनकर हर संभव समाधान करने का प्रयास करे। साथ ही पुलिस सभा का आयोजन किया गया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### सलखुआ थाना के गोरगामा गांव में हुए महिला की मौत मामले का एसपी ने किया निरीक्षण



लोकतंत्र की आवाज
सहरसा संवादाता। सोमवार को जिले के सलखुआ थाना क्षेत्र के गोरगामा गांव गांव में हुए महिला की मौत मामले को लेकर एसपी हिमांशु द्वारा स्वयं घटनास्थल का निरीक्षण किया गया था। उनके साथ सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने घटनास्थल पर बारीकी से निरीक्षण किया था। साथ ही मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उनकी भी व्यथा भी सुनी थी। जिसके बाद घटना पर एफएसएल की टीम को बुलवाकर साक्ष्य का संकलन कराया गया था। साथ ही महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया था। वही सिमरी बख्तियारपुर एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन कर घटना के हर बिंदु की जांच करने का भी उनके द्वारा निर्देश दिया गया था। उन्होंने बताया कि महिला की मृत्यु की सूचना मिली थी। घटनास्थल का निरीक्षण किया गया था। एफएसएल की टीम से साक्ष्य का संकलन कराया गया था। घटना के सभी पहलुओं की जांच कर जल्द ही घटना का सफल उद्भेदन किया जाएगा।

### गुरु गोविंद सिंह का जीवन प्रेरणादायक, प्रकाश पर्व के रूप में मना जयंती

लोकतंत्र की आवाज
सहरसा संवादाता। स्थानीय पटुआहा स्थित ईस्ट एन वेस्ट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह की जयंती 'प्रकाश पर्व' के रूप में मनाया गया। बीएड विभागाध्यक्ष डॉ बसंत कुमार मिश्रा व प्राध्यापक प्रमुख प्रियंका पांडेय ने कहा उनकी शिक्षाएं सभी को धर्म, शांति और सौहार्द के मार्ग पर ले जाने का संदेश देती है। उन्होंने कहा गुरु गोविंद सिंह सिखों के दसवें गुरु थे। उनकी जयंती को 'प्रकाश पर्व' के रूप में मनाया जाता है। खालसा पंथ की स्थापना करने वाले गुरु गोविंद सिंह का जन्म 1666 में पटना साहिब में हुआ था। महाविद्यालय के प्राध्यापक सह जनसंपर्क पदाधिकारी अभय मनोज व परीक्षक नियंत्रक अंशु कुमार गुप्ता ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह महाराज शहीद पिता के पुत्र हैं और शहीद पुत्रों के पिता भी हैं। गुरु तेग बहादुर जी महाराज ने देश व धर्म के लिए शहादत दी। गुरु गोविंद सिंह जी महाराज उस समय गुरु तेग बहादुर महराज को प्रेरित कर रहे थे कि देश व धर्म पर संकट है, यदि किसी महान आत्मा का बलिदान होगा तो जो विधर्मी हमारे देश व धर्म को नष्ट करते हुए उतावले दिखाई दे रहे हैं। वे बेनकाब होंगे और देश इसके खिलाफ खड़ा होगा। महान बलिदान के लिए आपसे उपयुक्त कौन हो सकता है। उपस्थित छात्राध्यापक व छात्राध्यापिकाओं को गुरु गोबिंद सिंह के जीवनी से सीख लेकर देश व समाज निर्माण के लिए शिक्षा दान का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डीएलएड विभागाध्यक्ष डॉ उमाशंकर कुमार सिंह प्राध्यापक संतोष कुमार, रंजन कुमार राहुल कौशिक, श्रीनिवास, अखिलेश कुमार, नवनीत प्रकाश, शबनम कुमारी, कुमार मनीष रंजन, सहित अन्य मौजूद थे।

### राज्य सरकार ने एचएमपीवी के बढ़ते मामलों को देखते हुए जारी की एडवाइजरी, स्वास्थ्य विभाग हाई अलर्ट पर

लोक तंत्र की आवाज
अररिया। देश के विभिन्न राज्यों में एचएमपीवी (ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस) के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी देखी जा रही है। यह वायरस, कोरोना की तरह ही ऊपरी और निचले श्वसन पथ में संक्रमण फैलाता है, और इसके लक्षण सामान्यत: सर्दी, खांसी और बुखार जैसे होते हैं। हालांकि, यह वायरस पांच साल से कम उम्र के बच्चों, कमजोर इम्यूनिटी वाले व्यक्तियों और बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याएं उत्पन्न कर सकता है। इस बढ़ते खतरे को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी जिलाधिकारियों और सिविल सर्जनों को एक एडवाइजरी जारी की है, जिसमें संबंधित मामलों पर सतर्कता बनाए रखने और तत्काल कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। सदर अस्पताल के प्रभारी अधीक्षक डॉ. आकाश कुमार राय ने बताया कि एचएमपीवी वायरस कोई नया वायरस नहीं है, और देश में 2001 से इसके मामले सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा, "इस वायरस के बारे में घबराने की आवश्यकता नहीं है।

# सुंदर कोशी स्वस्थ कोशी विकसित कोशी और समृद्ध कोशी का सपना हो साकार

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवादाता।** प्रमंडलीय मुख्यालय सहरसा के बहुप्रतिक्षित जनसमस्याओं के समाधान एवं जनसमृद्धि हेतु कोशी विकास संघर्ष मोर्चा की ओर से मांग पत्र, प्रगति यात्रा में आज की तारीख में यह बात हकीकत है कि राज्य आपके नेतृत्व में बहुत तेजी से विकास कर रही है। प्रगति यात्रा में आप सुन्दर कोशी स्वस्थ कोशी विकसित कोशी और समृद्ध कोशी बनाने हेतु सहरसा आ रहे हैं। कोशी विकास संघर्ष मोर्चा आपका हार्दिक अभिनंदन करती है।

साग्रह निवेदन करते हैं कि माननीय के प्रगति यात्रा में सहरसा को बहुत कुछ देने वाले हैं। महोदय, वर्षों से उपेक्षित कोशी प्रमंडलीय मुख्यालय, सहरसा जहाँ कोशी बांध के अंदर बसे सैकड़ों गांवो सहित अन्य सैकड़ों गांवों शहरों के लोग गरीबी बेरोजगारी बाढ विभीषिका से तंग तवाह हैं। अधिकांश लोग विभिन्न संक्रमित एवं जटिल बीमारियों से आक्रांत हैं 1 इस हेतु एम्स सहरसा का मांग पिछले दस वर्षों से हो रहा था। हमारी सरकार यहाँ की स्थिति से भिज्ञ होकर उच्च स्तरीय सरकारी मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल की घोषणा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त 2023 को गांधी मैदान पटनासे घोषणा कर यहाँ के लोगों को बहुत बड़ी सौगात देने का कार्य किये हैं। इसके लिए यहाँ की जनता माननीय मुख्यमंत्री का आभार प्रकट कर रही है। यह कि सहरसा में पिछले कई दशकों से शहर में चार ओवरब्रिज का निर्माण हो ताकि भयानक शहर जाम से छुटकारा मिल सके।

कैंसर अस्पताल सहरसा में बनाया जाए। हवाई अड्डे का विस्तार के साथ परिचालन प्रारंभ हो। कोशी विकास प्राधिकरण का विस्तार कर इसका जनहित में कार्य प्रारंभ हो। विज्ञान केन्द्र को तारामंडल के तर्ज पर बनाया जाए। शहर का एकमात्र सुपर बाजार जो विकास का आस देख रही है इसका जीर्णोद्धार हो।

बस स्टैंड एवं रेलवे रैक प्वाइंट जो शहर के बीचोबीच अवस्थितहोने के कारण वायु प्रदूषण से सदैव सहरसा का एयर क्वालिटी इंडेक्स बढ़ा रहता है इसे शहर से बाहर किया जाय। आर्थिक रूप से हमारा सहरसा सबसे पिछड़ा होने के कारण यहाँ कृषि क्षेत्र को समृद्ध करने हेतु मंडन भारती एग्रीकल्चर कॉलेज को विश्वविद्यालय का दर्जा दिलाने की पहल किया जाए। देश का दूसरा टीवी टॉवर को चालू करवाया जाए। सहरसा क्लब एवं गौशाला को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए। स्कूल कॉलेज के आगे से मांस मछली के दुकानों को अन्यत्र बसाया जाए। सभी प्रखंड मुख्यालयों में दमकल केंद्र और सभी पंचायतों में श्मशान घाट का निर्माण कराया जाए। साथ ही कम से कम 5 हजार करोड़ रुपये का विशेष धन राशि गरीब कोशी वासियों के विकास एवं कल्याणार्थ सरकार घोषणा करें अतः प्रार्थना है कि ऊपरोक्त तथ्यों के आलोक में सहरसा के चतुर्दिक विकास हेतु श्रीमान स्वयं स्थिति से भिज्ञ होकर विशेष धनराशि एवं ऊपरोक्त सही मांगों को स्वीकार करने का आदेश प्रदान करें ताकि बिहार के सबसे गरीब जिले वासी अन्य विकसित जिले के समकक्ष में आ सके। विस्वासभाजन विनोद कुमार झा, अध्यक्ष। प्रवीण आनंद संरक्षक कोशी विकास संघर्ष मोर्चा सहरसा। ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू फ्रेंड्स ऑफ आनंद, अनंत झा रौशन जिला अध्यक्ष प्लूरॉल्स पार्टी, सुभाष गांधी, शंभु कुमार जेडीयू नेता, कैलाश यादव, राजद नेता प्रभाकर कुमार मुन्ना आदि ने जिलाधिकारी को ज्ञापन समर्पित किया।

# राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा का मधुबनी जिलाध्यक्ष चुनाव आज

लोक तंत्र की आवाज



**मधुबनी।** राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा और परशुराम सेवा संस्थान की ओर से आज मधुबनी जिले में जिलाध्यक्ष का चुनाव आयोजित किया जाएगा। यह महत्वपूर्ण चुनाव बेनीपट्टी स्थित निलांबर चौधरी कॉलेज में अपराह्न 12:30 बजे से होगा। इस चुनाव में न केवल जिलाध्यक्ष, बल्कि कार्यकारी जिलाध्यक्ष और प्रखंड अध्यक्षों का भी चयन किया जाएगा।

राष्ट्रीय संयोजक और प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष कुमार झा ने बताया कि इस प्रक्रिया के तहत प्रखंड स्तर पर भी कार्यकारिणी गठित की जाएगी और तीन कार्यकारी जिलाध्यक्ष नियुक्त किए जाएंगे। उनका उद्देश्य संगठन का विस्तार करना और गांव-गांव में अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी गठित कर राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा को मजबूत करना है। इस चुनावी बैठक में सनातनी चंदन तिवारी, युवा प्रभारी अभिनंदन पांडेय, प्रदेश सचिव गणेश मिश्र सहित अन्य प्रमुख प्रादेशिक पदाधिकारी भी उपस्थित होंगे। इन पदाधिकारियों ने ब्राह्मण समाज के पुराने और नए कार्यकर्ताओं से आह्वान किया है कि वे संगठन को सशक्त बनाने के लिए एकजुट होकर काम करें।

ब्राह्मण समाज के प्रतिष्ठित नेताओं और जनप्रतिनिधियों को भी इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है, जिनमें जिला पार्षद अलका झा, कांग्रेस अध्यक्ष मनोज मिश्र, भा.ज.पा जिलाध्यक्ष शंकर झा, जदयू बेनीपट्टी प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप झा वासु और अन्य ब्राह्मण जनप्रतिनिधि शामिल हैं। बैठक का मुख्य उद्देश्य ब्राह्मण समाज को एकजुट करना, संगठन की कार्यशैली को मजबूत करना और राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के द्वारा किए गए कार्यों को जनता तक पहुंचाना है।

# संतमत श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

लोकतंत्र की आवाज

**पतरघट सहरसा संवादाता।** प्रखंड क्षेत्र के किशनपुर पंचायत स्थित कारुबाबा खेल मैदान में सोमवार के सुबह से संतमत श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ स्तुति प्रार्थना के साथ शुरू हुआ। इस आयोजन से संत प्रेमियों में हर्ष का माहौल व्याप्त हैं। महर्षि मेंही आश्रम कुप्पा घाट से पधारे स्वामी श्री गुरूनंदनजी महराज ने सोमवार को यज्ञ का शुभारंभ किया। स्वामी गुरुनन्दन महराज के द्वारा प्रवचन भजन व ग्रंथ पाठ किया गया।

उन्होंने अपने प्रवचन में कहा श्रीमद् भागवत महापुराण महर्षि वेदव्यास का रहस्यमय मधुर ग्रंथ हैं। तथा जीव का कल्याण के लिए संत ज्ञान वैराग्य और भक्ति आदि का उपदेश विविध प्रकार से करते हैं। भागवत में भक्त भगवान और भक्ति के स्वरूप का वर्णन है। भक्ति वाह्य आडम्बरों से रहित ईश्वर के नाम और रूप के माध्यम से जीव का कल्याण होता है। स्वामी गुरू नंदनजी महाराज ने कहा मनुष्य के दुःखों का मूल कारण संसाधनों का अभाव नहीं बल्कि उनका किया गया अशुभ कर्म है। भगवान नाम से स्मरण और भगवद रूप के चिंतन से मनुष्य अशुभ कृत्यों से मुक्त होकर धुंधकारी और अजामिल के तरह सुखी होते हैं। वहीं किशनपुर महर्षि मेंही आश्रम के उपेन्द्र बाबा ने कहा यह कार्यक्रम 6 जनवरी से 12 जनवरी तक होना है। प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से और अपराहन 2 से भजन कीर्तन एवं स्तुति विनती के साथ प्रवचन प्रतिदिन होना है।

जीवन में कुछ पाने के लिए वैराग्य एवं त्याग की जरूरत पड़ती है। जन्मभूमि से बढ़कर कोई तीर्थ नहीं है। इसलिए भागवत कथा का आयोजन लोग अपनी जन्म भूमि पर ही कराते हैं। जिससे उन्हें दोहरा पुण्य प्राप्त होता है। एक तो गांव के लोगों को भगवान की कथा का सार मिल जाता है। यज्ञ की सफलता में राजकुमार यादव, बिजेंद्र यादव, सरपंच प्रतिनिधि राधेश्याम ठाकुर सहित समस्त किशनपुर एवं पामा के संत प्रेमि शामिल है।

# उपेन्द्र कुशवाहा को फैक्टनेब का ज्ञापन: वेतन-संरचना और प्रतिमाह वेतन भुगतान की मांग

लोक तंत्र की आवाज



**पटना।** बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ (फैक्टनेब) ने आज एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राज्य सभा सांसद उपेन्द्र कुशवाहा को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने शिक्षाकर्मियों के लिए स्थिर वेतन-संरचना लागू करने, प्रतिमाह वेतन भुगतान सुनिश्चित करने और विभिन्न अन्य लंबित मांगों को लेकर अपना पक्ष प्रस्तुत किया। महासंघ का यह कदम लंबे समय से चल रहे संघर्ष को एक नया मोड़ देने की कोशिश है।

**वेतन-संरचना में सुधार की जोरदार मांग:** फैक्टनेब ने ज्ञापन में बताया कि वर्तमान में संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों में शिक्षाकर्मियों को परीक्षा परिणाम आधारित अनुदान के रूप में भुगतान किया जाता है, जो कि न केवल असंगत है, बल्कि बहुत ही अस्थिर और कम है। महासंघ ने यह मांग की कि इस भुगतान प्रणाली को बदलकर एक स्थिर और नियमित वेतन-संरचना बनाई जाए, जिसके तहत शिक्षाकर्मियों को प्रतिमाह निश्चित वेतन प्राप्त हो सके। साथ ही, लंबित अनुदान राशि का बजटीय उपबंध कर शिक्षाकर्मियों के बैंक खातों में एकमुश्त राशि का भुगतान भी सुनिश्चित किया जाए।

**महंगाई को देखते हुए वेतन में वृद्धि की आवश्यकता:** महासंघ ने महंगाई को ध्यान में रखते हुए यह मांग भी की कि 2008 में निर्धारित वेतन को बढ़ाया जाए और स्नातक तथा इंटर कक्षाओं के उत्तीर्ण छात्रों की वास्तविक संख्या के आधार पर प्रत्येक श्रेणी के लिए नए वेतन मानक तय किए जाएं। इसके तहत, स्नातक प्रथम, द्वितीय और तृतीय खण्ड के लिए छात्र-छात्रा के हिसाब से वेतन राशि में उचित वृद्धि की जाए। महासंघ का कहना है कि बढ़ती महंगाई के कारण यह वेतन मानक अब अपर्याप्त हो गए हैं।

**हस्ताक्षर अभियान में राजनेताओं का समर्थन:** आज के ज्ञापन के साथ एक हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमें राज्यसभा सांसद उपेन्द्र कुशवाहा के अलावा विधायक सुरेश राम और जगरनाथ ठाकुर ने भी हस्ताक्षर कर शिक्षाकर्मियों के पक्ष में अपना समर्थन जताया। महासंघ के महासचिव प्रो. राजीव रंजन के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में अन्य प्रमुख सदस्य जैसे प्रो. अरुण गौतम, प्रो. श्रवण कुमार, डॉ. पितृ कुमार, डॉ. यादवेन्द्र कुमार, प्रो. अनिल कुमार, डॉ. अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, डॉ. शंभुनाथ सुमन, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. मणिन्द्र कुमार और डॉ. सुमन्त कुमार सिन्हा भी उपस्थित रहे।

**चार दशकों से जारी संघर्ष :** महासंघ ने बताया कि संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों के शिक्षाकर्मियों द्वारा वेतन-संरचना और अन्य सुधारों की यह मांग पिछले चार दशकों से की जा रही है। इस दौरान शिक्षाकर्मियों ने कई चरणों में संघर्ष किया है, लेकिन अब तक इस मुद्दे का कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। महासंघ ने कहा कि यदि इन मांगों को जल्द लागू नहीं किया गया, तो वे संघर्ष को और तेज करेंगे।

**महत्वपूर्ण मुद्दे और भविष्य की रणनीति :** इस ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि इन मांगों का सिर्फ शिक्षाकर्मियों के लिए ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए भी महत्वपूर्ण असर पड़ेगा। महासंघ ने शिक्षाकर्मियों के अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया है। संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों के शिक्षाकर्मियों के इस संघर्ष ने अब तक कई बार ध्यान आकर्षित किया है, और अब फैक्टनेब उम्मीद कर रहा है कि इस ज्ञापन और हस्ताक्षर अभियान से सरकार और संबंधित विभागों पर दबाव बनेगा, ताकि जल्द ही इन मांगों का समाधान किया जा सके।

# पेंशनर समाज फारबिसगंज की नववर्ष पर पहली बैठक: साहित्यकार कमलेश्वर को दी गई श्रद्धांजलि, नए अभियान और गणतंत्र दिवस की तैयारियों पर चर्चा

लोक तंत्र की आवाज



**फारबिसगंज।** सोमवार को बिहार राज्य पेंशनर समाज अनुमंडल शाखा फारबिसगंज की नववर्ष की पहली बैठक स्थानीय पेंशनर भवन में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता सभापति उमेश प्रसाद वर्मा ने की, और मंच संचालन का कार्य उपसभापति शिवनारायन दास उर्फ भानू एवं उपसचिव सह मीडिया प्रभारी विद्यानंद पासवान ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में पेंशनर्स ने एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दी और संगठन के आगामी कार्यक्रमों के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की।

**साहित्यकार कमलेश्वर को श्रद्धांजलि:** बैठक की शुरुआत साहित्यकार कमलेश्वर के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित करके की गई। पं. रामदेनी तिवारी ₹द्विजनेनी क्लब₹ के संस्थापक सचिव और पेंशनर समाज के सदस्य विनोद कुमार तिवारी ने कमलेश्वर की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कमलेश्वर का जन्म 6 जनवरी 1932 को मैनपुरी (उत्तर प्रदेश) में हुआ था और वे साहित्य जगत के एक प्रतिष्ठित नाम थे। उन्होंने साहित्य अकादमी और पद्मभूषण जैसे उच्चतम पुरस्कार प्राप्त किए। उनकी रचनाएं साहित्यिक धारा को दिशा देने वाली रही हैं, और उनका निधन 27 जनवरी 2007 को हुआ था। बैठक में पिछले महीने मनाए गए पेंशनर दिवस की समीक्षा भी की गई। इस दौरान कार्यक्रम की सफलता पर संतोष व्यक्त किया गया। सचिव मधुसूदन मंडल ने संगठन की आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया, जिसे सभी ने अनुमोदित किया। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी से सेवानिवृत और राजद के वरिष्ठ सदस्य विमल कुमार मंडल को कार्यकारिणी का सदस्य चुना गया। उन्हें फूल माला से सम्मानित किया गया।

**नए सदस्य पेंशनर समाज से जुड़े:** बैठक में कई नए सदस्य पेंशनर समाज से जुड़े। इनमें मध्य विद्यालय करवल्ला धत्ता से सेवानिवृत प्रधानाध्यापक अखिलेश कुमार देव, प्रधानाध्यापिका से सेवानिवृत मीरा सिंह, और शिक्षिका विभा कुमारी शामिल हैं। सभी ने पेंशनर समाज की सदस्यता ग्रहण की और समाज की गतिविधियों में भागीदारी की इच्छा जताई। बैठक में सभी उपस्थित सदस्यों ने एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और अच्छे स्वास्थ्य और खुशहाल जीवन की कामना की। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिला कर मुंह मीठा किया और आयोजन को उत्साहपूर्ण तरीके से मनाया। बैठक में आगामी गणतंत्र दिवस के आयोजन पर भी चर्चा की गई। यह निर्णय लिया गया कि गणतंत्र दिवस को धूमधाम से मनाया जाएगा और समाज के सदस्यों के बीच इस दिन विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**बैठक का समापनङ** बैठक के अंत में सभापति उमेश प्रसाद वर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया और संगठन की गतिविधियों को सक्रिय रखने की अपील की। उन्होंने पेंशनरों की समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। बैठक में उपसभापति शिवनारायन दास उर्फ भानू, उपसभापति सच्चिदानन्द मेहता, सचिव मधुसूदन मंडल, उपसचिव सह मीडिया प्रभारी विद्यानंद पासवान, कोषाध्यक्ष शांति कुमारी, हरिशंकर झा, प्रो. दिलीप कुमार अग्रवाल, हरिनारायण रजक, सूर्यकांत ठाकुर, गौरीशंकर प्रसाद, रायमंड सोरेन, अशोक कुमार रामदास, बातेशनाथ झा, जगन्नाथ मंडल, शोभाचंद साह, विनोद कुमार तिवारी, जीवुत नारायण कुंवर, देवेंद्र झा, कुमारी मीना, पृथ्वीचंद दास, रामप्रकाश यादव, जयराम शर्मा आदि मौजूद थे।

# डीएम वैभव चौधरी ने डेंगराही पहुंचकर किया निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज



**सिमरी बख्तियारपुर/सहरसा।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जिले में आयोजित संभावित यात्रा को लेकर डीएम वैभव चौधरी ने मंगलवार को सलखुआ प्रखंड के पूर्वी कोसी तटबंध के भीतर दियारा के डेंगराही कोसी नदी घाट पर पहुंच मध्य विद्यालय डेंगराही, उप स्वास्थ्य केन्द्र कबीरा धाप का निरीक्षण किया। डीएम ने मध्य विद्यालय डेंगराही का निरीक्षण करते हुये पेयजल, शौचालय समेत अन्य विन्दुओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया। साथ ही दियारा के विभिन्न मुख्य मार्ग जर्जर रहने को लेकर डीएम ने कार्यपालक अभियंता संबंधित को निर्देश दिया गया है की जो भी विभागीय नियम है उसके अनुकूल सभी जगह अच्छा कार्य करे, जिससे आमजन को दिक्कत न हो।

डीएम ने कहा कि आगामी 23 जनवरी को मुख्यमंत्री महोदय का आगमन हो रहा है। जिसको लेकर विभिन्न विभागों द्वारा कार्यो की तैयारी की जा रही है।ज्ञात होगी 23 जनवरी को सहरसा जिले में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आगमन को लेकर जिला अधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी के द्वारा विभिन्न स्थानों का निरीक्षण कर विधि व्यवस्था चुस्त दुरुस्त किया जा रहा है। इसी करी में मंगलवार को डी एम वैभव चौधरी, डीडीसी संजय कुमार निराला, एसडीओ अनीशा सिंह, एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर, बीडीओ, मधु कुमारी, सीओ पुष्पांजलि कुमारी, पंचायती राज पदाधिकारी संजीव कुमार, संख्याकी पदाधिकारी राजेश रंजन त्रिपाठी व अन्य ने तटबंध के अंदर डेंगराही कोसी नदी घाट प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र कबीर धाप एवं डेंगराही घाट पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण को लेकर लगाए गए प्लाट का स्थल निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने एसडीओ समेत अन्य पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बताया जाता है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की संभावित यात्रा से पहले जिला अधिकारी ने सलखुआ प्रखंड के डेंग्रही कोसी नदी घाट पर पहुंचकर डेंग्रही में निर्माण होने वाले उच्च स्तरीय फूल का जायजा लेते हुए पुल निर्माण एजेंसी के इंजीनियर को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संभावित यात्रा डेंगराही में हो सकता है। डेंगराही में करीब 415 करोड़ की लागत से उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कार्य होना है। पुल निर्माण एजेंसी के द्वारा नदी के दोनों साइड में प्लांट बैठाया गया है। जिससे डेंग्रही और खोचरदेवा के बीच दोनों तरफ से पुल निर्माण का कार्य अभिलंब शुरू किया जाएगा ज्ञात हो कि उच्च स्तरीय पुल निर्माण का समय सात माह बीत चुका है लेकिन नदी में पुल निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ।

# बलचंदा गांव में हुई भीषण डकैती मामले में अपराधियों को मिलेगी कड़ी सजा : विधायक

लोक तंत्र की आवाज



**कुर्साकांटा।** अररिया जिले के कुर्साकांटा थाना क्षेत्र के बलचंदा गांव में 6 जनवरी 2025 को दिनदहाड़े डकैती की वारदात घटी, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। अपराधियों ने एक घर में घुसकर लूटपाट करने की कोशिश की, लेकिन जब स्थानीय लोगों ने विरोध किया तो अपराधियों ने गोलीबारी और बमबाजी शुरू कर दी। इस हमले में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

घटना की जानकारी मिलते ही एसपी (वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक) और एएसपी (उप पुलिस अधीक्षक) ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का दौरा किया। वहीं, इस मामले की गंभीरता को देखते हुए एएसपी के नेतृत्व में स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम का गठन कर दिया गया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से अपराधियों का सुराग जुटाना शुरू कर दिया है। इस हमले में तीन पीड़ितों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने कहा कि जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

वहीं, इस घटना के बाद स्थानीय विधायक विजय कुमार मंडल ने भी बलचंदा गांव का दौरा किया। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उन्हें हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि सरकार और पुलिस प्रशासन इस घटना को लेकर गंभीर है और अपराधियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए पूरी कोशिश की जाएगी। पुलिस प्रशासन अब तक इस वारदात को सुलझाने में जुटा हुआ है।

# तेजस्वी बनाएंगे बिहार को एक समृद्ध, समावेशी और आत्मनिर्भर राज्य: मंडल अविनाश आनंद

लोक तंत्र कीआवाज



**फारबिसगंज।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और वर्तमान नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने राज्य की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक उत्थान के लिए ऐतिहासिक ₹माई-बहिन मान योजना₹ की घोषणा की है। इस योजना के तहत बिहार की प्रत्येक महिला को हर महीने 2500 रुपये की सहायता दी जाएगी, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार आएगा और उन्हें वित्तीय स्वतंत्रता मिलेगी। साथ ही, राज्य सरकार ने महिलाओं के लिए समाजिक सुरक्षा पेंशन, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन और विकलांगता पेंशन की राशि को 400 रुपये से बढ़ाकर 1500 रुपये करने का भी वादा किया है।

राजद नेता और अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष मंडल अविनाश आनंद ने फारबिसगंज विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में इस योजना के महत्व को लेकर व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने पुरवारी झिरुआ, औराही पश्चिम, पछियारी झिरुआ, औराही पूरब, हलहलिया, रहिकपुर ठिलामोहन, तिरसकुंड, रमै, मुशहरी, सैफगंज, मिर्जापुर और अड़राहा पंचायतों में जाकर महिलाओं से मुलाकात की और उन्हें माई-बहिन मान योजना के फायदे और उसके कार्यान्वयन के बारे में विस्तार से समझाया।

मंडल अविनाश आनंद ने कहा, ₹हमारी पार्टी के नेता तेजस्वी यादव का सपना है कि बिहार की हर महिला को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाया जाए। इस योजना के तहत महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये मिलेंगे, जिससे उनका जीवन सरल और आर्थिक रूप से मजबूत होगा। इसके अतिरिक्त, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन और विकलांगता पेंशन की राशि को बढ़ाकर 1500 रुपये की जाएगी, ताकि समाज के कमजोर वर्ग को भी सामाजिक सुरक्षा मिले।

तेजस्वी यादव के नेतृत्व में बिहार सरकार के कई अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन से महिलाओं और समाज के अन्य वर्गों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने की योजना, महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक विकास को सशक्त बनाने के अलावा राज्य में रोजगार के अवसरों का सृजन भी करेगी। मंडल अविनाश आनंद ने आगे कहा, जब तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बनेंगे, तो हम बिहार के हर युवा को सरकारी नौकरी देंगे। इसके अलावा, उद्योगों को बढ़ावा देकर पलायन को रोका जाएगा, जिससे बिहार में एक सशक्त और आत्मनिर्भर राज्य बनेगा।₹ उन्होंने यह भी कहा कि तेजस्वी यादव ने पिछले सत्रह महीनों में चार लाख सरकारी नौकरियों के अवसर प्रदान किए हैं, और राज्य में चिकित्सा सेवाओं में सुधार कर युवाओं के रोजगार के अवसर सृजित किए हैं।

राजद नेता ने महिलाओं से अपील की कि वे ₹माई-बहिन मान योजना₹ का लाभ उठाएं और तेजस्वी यादव के नेतृत्व में बिहार को नया आयाम देने के लिए भागीदार बनें। उन्होंने कहा, ₹यह योजना महिलाओं को सिर्फ आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगी। राजद नेता मंडल अविनाश आनंद ने यह भी कहा कि तेजस्वी यादव के नेतृत्व में बिहार में कई योजनाओं के माध्यम से महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं और समाज के हर वर्ग को आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के मौके मिलेंगे। अब बिहार के लोग तेजस्वी यादव के नेतृत्व में नई और सशक्त बिहार की ओर कदम बढ़ा रहे हैं, जहां हर किसी को समान अवसर मिलेंगे और समाज का समग्र विकास होगा। तेजस्वी यादव ने भी यह कहा है कि वे बिहार को एक समृद्ध, समावेशी और आत्मनिर्भर राज्य बनाएंगे, जहां हर वर्ग के नागरिक को समान अवसर मिले और बिहार फिर से विकास की दिशा में अग्रसर हो।

## संक्षिप्त खबरें ।

### चतरा के कुंदा मे बढ़ी टंड, बुजुर्ग एवं असहाय को अब तक नहीं मिला कम्बल



लोकतंत्र की आवाज

कुंदा( चतरा )। कपकापाती टंड के बाद भी अब तक बुजुर्गों के बीच प्रशासन की ओर से किसी भी पंचायत मे कम्बल का वितरण नहीं किया गया है जिसके कारण बुजुर्ग दिव्यांग व असहाय को टंड में काफ़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है,बुजुर्ग किसी तरह से आलाव का सहारा लेकर टंड से अपने आप को बचाव कर रहे हैं ज्ञात हो की प्रत्येक वर्ष बढ़ते टंड को लेकर राज्य सरकार गरीबी रेखा से नीचे बसर करने वाले वृद्ध,दिव्यांग, विधवा समेत अन्य असहाय लोगों के बिच कंबल वितरण करती है लेकिन अब तक कंबल का वितरण न करना विभागीय उदासीनता को दर्शाता है हालांकि इस संदर्भ में प्रखंड बिकास पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन उनका नंबर नेटवर्क क्षेत्र से बाहर रहने के कारण संपर्क नहीं हो सका ।

### एनडीपीएस मामले मे फरार अभियुक्त सुरेन्द्र गंझू के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



लोकतंत्र की आवाज

कुंदा( चतरा)। पलामू के पांकी थाना पुलिस एनडीपीएस मामले में फरार चल रहे आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर सख्त हो गई है।एनडीपीएस मामले में फरार चल रहे अभियुक्त के घर पांकी थाना पुलिस व कुंदा पुलिस ने संयुक्त रूप से कुंदा थाना क्षेत्र के एकता गाँव निवासी सुरेन्द्र गंझू के घर इश्तेहार चिपकाया हैं अभियुक्त के घर पर इश्तेहार चिपकाते हुए अभियुक्त को सरेंडर करने के लिए दबाव बनाया गया है। कुंदा थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह ने बताया कि एनडीपीएस के मामले के प्राथमिक अभियुक्त कांड संङ्ग 96/2021 में फरार चल रहे सुरेन्द्र गंझू उर्फ सुंदर गंझू पिता जीतन गंझु के घर इश्तेहार चिपका कर जल्द सरेंडर करने को कहा गया है, उन्होंने कहाँ है की अभियुक्त न्यालय के समक्ष जल्द समर्पण नहीं करता है तो कुर्की जप्ती की कार्रवाई की जाएगीइस अभियान में जिला बल के जवान शामिल थे।

### मोती झरना में पर्यटकों को सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराया जाए:बजरंगी महतो



लोकतंत्र की आवाज

साहिबगंज। हिंदू धर्म रक्षा मंच के प्रदेश महासचिव बजरंगी महतो ने साहिबगंज उपायुक्त को पत्र लिख कर तालझारी प्रखंड अंतर्गत मोती झरना व मोती नाथ बाबा मंदिर पर जालीदार तार लगाने की मांग की।उन्होंने बताया कि साहिबगंज जिला का प्रसिद्ध एकमात्र जलप्रपात पर्यटन स्थल मोती झरना व मोती नाथ बाबा मंदिर है।आए दिन पड़ोसी राज्य बिहार,पश्चिम बंगाल,उड़सिा एवं जिला के आस पास के सैकड़ों कि संख्या में पर्यटकों का आगमन होते रहता है।मोती झरना में लगभग 200 फीट की ऊंचाई से पानी गिरता है।जलप्रपात के साथ पत्थरों का टुकड़ा नीचे गिर जाता है ठीक जलप्रपात के समीप ही मोती नाथ बाबा का गुफा मंदिर है। उन्होंने बताया कि मोती नाथ बाबा के दर्शन करने के दौरान 200 फीट ऊपर से पत्थर के टुकड़े गिरता रहता है साथ ही साथ ऊपर में बंदरों का भी चहल–पहल होने से भी जलप्रपात में पहाड़ का पत्थर का चट्टान नीचे गिरते रहता है जिससे कभी भी पर्यटकों एवं भक्तों पर कभी भी अप्रिय दुर्घटना घट सकती है और अभी हाल ही में एक बड़ी दुर्घटना घटित होने से बच गई।बजरंगी महतो ने कहा कि पूर्व में भी निवर्तमान उपायुक्त से जालीदार तार लगाने की मांग की गई थी ताकि पर्यटकों सुरक्षित जलप्रपात का मनोरम दृश्य का लुत्फ उठा सके पर अब तक जालीदार तार नहीं लग पाने के कारण पर्यटक अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

### गालहोवार के ग्रामीणों ने विभिन्न गली , टोलों के आम सडकों में गंदे पानी बहाने वालों पर शक्त कार्वाही करने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों को जगाया

लोकतंत्र की आवाज

घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ

हजारीबाग (झारखंड)। दो दिवसीय स्वच्छता अभियान चलायें जाने की पहल को लेकर गाल्होवार ग्रामीणों द्वारा मुखिया एवं पसंस को पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से बताया गया है कि ग्राम पंचायत गाल्होवार के सभी टोलों के गलियों में तेजी से गंदे पानी रोड़ में बहाया जा रहा है। जिससे आवागमन में राहगीरों और ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। साथ ही मंदिर और मस्जिद में जाने से भी परेशानी होता है. इस गंदे पानी के बहाव से अनेकों बिमारियां जैसे मलेरिया डायरिया महामारी और रोड दुर्घटना होने का भी संभावना है। इसको लेकर 40+ गाल्होवार के तहत,8 जनवरी दिन बुधवार समय 10 बजे अपराह्न से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है जिससे अधिक से अधिक संख्या में सदस्यों का समर्थन और भाग लेने की अनुरोध किया है। मुख्य रूप से अध्यक्ष मो० साजिद हुसैन, सचिव नेमचंद महतो, कोषाध्यक्ष डेगलाल महतो,आसिन अंसारी, चेतलाल मंडल,रोहित राम, रोहित लाल महतो, सीताराम बरनवाल, मो० अब्बास अंसारी,विजय रजक, रंजीत कुमार शर्मा, किशोर शर्मा, संतोष कुमार शर्मा, सागर कुमार मंडल, घनश्याम प्रजापति, नारायण महतो उर्फ टेनी, पवन प्रजापति, संजय महतो, इम्तियाज (छोटू), तालेश्वर महतो, सलमान अंसारी, कृष्णा महतो, पवन महतो,रंजीत महतो,गणेश महतो, विष्णु महतो, अजय महतो,संजय महतो, संदीप महतो, साहिल अंसारी, महम्मुद अंसारी, उज्जवल उर्फ चीकू बरनवाल, राज महतो,सचिन महतो, अमित कुमार,आलम अंसारी (बच्चन), मो० वसीम अंसारी, विक्रम राठौर ,चंदन टाकुर,नारायण प्रजापति, दिलीप साव , उमेश बरनवाल, प्रदीप टाकुर, चंदन मंडल आदि सदस्यों का हस्ताक्षर अंकित है।

# 450 रुपये में एलपीजी और 3200 एमएसपी का वादा भूल गये वित्त मंत्री ! बचाव में उतरा झामुमो , भाजपा ने की घेराबंदी

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**

**रांची(झारखंड)।** झारखंड में चुनाव पूर्व वादों को धरातल पर उतारने की कवायद शुरु हो चुकी है. इसका सबसे बड़ा उदाहरण है मंईयां सम्मान योजना. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस योजना के लाभुकों के बीच 2,500 रु प्रति माह की पहली किस्त जारी कर दी है. सीएम हेमंत सोरेन ने इस पहल को महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता की दिशा में पहला कदम करार दिया है. दूसरी ओर 450 रु. में एलपीजी और 3200 रु. धान की एमएसपी के वादे पर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के बयान से उपजे संशय के बादल को हटाने के लिए झामुमो को सामने आना पड़ा है. वहीं भाजपा ने वादों से मुकरने का आरोप लगाकर सरकार को घेरना शुरु कर दिया है.




**सस्ता एलपीजी और एमएसपी पर क्या बोले वित्त मंत्री :** दरअसल, 5 जनवरी को बजट पूर्व एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से पूछा गया था कि 450 रु में एलपीजी और 3200 रु के हिसाब से धान का समर्थन मूल्य क्यों नहीं मिल रहा है. इस सवाल पर वित्त मंत्री ने साफ कह दिया कि ₹यह घोषणा इंडिया गठबंधन की नहीं कांग्रेस की थी. जबतक इंडिया गठबंधन के प्लेटफॉर्म पर यह डिसाइड नहीं होता, तबतक इसको इंडिया गठबंधन का वादा नहीं कहा जा सकता है। झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान 5 नवंबर को एक निजी होटल में इंडिया गठबंधन का संयुक्त घोषणा पत्र जारी हुआ था. इसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सीएम हेमंत सोरेन, राजद प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव और भाकपा माले के प्रतिनिधि शामिल थे. इसमें एक वोट पर सात गारंटी का वादा किया गया था. इनमें 450 रु. में गैस सिलेंडर और धान की एमएसपी 3200 रु. प्रति क्विंटल करने का भी जिक्र था.

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा था कि ये सात गारंटी जनता से जुड़ी है. उन्होंने यहां तक कहा था कि इस सातों गारंटी को हम कर सकते हैं. बजट में इनका प्रावधान किया जाएगा. आपको बता दें कि इसी घोषणा पत्र में मंईयां सम्मान की राशि 2,500 रु. प्रति माह करने की गारंटी दी गई थी. जिसे धरातल पर उतारा जा चुका है. इसके लिए रांची के नामकुम स्थित खोजाटोली मैदान में 6 जनवरी को भव्य कार्यक्रम का भी आयोजन हो चुका है.

**वित्त मंत्री फंसे तो बचाव में उतरा झामुमो :** झामुमो ने वित्त मंत्री का बचाव करते हुए भरोसा दिलाया है कि ₹इंडिया गठबंधन के सभी वादों को हमारी सरकार पूरा करेगी. झामुमो प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना के तहत 2,500 रु. की राशि भेजने का काम खटाखट खटाखट शुरु हो चुका है. धान खरीद का समर्थन मूल्य बढ़ाना था लेकिन इसी बीच धान खरीद की प्रक्रिया शुरु हो चुकी है. इसलिए अगले साल से यह व्यवस्था लागू हो जाएगी. उन्होंने कहा कि पांच साल का जनादेश मिला है. लिहाजा, 450 रु. में एलपीजी देने का वादा भी हेमंत सरकार पूरा करेगी.

भाजपा नेता अमर बाउरी ने कहा कि वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के बयान पर आश्चर्य करने की कोई जरूरत नहीं है. उन्होंने कहा कि पंचम झारखंड विधानसभा में भी कांग्रेस के घोषणा पत्र का मामला उठा था. तब कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा था कि घोषणा पत्र तो घोषणा पत्र होता है. उस पर सरकार को जवाब देने की कोई जरूरत नहीं. भाजपा नेता अमर बाउरी ने कहा कि ?450 में एलपीजी देने का वादा झामुमो ने भी अपने घोषणा पत्र में कर रखा है.

इन दोनों प्रमुख घोषणाओं पर वित्त मंत्री के बयान का हवाला देते हुए भाजपा ने मुख्यमंत्री से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है. प्रदेश भाजपा के महामंत्री आदित्य साहू ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी का जनता के साथ धोखेबाजी का पुराना इतिहास है. वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा 450 रु में गैस सिलिंडर देने के वादे को सिरे से नकार देना हेमंत सरकार की नीयत को उजागर करता है. वहीं दूसरी तरफ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आम लोग तरह तरह की टिप्पणी कर रहे हैं. कोई कह रहा है ₹वादे हैं, वादों का क्या ₹. कोई कह रहा है कि महिलाओं को 450 रु. में एलपीजी के लिए सीएम आवास घेरना चाहिए।

## डीएफओ ने टीम के साथ गंगा नदी में डॉल्फिन का किया सर्वे



लोकतंत्र की आवाज

**साहिबगंज।** वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग ने अपनी पूरी टीम के साथ मंगलवार को साहिबगंज से राजमहल के बीच गंगा नदी में डॉल्फिन आश्रयणी का सर्वे किया। टीम ने गंगा नदी में डॉल्फिन से जुड़ी हर जानकारी इकट्ठा की साथ ही गंगा तटों का बारीकी से मुआयना किया।

इस दौरान डॉल्फिन के संभावित शिकार वाले इलाकों का भी जायजा लिया। वहीं डॉल्फिन संरक्षण व संवर्धन की हर एक संभावना की तलाश की। डीएफओ प्रबल गर्ग ने बताया कि डॉल्फिन के संरक्षण व संवर्धन को लेकर आवश्यक कदम उठाये जाएंगे। सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी डॉल्फिन का शिकार ना करे ऐसा करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी डॉल्फिन वाचार व कर्मियों को पूरे गंगीय डॉल्फिन क्षेत्र से अवगत कराया गया है। इस दौरान वनक्षेत्र पदाधिकारी पंचम दुबे, वनपाल राणा रंजीत चौधरी वन रक्षी प्रेम कुमार, राजेश टुडू, सुनील कुमार, पप्पू कुमार, फीलिसिटस हांसदा एवं सभी डॉल्फिन प्रहरी शामिल थे।

## वर्णवाल समाज के द्वारा अहिवरण जयंती मनाया गया





लोकतंत्र की आवाज

**साहिबगंज।** मंडरो प्रखंड क्षेत्र के मिर्जाचौकी दूर्गा मंदिर पोखर परिसर में वर्णवाल जाति के लोगों द्वारा अहिवरण जयंती सह मिलन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें वर्णवाल जाति के राष्ट्रीय एवं राजस्तर के पदाधिकारी उपस्थित हुए ,इस जयंती समारोह को सर्वप्रथम जयंती सह मिलन समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ डा विजय वर्णवाल, झारखंड राज्य वर्णवाल संघ के अध्यक्ष लखन लाल वर्णवाल , राष्ट्रीय सचिव डॉ हर्षवर्धन वर्णवाल, दीपनारायण वर्णवाल एवं झारखंड राज्य महिला वर्णवाल संघ के अध्यक्ष सुषमा वर्णवाल ने संयुक्त रूप से फीता काट कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया ।

वहीं सुप्रिया वर्णवाल एवं सुनिता वर्णवाल ने राजा अहिवरण के तस्वीर पर तिलक एवं फूलमाला पहनाकर आरती की। इस संबंध में डॉ हर्षवर्धन वर्णवाल ने बताया गया कि बुलंद शहर के राजा अहिवरण थे, इनके शासनकाल में चौमुखी विकास एवं प्रजा को अपना वंशज व परिवार मानते हुए नगर बसाया वहां हम सभी आर्यावर्त में सबसे विकसित नगर था ,वरण सूर्य वंश के राजा थे, वरण वंश के नाम पर वरणावती नदी है,वहां वर्णवाल जाति के ही लोग थे वरण वंश, फलता फूलता इस जनपद को देख मोहम्मद गोरी एवं तुगलक वंश ने आक्रमण कर उस नगर को विखंडित कर दिया गया, हर्षवर्धन ने कहा कि प्रधानमंत्री जी को पत्र लिखकर अवगत कराया गया है कि बुलंद शहर का नाम बदलकर वर्ण नगर रखा जाय,ताकि वर्ण वंश की अस्मिता लोग भुलाए नहीं।इस दौरान डॉ विजय वर्णवाल ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बच्चे को बढ़ावा दिया जाए, अपने कार्य शैली को आर्थिक सामाजिक नैतिक पर ध्यान देते हुए समृद्ध एवं शाश्वत बने ,मोके पर उद्घोषक जयवर्धन वर्णवाल सुप्रिया वर्णवाल, ओमप्रकाश वर्णवाल,अभय वर्णवाल, शिवशंकर वर्णवाल सदस्यों में सुबोध वर्णवाल, चन्दन वर्णवाल, रंजित वर्णवाल,पवन वर्णवाल,अंगद वर्णवाल, सहित सैकड़ों वर्णवाल जाति के लोग उपस्थित थे

## कल्याण विभाग के बैंक खाता से लाखों रुपए गायब ! जानें, कैसे हुई अवैध निकासी

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**

**पलामू(झारखंड)।** जिला कल्याण विभाग के अंतर्गत आने झारखंड राज्य आदिवासी सहकारी विकास निगम लिमिटेड के बैंक खाते से लाखों रुपए की अवैध निकासी का मामला सामने आया है. जिस चेक के माध्यम से बैंक खाता से पैसे निकाले गए हैं वह चेक विभाग के पास मौजूद कैंसिल चेक के रूप में मौजूद है.

पलामू में कल्याण विभाग के बैंक खाते से लाखों रुपए गायब हो गये



इस पूरे मामले में जिला कल्याण पदाधिकारी सह निगम के कार्यपालक सेवाराम साहू के आवेदन के आधार पर मेदिनीनगर टाउन थाना में एफआईआर दर्ज किया गया है. इस घटना के बाद पुलिस ने पूरे मामले में अनुसंधान शुरू किया है. झारखंड राज्य आदिवासी सहकारी विकास निगम लिमिटेड पलामू का खाता पंजाब नेशनल बैंक के डालटनगंज शाखा में है.

निगम के कार्यपालक पदाधिकारी सेवा राम साहू ने पुलिस को बताया है 31 दिसंबर को चेक के माध्यम से 99 हजार 400 वहीं 01 जनवरी 2025 को 99 हजार 700 रुपए की निकासी चेक के माध्यम की गई है. जिस चेक से बैंक खाता से लाखों रुपए निकाले गए हैं वह चेक निगम के पास मौजूद है और दोनों कैंसिल्ड चेक्स हैं. इन्हीं दोनों कैंसिल चेक के माध्यम बैंक खाते से लाखों रुपए निकाले गए है.

बैंक खाता से रुपए गायब होने के बाद विभाग को जानकारी मिली थी. जिसके बाद कार्यपालक पदाधिकारी सेवाराम साहू ने पूरे मामले में मेदिनीनगर टाउन थाना को आवेदन दिया है. इस बाबत मेदिनीनगर टाउन थाना देवव्रत पोद्दार ने बताया कि झारखंड राज्य आदिवासी सहकारी विकास निगम लिमिटेड के कार्यपालक पदाधिकारी के आवेदन के आधार पर एफआईआर दर्ज किया गया है. पुलिस पूरे मामले में अनुसंधान कर रही है. इस मामले में बीएनएस की धारा 316(5) और 61(2) के तहत एफआईआर दर्ज किया गया है।

## दो दिवसीय पंचायत से पार्लियामेंट 2.0 ग्राम प0 गंगा प्रसाद पश्चिम- प्रखंड- साहेबगंज जिला- साहेबगंज की मुखिया सोनेलाल मुर्मू कार्यक्रम में भाग ली

लोकतंत्र की आवाज

**मामलोत सेख**

**साहेबगंज ।** दो दिवसीय पंचायत से पार्लियामेंट 2.0 ग्राम प० गंगा प्रसाद पश्चिमी – प्रखंड– साहेबगंज जिला – साहेबगंज की मुखिया सोनेलाल मुर्मू कार्यक्रम में भाग लेने हेतु दिल्ली पहुंची। मुखिया सोनेलाल मुर्मू ने कहा कि पंचायत से पार्लियामेंट कार्यक्रम में प्रधानमंत्री संग्रहालय, राष्ट्रपति भवन, नए संसद भवन, संविधान भवन में महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू , माननीय लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला, राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष श्रीमती विजय रहाटकर, माननीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अपूर्ण देवी, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर के कार्यक्रम सत्र में महिला से संबंधित संवैधानिक प्रावधान एवं पेसा कानून की विशिष्ट चर्चा की गई।



साथ ही प्रधानमंत्री संग्रहालय का भी भ्रमण कराया गया देश के सभी राज्यों से निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के रूप में मुझे प्रतिभागी के रूप में आमंत्रण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायती राज संस्थाओं में निर्वाचित अनुसूचित जनजातियों की महिला प्रतिनिधियों को सशक्त बनाना तथा प्रभावी नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए उन्हें संवैधानिक प्रावधानों, संसदीय प्रक्रियाओं और शासनव्यवस्था के बारे में गहन जानकारी दी गई।

महिलाओं से संबंधित संवैधानिक प्रावधान, जिसमें 73वें संशोधन झ पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम (पेसा अधिनियम) पर विशेष रूप से बल दिया गया । पंचायत से संसद 2024 के क्रम में यह दूसरा कार्यक्रम पंचायत से पार्लियामेंट 2.0 है। इसका उद्देश्य प्रगति को आगे बढ़ाना तथा विशेष रूप से ग्रामीण और जनजातीय समुदायों की महिलाओं की नेतृत्व क्षमता को और सशक्त करना था।

## साहेबगंज में रोजगार सृजन हेतु पॉच दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

**मामलोत सेख**

**साहेबगंज ।** आत्मा सभागार, संयुक्त जिला कृषि भवन परिसर में फसल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत किसानों को कृषि क्षेत्र में रोजगार सृजन हेतु क्षमता संवर्धन हेतु 05 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण दो चरणों में निर्धारित है क प्रथम चरण दिनांक 07.01.2025 से 11.01.2025 तक निर्धारित है, उक्त कार्यक्रम में साहेबगंज, बोरियो, मंडरो एवं बरहेट प्रखंड के तथा द्वितीय चरण का प्रशिक्षण आयोजन की तिथि दिनांक 20.01.2025 से 24.01.2025 तक निर्धारित है



जिसमें शेष प्रखंड यथा– राजमहल, बड़हरवा, उधवा, तालझारी एवं पतना के कृषक भाग लेंगे। डीएओ प्रमोद एक्का के द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। युवा किसानों को कृषि को व्यवसाय के रूप में अपनाने हेतु आहवान किया गया। मौके पर जिला उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन, जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अरुण कुमार भोक्ता, उप परियोजना निदेशक आत्मा मन्टू कुमार, कंचन कुमार सुमन, बीटीएम अजय कुमार पुरी, जिला परामर्शी, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन एवं कृषक मौजूद थे।

# पलामू में अपराधियों ने मजदूर को मारी गोली , नेशनल हाईवे पर टोल के निर्माण में था शामिल

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**

**पलामू(झारखंड)।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के जोरकट में बाइक सवार अपराधियों ने एक मजदूर को गोली मार दी है. गोली मजदूर के पैर में लगी है. जख्मी मजदूर को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में भर्ती करवाया गया है. घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई है और पूरे मामले की छानबीन कर रही है.





- फायरिंग की घटना घटी है. जिसमें एक शख्स जख्मी हो गया है. मामला सदर थाना क्षेत्र का है

जख्मी मजदूर मनीष कुमार पलामू के सतबरवा थाना क्षेत्र के पोलपोल का रहने वाला है. मनीष कुमार नेशनल हाइवे फोरलेन के टोल निर्माण में मजदूरी का कार्य करता है. मनीष मंगलवार को टोल निर्माण स्थल पर था इसी क्रम में बाइक सवार अपराधी मौके पर पहुंचे थे और फायरिंग की. इसी फायरिंग में मनीष के पैर में गोली लगी है. जख्मी मनीष ने बताया है कि अपराधी पहुंचे थे और पूछ रहे थे कि कौन निर्माण कार्य कर रहा है. मौके पर मजदूरों पर हथियार को अपराधियों ने ताना था इसी क्रम में गोली चली है.

घटना की जानकारी मिलने के बाद सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर पहुंची है और पूरे मामले की छानबीन शुरू की है. एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने बताया कि पुलिस सभी बिंदुओं पर छानबीन कर रही है. मनीष मजदूरी कर रहे थे इसी क्रम में उसे गोली मारी गई है. उन्होंने बताया कि पुलिस को छानबीन के दौरान कई जानकारियां मिली हैं, जिसके बाद छापेमारी की जा रही है. दरअसल नेशनल हाइवे 75 फोरलेन का कार्य चल रहा है. सदर थाना क्षेत्र के जोरकट में फोरलेन का निर्माण कार्य चल रहा है. इसी कार्य स्थल पर अपराधियों ने मनीष को गोली मारी है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मौलिक अधिकार व्यक्ति को सरकार की...



लोकतंत्र की आवाज
विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो चीफ)
गिरिडीह, झारखंड। माननीय झालसा रांची के निर्देशानुसार तथा माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह श्री अरविंद कुमार पांडेय एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह श्रीमती सोनम बिश्नोई के आदेशानुसार 90 दिवसीय आउटरिच कार्यक्रम का आयोजन गिरिडीह जिले के गिरिडीह प्रखंड एवं अन्य सभी प्रखंडों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डोर टू डोर कार्यक्रम के दौरान एक कार्यक्रम का आयोजन कालू राम मोदी मेमोरियल वनांचल महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पैनल अधिवक्ता श्री बिपिन कुमार यादव ने बताया कि भारतीय संविधान में मौलिक अधिकार हैं। जिसमें समता का अधिकार,स्वतंत्रता का अधिकार , शोषण के विरुद्ध अधिकार, धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार , संस्कृति और शिक्षा संबंधी अधिकार , संवैधानिक उपचारों का अधिकार । कार्यक्रम में पी एल वी श्री दिलीप कुमार,अशोक कुमार वर्मा, कामेश्वर कुमार, रंजना सिन्हा , संगीता कुमारी,सुबोध कुमार साव,जयप्रकाश वर्मा, संतोष पाठक की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आदेशानुसार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह।

### सिरदला : मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना का प्रखंड स्तरीय कैंप का किया गया आयोजन



लोकतंत्र की आवाज
प्रदीप प्रसाद संवाददाता
सिरदला ।प्रखंड के आदर्श इंटर विद्यालय सिरदला में जिला योजना पदाधिकारी नवादा के निर्देश पर मुख्यमंत्री स्वयं भत्ता योजना लाभुकों के लिए प्रखंड स्तरीय कैंप का आयोजन किया गया। इस कार्य के लिए सभी पंचायत के विकास मित्र को अपने–अपने पंचायत के छात्रों को चयन करने की जिम्मेदारी दी गई थी। जिसमें प्रखंड के प्रमुख, उप प्रमुख, पंचायती राज पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड के जीविका, मुखिया, समिति सदस्य, को चयन के लिए शामिल किया गया था। बीडीओ दीपेश कुमार से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल लाभार्थियों की संख्या 476 है। जिसमें अब्दुल के 36, राजन के 32,सांढ़ मंझगावां के 19, ऊपरडीह के 44, धिरौन्ध के 38, अकौना के 26, खनपुरा के 31, घाघट के 32, सिरदला के 58, खटांगी के 23, चौबे के 38, चौकिया के 40, लौन्द के 11, बड़ागांव के 22, बाँधी के 24, कुल मिलाकर 476 लाभार्थी का चयन किया गया है।

### बूथ अध्यक्ष का हुआ प्रतिक्षण एवं सम्मान समारोह आयोजित



लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर। बुधवार को बिहपुर के एनडीए कार्यालय में राज्य के गन्ना मंत्री कृष्णनंदन पासवान पहुंचेंगे और पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा किया जाएगा सम्मान ।उक्त बाते मंगलवार को विधायक ई.शैलेंद्र ने कही।वहीं इससे पूर्व यहां बिहपुर मंडल के बिहपुर–जमालपुर,बिहपुर मध्य व बिहपुर पूरब शक्तिकेंद्र के बूथ अध्यक्षों व सदस्यों का प्रशिक्षण व सम्मान हुआ।नवगछिया पुलिस जिला भाजपा के मुख्य प्रो. गौतम व विस संयोजक दिनेश यादव ने प्रशिक्षण दिया।इस मौके पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष रूपेश कुमार रूप,प्रभुनंदन चौधरी व कुमार गौरव ने बताया कि दस जनवरी को बिहपुर दक्षिण व बभनगामा शक्तिकेंद्र के बूथ अध्यक्षों व सदस्यों का प्रशिक्षण व सम्मान होगा।इस मौके पर बिहपुर मुख्यालय मंडल अध्यक्ष दिलीप महतो,उत्तरी मंडल के ब्रजेश चौधरी समेत अजय उर्फ माटो,लालमोहन,सिंटू,सदानंद मंडल व शुभम कुमार ने बताया कि इस प्रशिक्षण में बूथ कमेटी को पन्ना प्रमुख,मन की बात प्रमुख,लाभार्थी प्रमुख,व्हाट्सएप ग्रुप प्रमुख,बीएल टू समेत बूथ के प्रमुख बनाने व उसके कार्यों की जानकारी दी जा रही है।बूथस्तर पर जाति व सामाजिक समीकरण समेत कितने वोटर मतदाता सूची से हैं व कितने नहीं जुड़े हैं उसका पूरा ब्यौरा तैयार करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।इस मौके पर बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।वहीं बताया गया कि कल/गुरूवार को उक्त बाते शुक्रवार को राज्यसभा सांसद सह बिहार भाजपा के सह प्रभारी दीपक प्रकाश व क्षेत्रीय प्रभारी सह प्रदेश महामंत्री मिथिलेश तिवारी भी बिहपुर एनडीए कार्यालय पहुंच रहे है।

### आयुष्मान योजना के तहत प्रदेश में सबसे ज्यादा अस्पताल सूचीबद्ध, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने दी जानकारी



लोक तंत्र की आवाज
रत्ना
लखनऊ। आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा अस्पताल सूचीबद्ध हैं जिनमें 2949 सरकारी और 2885 निजी अस्पताल शामिल हैं। इस योजना के तहत पात्र मरीजों को पांच लाख रुपये तक निशुल्क इलाज मुहैया कराया जा रहा है और अब तक 53.93 लाख पात्र मरीजों को निशुल्क इलाज मिल चुका है जिसमें 8483 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। पात्र मरीजों को पांच लाख रुपये तक निशुल्क इलाज मुहैया कराया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अधिक से अधिक पात्र मरीजों को इलाज मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं।उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में कुल 5,834 अस्पतालों में आयुष्मान योजना संचालित हो रही है। योजना में 2,949 सरकारी व 2,885 निजी अस्पताल सूचीबद्ध हैं। प्रदेश के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेज, जिला स्तरीय चिकित्सालयों एवं समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को योजना के तहत सूचीबद्ध किया जा चुका है।

### यूपी के शिक्षकों के लिए जरूरी खबर! अब एक से दूसरे जिले में हो सकेंगे तबादले, नीति जारी

लोक तंत्र की आवाज
सतीश
लखनऊ। उत्तर प्रदेश के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों के अंतर जनपदीय पारस्परिक तबादले की प्रक्रिया शीतकालीन अवकाश में शुरू होगी। नई नीति में सेवा अवधि की बाध्यता हटाई गई है। शिक्षकों को ऑनलाइन आवेदन कर आपसी सहमति से जोड़ा बनाना होगा। प्रक्रिया तीन माह में पूरी होगी और ग्रीष्मकालीन अवकाश में कार्यमुक्त किया जाएगा। अनुशासनात्मक मामलों के शिक्षकों का स्थानांतरण बाद में होगा।आवेदन और शिक्षकों के स्थानांतरण का कार्य तीन माह में पूर्ण होगा। ग्रीष्मकालीन अवकाश में शिक्षक कार्य मुक्त किए जाएंगे ताकि छात्रों की पढ़ाई प्रभावित न हो।बेसिक शिक्षा विभाग ने सोमवार को अध्यापकों के अंतर जनपदीय पारस्परिक स्थानांतरण की नीति जारी कर दी है।

# आदित्य नारायण झा पुनः अररिया के भाजपा जिला अध्यक्ष बने, संगठन ने किया ऐलान

## संगठन महापर्व के समापन पर आदित्य नारायण झा का निर्विरोध चयन

लोक तंत्र की आवाज



**अररिया** ।अररिया जिले में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में एक नया अध्याय शुरू हुआ है। पार्टी के जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण झा को एक बार फिर से भा.ज.पा. जिला अध्यक्ष के पद पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया है। इस महत्वपूर्ण घोषणा के साथ ही संगठन ने अपने महापर्व का समापन किया, जो भाजपा के मजबूती के संदेश को स्पष्ट करता है।

अररिया भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित एक भव्य बैठक के दौरान, बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री नीरज कुमार सिंह बबलू, अररिया के सांसद प्रदीप कुमार सिंह, भा.ज.पा. प्रदेश महामंत्री मिथिलेश कुमार तिवारी, अररिया चुनाव प्रभारी स्वदेश यादव, और सिकटी विधायक विजय कुमार मंडल सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**निर्विरोध चयन और सम्मान का पल :** इस ऐतिहासिक बैठक में नीरज कुमार सिंह बबलू और प्रदीप कुमार सिंह की उपस्थिति में आदित्य नारायण झा के नाम की औपचारिक घोषणा की गई। मंत्री नीरज कुमार सिंह बबलू ने आदित्य नारायण झा के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा, ₹आपके नेतृत्व में अररिया भाजपा और मजबूत होगी। आपकी नेतृत्व क्षमता से हम अपने राजनीतिक उद्देश्यों में सफल होंगे। आदित्य नारायण झा ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा, ₹यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे आप सभी का समर्थन मिला और मुझे पुनः भाजपा जिला अध्यक्ष बनने का अवसर प्राप्त हुआ। मैं पार्टी द्वारा दिये गए प्रत्येक दिशा–निर्देश पर पूरी निष्ठा से काम करूंगा और संगठन को और सशक्त बनाने के लिए कड़ी मेहनत करूंगा। उन्होंने आगे कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनाव 2025 में भाजपा को जीत दिलाना है और संगठन को न केवल मजबूत करना है, बल्कि कार्यकर्ताओं के बीच एकजुटता और सामूहिक सोच को भी प्रोत्साहित करना है।

**बधाई देने वालों का जमावड़ा :** इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आदित्य नारायण झा को उनके यशस्वी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। अररिया सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने कहा, ₹आपके नेतृत्व में अररिया जिला भाजपा पहले से कहीं ज्यादा सशक्त होगी। हम विश्वास करते हैं कि आगामी विधानसभा चुनाव में हम जीत हासिल करेंगे।₹ वहीं, सिकटी विधायक विजय कुमार मंडल ने आदित्य नारायण झा को माला पहनाकर उन्हें बधाई दी और उनकी कार्यशैली की सराहना की। इसके अलावा, पंडित अजय कुमार झा, समरनाथ सिंह, शंभु प्रसाद साह, पूर्व प्रमुख विजय यादव, डा. सुष्मिता ठाकुर, मो. याकूब आलम, महलगांव मुखिया संजय यादव, जुबेर आलम, सौरगांव पंचायत के पूर्व मुखिया मनोज कुमार सिंह, और नागेश्वर यादव ने भी उन्हें बधाई देते हुए उनके कार्यकाल की सफलता की कामना की। बैठक में यह भी चर्चा की गई कि आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी को कैसे और अधिक सशक्त बनाया जाए। आदित्य नारायण झा ने पार्टी के कार्यकर्ताओं को साथ मिलकर काम करने के लिए प्रेरित किया और कहा, ₹हम सब मिलकर भाजपा को और मजबूत बनाएंगे और आगामी चुनावों में हम शानदार परिणाम हासिल करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा संगठन एक नए दृष्टिकोण के साथ बिहार की जनता के बीच अपनी विचारधारा को लेकर पहुंचेगा और पार्टी के कार्यकर्ता हर स्तर पर लोगों तक पार्टी की योजनाओं को पहुंचाने का काम करेंगे।

**भविष्य में विजय की उम्मीद :** सभी ने आदित्य नारायण झा के नेतृत्व में भाजपा को आने वाले समय में और अधिक ताकतवर बनने का विश्वास जताया। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि आदित्य जी के नेतृत्व में अररिया भाजपा की ताकत और बढ़ेगी, जिससे आगामी विधानसभा चुनावों में पार्टी शानदार प्रदर्शन करेगी।

**नए नेतृत्व के साथ भाजपा का मिशन :** इस पूरे घटनाक्रम से यह साफ हो गया है कि भाजपा अररिया में एक नए सिरे से अपनी राजनीति को धार देने की योजना बना रही है, और आदित्य नारायण झा के नेतृत्व में भाजपा संगठन को अपने और अपने कार्यकर्ताओं की निष्ठा और विश्वास को लेकर मजबूती मिलेगी। अंत में, आदित्य नारायण झा को पुनः जिला अध्यक्ष बनने पर बधाई देने वालों की लंबी सूची में हर पार्टी कार्यकर्ता शामिल था, जिनमें वरिष्ठ नेता, विधायक, और स्थानीय पदाधिकारी शामिल थे। संगठन में एकता और कार्यकर्ताओं के उत्साह से यह स्पष्ट है कि भाजपा आगामी विधानसभा चुनाव में जीत के लिए पूरी तरह तैयार है।

# बिजनौर नगीना नोडल अधिकारी प्रमोद देशवाल ने किया क्लीनिक सील



लोकतंत्र की आवाज

सूत्रों के अनुसार झोलाछाप डॉक्टरों की क्लीनिक पर छापा मारने से पूर्व ही फोन पर अपने सभी काली कमाई से जुड़े झोलाछाप डॉक्टर को फोन करके किया सतर्क। गृह जनपद में तैनाती होने का मुख्य कारण बना झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई करने में असफलता के कारण विवादों से घिरे रहते हैं नोडल अधिकारी प्रमोद देशवाल

रिपोर्ट मुकेश सिंह
**कोतवाली देहात।** नगीना नोडल अधिकारी डॉक्टर प्रमोद देशवाल ने झोलाछाप चिकित्सकों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए एक क्लीनिक सील कर दिया। इस छापेमारी के दौरान कई तहसील नगीना ब्लॉक कोतवाली क्षेत्र के कई गांव के झोलाछाप डॉक्टर नोडल अधिकारी के क्षेत्र में छापेमारी की सूचना पहले ही प्राप्त होने पर अपना क्लीनिक बंद करके भाग गए जिससे नगीना नोडल अधिकारी की कार्यशैली पर सवालिया निशान बनता है।

जबकि गांव में 11 दिन पूर्व एक बच्चे की झोलाछाप डॉक्टर द्वारा इंजेक्शन लगाने से मौत हो गई थी। नगीना नोडल प्रभारी डॉक्टर प्रमोद देशवाल ने ग्राम इस्लामाबाद में छापामारी की। इस दौरान उन्होंने गांव में डॉक्टर सनी बंगाली का क्लिनिक सील कर दिया। डॉ प्रमोद देशवाल ने बताया कि उक्त चिकित्सक को पूर्व में नोटिस दिया गया था लेकिन चिकित्सक कोई भी वैध प्रमाण पत्र नहीं दिखा पाया। इसके बाद कार्यवाही करते हुए क्लिनिक सील कर दिया गया है। इस दौरान गांव में मौजूद पांच अन्य चिकित्सक अपनी दुकान बंद करके भाग गए। डॉक्टर प्रमोद देशवाल ने बताया कि सील किए गए क्लीनिक संचालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। साथ ही क्षेत्र में सघन अभियान चलाकर झोलाछाप चिकित्सकों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। ग्राम इस्लामाबाद में 11 दिन पूर्व 14 महीने के बच्चे हितांशु पुत्र चेतन को एक डॉक्टर द्वारा इंजेक्शन लगाया गया था। जिसके बाद बच्चे की मौत हो गई थी। इस संबंध में बच्चे के पिता चेतन ने 1076 पर शिकायत दर्ज कराई थी।

# उत्तराखंड पुलिस की गौतस्करों के साथ मुठभेड़ में बदमाश के पैर में लगी गोली



लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह
**हरिद्वार।** जनपद हरिद्वार कप्तान की लीडरशिप में लगातार निखर रही हरिद्वार पुलिस की कार्यशैली नए साल के शुरूआत से ही अपराधियों पर हावी दिख रही हरिद्वार पुलिस बीते वर्ष भी बदमाशों के खिलाफ रहा था हरिद्वार पुलिस का पलड़ा भारी थाना भगवानपुर क्षेत्रांतर्गत चेकिंग कर रही पुलिस टीम पर बदमाश ने किया फायर, पुलिस की जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में लगी गोली 10000 का इनामी भी है गौतस्कर बदमाश इस्तेकार उर्फ अमरुद उर्फ लौटा पुत्र इरफान निवासी ग्राम सिकरौडा, भगवानपुर, हरिद्वार बदमाश पर गौतस्करी समेत चोरी व डकैती के मुकदमे भी हैं दर्ज

# दरभंगा वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित

लोकतंत्र की आवाज



मुरारी झा
**दरभंगा ।** वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा दिसंबर माह– 2024 की मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन पुलिस कार्यालय दरभंगा में किया गया। जिसमे नगर पुलिस अधीक्षक, दरभंगा/सहायक पुलिस अधीक्षक/सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी/ पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय/पु0 उपाधीक्षक–रक्षित/ पु0 उपाधीक्षक–यातायात/सभी अंचल पुलिस निरीक्षक/सभी थानाध्यक्ष /एवं सभी शाखा के प्रभारी शामिल हुए ।

वरीय पुलिस अधीक्षक, दरभंगा के द्वारा थानाबार पूर्व से लंबित कांड /दिसंबर माह में प्रतिवेदित कांड/दिसंबर माह में निष्पादित कांडों की शीर्षवार क्रमशः हत्या, डकैती, लुट, दहेज हत्या समीक्षा की गई लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन हेतु कतिपय निर्देश दिए गए खासकर प्रतिवेदित कांडो से 2.5 गुना से अधिक लंबित न रहे इस संबंध में दिशा निर्देश दिया गया` एवं SC/ST (60 दिनों के अंदर)/पॉस्को/सड़क दुर्घटना के कांडों को निर्धारित समय सीमा के अन्दर निष्पादित करने के निर्देश दिया गया। त्वरित गति से निष्पादन हेतु काण्ड में अभियुक्तों की गिरफ्तारी वारंट/इश्तेहार /कुर्की को लेकर एवं विशेष/अविशेष कांडो में पर्यवेक्षण टिप्पणी निर्गत करने हेतु भी आवश्यक निर्देश दिया गया ।

प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को अनुसन्धान मीटिंग में वरीय पदाधिकारी/प्रवेक्षी पदाधिकारी/ थानाध्यक्ष द्वारा सभी अनुसंधानकर्ता से जख्म जांच रिपोर्ट, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, FSL रिपोर्ट, वारंट, इश्तेहार,कुर्की के कारण लंबित कांडो का रिपोर्ट लेंगे एवं राज्य से बाहर अभियुक्त की गिरफ्तारी के कारण लंबित कांडों का रिपोर्ट लेंगे एवं कांड निष्पादन में त्वरित गति से निष्पादन के दिशा में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया ।सीसीए, गुंडा, डोसियर प्रस्ताव एवम् शराब कांडो में एक माह से पहले सभी शराब कांडो में जब्त शराब का शराब विनष्टिकरण राजसात प्रस्ताव सात दिनों के अंदर भेजने हेतु हिदायत किया गया। धारा –107 इठरर के तहत कांड में वांछित अभियुक्तों का चिन्हित कर प्रतिवेदन देने हेतु सभी थानाध्यक्षों को सूची देने के लिए निर्देशित किया गया। आगामी सरस्वती पूजा 2025 को लेकर अभी से ही तैयारी करने संबंधित थाना अध्यक्ष को दिशा निर्देश दिया गया । दिनांक 11.01.25 को माननीय मुख्यमंत्री के भ्रमण कार्यक्रम के अवसर पर विधि व्यवस्था एवं शश्क्ष सुरक्षा को लेकर समीक्षात्मक बैठक कर निर्देशित किया गया । सभी थानाध्यक्षों को अपने–अपने थाना के अनुसंधानकर्ताओं को ई– साक्ष्य ऐप का रजिस्ट्रेशन करवाने एवं मोबाइल में डाउनलोड करने का दिशा निर्देश दिया गया। पुलिस थाने में आने वाले परिवादी के साथ पुलिस कर्मी संवेदनशीलता के साथ बात करे एवं उनकी समस्या सुनकर हर संभव समाधान करने का प्रयास करे।

# डीडीसी ने जगतपुर तालाब स्थल का किया दौरा

लोकतन्त्र की आवाज



केदार नाथ पाण्डेय
**भागलपुर।** प्रदीप सिंह, भा.प्र.से.,उप विकास आयुक्त, भागलपुर ने ऊफ्ळअ की टीम के साथ नवगछिया अनुमंडल के जगतपुर तालाब स्थल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने तालाब स्थल के संभावित पर्यटन स्थल के रूप में विकास के लिए व्यापक योजनाओं पर चर्चा की। इस तालाब को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का उद्देश्य है ' यहां पर पर्यटकों के लिए सभी सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करना है, ताकि यह स्थल न केवल स्थानीय बल्कि बाहरी पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बने। साथ ही जल– जीवन– हरियाली अभियान के तहत पर्यावरण के संरक्षण की दिशा में भी यह परियोजना एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगी '

इस विकास परियोजना में तालाब के चारों ओर दर्शनीय स्थलों, पथ (सड़क), पक्षी अवलोकन स्थल और पर्यटकों के लिए बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था की जाएगी। इसके अतिरिक्त पर्यटकों के विश्राम और सुरक्षा के लिए विभिन्न प्रकार की सुविधाओं का निर्माण भी प्रस्तावित है। इस अवसर पर नवगछिया अनुमंडल पदाधिकारी, निदेशक DRDA, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा और सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। उप विकास आयुक्त ने इस परियोजना की महत्ता को बताते हुए कहा कि यह पर्यटन स्थल न केवल स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न करेगा, बल्कि यह जिले के आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सभी अधिकारियों ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना के शीघ्र क्रियान्वयन के लिए कार्य योजना बना कर त्वरित कार्य करने की प्रतिबद्धता को जताया। इसके अतिरिक्त पर्यटकों की सुरक्षा और निर्मित संरचना के संरक्षण के सभी पहलुओं पर ध्यान देने की बात भी की गई। यह परियोजना जल्द ही विकास की दिशा में कदम बढ़ाने वाली है और इसके सफल क्रियान्वयन से न केवल नवगछिया क्षेत्र को, बल्कि पूरे भागलपुर जिले को पर्यटन के क्षेत्र में एक नई पहचान मिलेगी।

# मारपीट में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान हुई मौत, सड़क जाम

लोकतंत्र की आवाज



● वारिसलीगंज के सिमरी बिगहा के ढिमरापर दो जनवरी को मारपीट की घटना में हुए थे जख्मी

अभय कुमार रंजन
**वारिसलीगंज (नवादा)।** वारिसलीगंज नगर परिषद क्षेत्र अन्तर्गत सिमरी बिगहा के ढिमरापर दो जनवरी को घटित मारपीट की घटना में जख्मी युवक की मौत इलाज के दौरान सोमवार की रात्रि पटना में हो गई है।मंगलवार को शव गांव पहुंचते ही आक्रोशित परिजनों तथा ग्रामीणों ने शव को एसएच–83 वारिसलीगंज बाईपास स्थित आरओबी के समक्ष सड़क पर रखकर आवागमन अवरुद्ध कर दिया।सड़क जाम कर रहे लोगों ने मृतक के आश्रित को उचित मुआवजा के अलावा पुलिस अधीक्षक को जाम स्थल पर आने की मांग पर अड़े थे। जानकारी के अनुसार 2 जनवरी की सुबह भैस का दूध निकाल रहे सिमरी बिगहा के टोला ढिमरापर ग्रामीण स्व परमेश्वर यादव का 40 वर्षीय पुत्र सुनील यादव को गांव के ही कुछ युवकों द्वारा मारपीट कर जख्मी कर दिया गया था।

जख्मी को इलाज के लिए स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया,जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार बाद विम्स पावापुरी रेफर कर दिया था।लेकिल जख्मी की स्थिति गंभरी देखते हुए स्वजनों ने बेहतर इलाज के लिए पटना स्थित किसी निजी नर्सिंग होम में भर्ती करवाया था,जहां इलाज के क्रम में युवक की मौत हो गई।इस बीच 3 जनवरी को जख्मी की पत्नी नीलम देवी के आवेदन पर मुहल्ले के 8 लोगों विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। वहीं दूसरे पक्ष के लोगों ने घटना के दिन ही मृतक सुनील समेत चार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करवाया था। मंगलवार की दोपहर बाद सुनील का शव सिमरी ढीमरा गांव लाया गया,शव पहुंचने के उपरांत मुहल्ले के युवकों ने शव को सड़क पर रखकर उचित मुआवजा की मांग करते हुए जाम स्थल पर पुलिस अधीक्षक के आने की मांग पर अड़े थे।शाम तक सड़क जाम था,जबकि मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष सतीश कुमार उर्फ मंटन सिंह,विधायक प्रतिनिधि शैलेंद्र सिंह तथा भाजपा नेता संजय कुमार मंगल समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि के अलावा सीओ,बीडीओ एवं पुलिस अधिकारी ससस्त्र बलों ने सड़क जाम कर रहे लोगों को समझाने–बुझाने में जुटे थे।केकरा भरोसे हम जियवौ हो रजवा, के हमर बेटवा के पढ़ावत हो रजवा का विलाप से माहौल हुआ गमगीन वारिसलीगंज नगर परिषद के वार्ड संख्या–15 स्थित सिमरी बिगहा के ढिमरापर मुहल्ला निवासी 40 वर्षीय सुनील यादव की मौत से आहत पत्नी नीलम देवी का रो–रोकर बुरा हाल हो रहा था।पति की मौत बाद अपने छोटे–छोटे बच्चों के भरण पोषण एवं पढ़ाई–लिखाई को लेकर चिंतित महिला पति के शव से लिपट कर विलाप कर रही थी। अब हमर बेटवा के पालन–पोषण के करतय हो रजवा, हमर जिंदगिया कइसे कटतै हो रजवा,विधवा बनी नीलम के आदि–आदि विलाप सुनकर हर व्यक्ति के आंख से आंसु बह रहा था।स्वजनों ने बताया कि परमेष्वर यादव को पांच बेटी के बाद एक मात्र पुत्र सुनील हुआ था,जो खेती–बारी कर अपने परिवार का भरण–पोषण किया करता था। सुनील को तीन नावालिग पुत्र एवं तीन वर्ष की एक पुत्री है। ग्रामीणों के अनुसार सुनील काफी नेकदिल इंसान था।नए वर्ष आगमन का जश्न मनाने के क्रम में गांव के कुछ युवक आपस में उलझ रहे थे, जिसे छुड़ाने गए सुनील से कुछ युवक उलझ गए।

बाद में ग्रामीणों के द्वारा झगड़ा शांत करवा दिया गया था, परंतु दो जनवरी की अहले सुबह भैस दुह रहे सुनील को टारगेट कर बुरी तरह से पिटाई कर जख्मी कर दिया,जिसकी इलाज के क्रम में सोमवार की रात्रि पटना के एक प्राइवेट नर्सिंग होम में मौत हो गई।जाम को हटाने के लिये स्थानीय पुलिस एवं अधिकारी प्रयास में जुटे दिखे।वही घटनास्थल पर पहुंचे डीएसपी महेश चौधरी ने लोगों को समझा बुझाकर आवागमन को चालू करवाया।एवं घटना में संलिप्त रहे अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर परिजनों को आश्वासन दिया।उन्होंने कहा कि घटना की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# दरभंगा प्रमंडल ब्राह्मण कुंभ 15 जनवरी को दलान रिसोर्ट की तैयारी अंतिम चरण में: ई. आशुतोष कुमार झा

लोक तंत्र की आवाज



मुरारी झा
**दरभंगा।** बिहार के ब्राह्मण समाज की एकता और सामाजिक समृद्धि को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा और परशुराम सेवा संस्थान द्वारा आयोजित होने वाले ब्राह्मण कुंभ का आयोजन अब दरभंगा प्रमंडल में भी होने जा रहा है। यह ऐतिहासिक और भव्य आयोजन 15 जनवरी 2025 को दलान रिसोर्ट, दरभंगा में आयोजित होगा। इस आयोजन में मधुबनी, झंझारपुर, दरभंगा और समस्तीपुर जिलों के ब्राह्मण समुदाय के लोग एकत्रित होंगे और इस अवसर पर मकर संक्रांति महोत्सव के साथ साथ ब्राह्मण समाज की सांस्कृतिक धारा को आगे बढ़ाने का संकल्प लेंगे।

राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय संयोजक, ईङ्क आशुतोष कुमार झा ने बताया कि, ₹हमने 17 दिसंबर 2023 को पटना के बापू सभागार में आयोजित ब्राह्मण स्वाभिमान सम्मेलन में यह संकल्प लिया था कि हम पूरे देश में ब्राह्मण महाकुंभ आयोजित करेंगे। उसी संकल्प को पूरा करने की दिशा में अब हम प्रमंडलीय स्तर पर ब्राह्मण कुंभ का आयोजन कर रहे हैं।₹ उन्होंने बताया कि इस कुंभ के आयोजन के बाद, जिलों में कार्यकारिणी गठन का कार्य शुरू किया जाएगा, जिससे ब्राह्मण समाज की संरचना और उसकी एकजुटता को और मजबूत किया जा सके।

इससे पहले, 15 दिसंबर 2023 को पटना के विद्यापति भवन में पटना प्रमंडलीय ब्राह्मण कुंभ और अखिल भारतीय ब्राह्मण संयुक्त संघर्ष समिति की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक का आयोजन हुआ था, जिसमें देशभर के ब्राह्मण संगठनों के प्रमुख प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस सम्मेलन में ब्राह्मण समाज के विभिन्न हिस्सों के बीच आपसी समन्वय और सहयोग को बढ़ावा देने का मार्ग प्रशस्त हुआ।

दरभंगा प्रमंडल ब्राह्मण कुंभ में मधुबनी, झंझारपुर, दरभंगा और समस्तीपुर जिलों के सक्रिय ब्राह्मण सदस्य भाग लेंगे। यह आयोजन न केवल एक सांस्कृतिक उत्सव होगा, बल्कि यह समाज में एकजुटता और एक दूसरे के प्रति भाईचारे को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा। ईङ्क आशुतोष कुमार झा ने इस अवसर पर सभी ब्राह्मण समाज के लोगों से आग्रह किया कि वे इस आयोजन में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर ब्राह्मण समाज की ताकत और एकता को और मजबूत बनाएं।

**आगामी आयोजनों का एलान:** दरभंगा प्रमंडल के बाद, अन्य प्रमंडलों में भी ब्राह्मण कुंभ आयोजित किया जाएगा। तिरहुत प्रमंडलीय ब्राह्मण कुंभ 9 मार्च 2025 को मुजफ्फरपुर में आयोजित होगा। भागलपुर प्रमंडलीय ब्राह्मण कुंभ का आयोजन 13 अप्रैल 2025 को किया जाएगा। इसके साथ ही, 14 अप्रैल को भागलपुर में परंपरागत सामूहिक उपनयन कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा।

**ब्राह्मण समाज से विशेष अपील:** ईङ्क आशुतोष कुमार झा ने इस अवसर पर सभी ब्राह्मण समाज के वर्गों से आ''ान किया कि वे एकजुट होकर इन आयोजनों में शामिल हों। इन आयोजनों का उद्देश्य सिर्फ धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव मनाना नहीं है, बल्कि समाज के उत्थान, उसकी समस्याओं के समाधान और सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित करना भी है। राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा का यह आयोजन समाज के हर वर्ग को जोड़ने और उसकी समस्याओं के समाधान के लिए एक मजबूत मंच प्रदान करेगा। यह एक ऐतिहासिक कदम होगा जो ब्राह्मण समाज की सामाजिक और सांस्कृतिक धारा को और प्रगति की ओर अग्रसर करेगा।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन–805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर–9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद–विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।